

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 01 अंकः 332 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 11 सितंबर 2022 http://samajjagran.in पेजः 12 मूल्य 05 रुपया


### महिला ग्राम प्रधान, सचिव तकनीकी सहायक पर मुकदमा

## मामला रेवती ब्लॉक के गोपाल नगर का सहायक विकास अधिकारी की तहरीर पर रेवती थाने में दर्ज हुआ मुकदमा

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ**

दैनिक समाज जागरण बलिया : सहायक विकास अधिकारी रेवती ने 12 लाख 24 हजार 927 रुपये के गबन के आरोप में ग्राम प्रधान, सचिव और तकनीकी सहायक पर मुकदमा दर्ज कराया है। विभागीय गलियारे में एडीओ की इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है।

सहायक विकास अधिकारी रेवती विनोद कुमार पांडेय ने गोपाल नगर ग्राम पंचायत के प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी और तकनीकी सहायक के खिलाफ धारा 467, 468, 471 व 409 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी (प्रा.) श्रवण कुमार सिंह ने 5 सितंबर को रेवती ब्लाक की ग्राम पंचायत गोपाल नगर में वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में व्यू पेमेंट बाउचर के अनुसार आहरित धनराशि के सापेक्ष कार्यों की छह बिंदुओं पर जांच की। इसमें गोपाल नगर ग्राम पंचायत में स्ट्रीट लाइट, स्कूल फर्नीचर में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव श्रीप्रकाश कुमार सिंह एवं तकनीकी सहायक द्वारा 284135 रुपया का अतिरिक्त आहरण करने की बात सामने आयी। वहीं, वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं वित्तीय वर्ष 2022-23 में बिना कार्य कराए ही पंचायत सचिव एवं प्रधान द्वारा 940792 रुपया कूटरचित तरीके से आहरण कर शासकीय धनराशिका गबन कर लिया गया है। मामले में ग्राम विकास अधिकारी श्रीप्रकाश कुमार सिंह, ग्राम प्रधान श्रीमती किरन देवी तथा तकनीकी सहायक प्रमोद कुमार सिंह न सिर्फ दोषी पाये गये, बल्कि 12 लाख 24 हजार 927 रुपया सरकारी धन के गबन का आरोप भी तय हुआ। इसी क्रम में सहायक विकास अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने ग्राम विकास अधिकारी श्रीप्रकाश कुमार सिंह (निवासी आमघाट), ग्राम प्रधान श्रीमती किरन देवी पत्नी अभिमन्यु यादव (निवासी गोपाल नगर) व तकनीकी सहायक प्रमोद कुमार सिंह पुत्र स्व. देव नारायण सिंह (निवासी रेवती) के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर पड़ताल शुरू कर दिया है।

## अमिताभ ठाकुर को अविलम्ब सुरक्षा गार्ड मुहैया कराए सरकार : राजेश सिंह

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

बलिया : अधिकार सेना के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश सिंह ने मोदी और योगी सरकार से आग्रह किया कि अधिकार सेना के राष्ट्रीय संयोजक अमिताभ ठाकुर (पूर्व आईपीएस) की सुरक्षा हेतु उनको सुरक्षा गार्ड मुहैया कराया जाए।

राजनीतिक दौरों और इनके पुलिस विभाग में रहने के कार्य काल में विभिन्न प्रकार के अपराधियों के अपराधों पर अकुंश लगाने के कारण बहुत सारे दुश्मन बने हुए हैं। अतः केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों से आग्रह है तत्काल प्रभाव से अमिताभ ठाकुर को कम से कम वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान किया जाए जो कि न्याय सगंत है । इस संदर्भ में मै यह भी कहना चाहूँगा इनके कार्यकाल में सपा सरकार के क्रियाकलापों पर निगाह डालने की जरूरत भी है। उस आधार पर भी इन्हें सुरक्षा की सख्त जरूरत है जोकि जनहित मे ही है। हम अधिकार सेना के सारे कार्यकर्ता सरकार के आभारी रहेंगे। अन्यथा हमें इसी बात को लेकर आंदोलन करना पडेगा जो सरकार के साथ साथ हम अधिकार सेना के लिए भी ठीक नहीं है। देश बदल रहा है इस बदलाव पर हमारी भी अधिकार सेना की भी निगाह है देश की जनता के बेहतरीन के लिए अधिकार सेना सदैव तत्पर हैं और रहेगी।

# सिर्फ कोहिनूर ही नहीं,

## इन 4 बेशकीमती चीजों को भी अपने देश ले गए थे अंग्रेज

किंग चार्ल्स तृतीय को शनिवार को एक्सेशन काउंसिल के एक ऐतिहासिक समारोह में ब्रिटेन का नया महाराज घोषित किया गया. किंग चार्ल्स तृतीय 73 वर्ष की उम्र में महाराज बने हैं. उनकी मां और महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का गुरुवार को 96 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था. महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन की खबर के सुर्खियों में आने के साथ ही ट्विटर पर कोहिनूर हीरा भी ट्रेंड करने लगा.

ट्विटर पर बड़ी संख्या में भारतीय यूजर्स ब्रिटेन से भारत को कोहिनूर हीरा वापस देने की मांग करने लगे. बहुत से लोग मानते हैं कि यह बेशकीमती हीरा, जो ब्रिटेन की रानी के मुकुट पर चढ़ा हुआ है, भारत में वापस आ जाना चाहिए. हालांकि इस सब के बीच यह जानना भी दिलचस्प होगा कि ब्रिटेन के पास बहुत सी चीजें हैं जो उसके औपनिवेशिक शासन के दौरान अन्य देशों से या तो छीन ली गईं या लूट ली गईं. हम आपको कुछ ऐसी ही चीजों के बारे में बता रहे हैं.



**1-अफ्रीका का महान सितारा हीरा**

रानी की कई बेशकीमती संपत्तियों में, 'अफ्रीका का महान सितारा' हीरा शामिल है. यह दुनिया का सबसे बड़ा हीरा है और इसका वजन लगभग 530 कैरेट है. इस मूल्य लगभग 400 मिलियन अमरीकी आंका गया है. अफ्रीका के कई इतिहासकारों के अनुसार, हीरे का खनन 1905 में दक्षिण अफ्रीका में किया गया था और एडवर्ड सप्तम को प्रस्तुत किया गया था. कुछ इतिहासकारों का यह भी दावा है कि हीरा चोरी हो गया था या ब्रिटिश सरकार द्वारा उनके शासनकाल के दौरान लूटा गया. अफ्रीका का महान हीरा वर्तमान में रानी के राजदंड में है.

**2-टीपू सुल्तान की अंगूठी**

टीपू सुल्तान 4 मई 1799 में अंग्रेजों से लड़ते हुए शहीद हो गए थे. माना जाता है कि टीपू सुल्तान की अंगूठी कथित तौर पर उनके मृत शरीर से निकाल ली गई थी. कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, अंगूठी को ब्रिटेन में एक नीलामी में एक अज्ञात बोली लगाने वाले को लगभग 1,45,000 ब्रिटिश पाउंड में बेचा गया था.

**3- रॉसेटा स्टोन**

कोहिनूर को भारत वापस लाने की मांग के बीच, मिस्त्र के कार्यकर्ता और पुरातत्वविद रोसेटा स्टोन को उसकी मातृभूमि यानी मिस्त्र में वापस लाना चाहते हैं. रोसेटा स्टोन वर्तमान में ब्रिटिश संग्रहालय में प्रदर्शित है.

कई स्थानीय समाचार पत्रों के अनुसार, पुरातत्वविदों का दावा है कि वे यह साबित कर सकते हैं कि रोसेटा स्टोन ब्रिटेन द्वारा "चोरी" किया गया था. रोसेटा स्टोन 196 ईसा पूर्व का है और इतिहासकारों के अनुसार, 1800 के दशक में फ्रांस के खिलाफ लड़ाई जीतने के बाद प्रसिद्ध पत्थर ब्रिटेन द्वारा कब्जे में ले लिया गया.

**4. एल्गिन मार्बल्स**

कई मीडिया रिपोर्टों और इतिहास अभिलेखागारों के अनुसार, 1803 में, लॉर्ड एल्गिन ने कथित तौर पर ग्रीस में पार्थेनन की सड़ती दीवारों से पत्थर हटा दिए और उन्हें लंदन ले गए. यही कारण है कि उन कीमती पत्थरों को एल्गिन मार्बल्स कहा जाता है.

## गणेश विसर्जन जारी,कई स्थानों पर सोमवार को भी होगा विसर्जन

समाज जागरण/
शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बिरसा/बालाघाट।(11सितंबर) दस दिवसीय गणेश उत्सव के बाद गणेश जी की प्रतिमा विसर्जन का दौर शुक्रवार से शुरू होकर सोमवार तक जारी रहेगा।बहुत स्थानों पर जो लोग शनिवार को विसर्जन नही कर सके हैं वे लोग आज रविवार के चलते सोमवार को करेंगे।सार्वजनिक समितियों द्वारा जगह जगह पर बैंड बाजे एवं डीजे की धुनों के साथ गणेश जी की प्रतिमा विसर्जन के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली गई इस अवसर पर श्रद्धालुओं के द्वारा नाचते गाते गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जय घोष के साथ प्रतिमा का विसर्जन नदी तालाब व नगर पालिका द्वारा बनाए गए कुंड में किया गया। बिरसा तहसील अंतर्गत ग्राम पल्हेरा में गुरुवार को समस्त ग्राम के कनिष्ठ वरिष्ठ महिला, पुरुष एवं युवाओं द्वारा विशाल हवन पूजन का आयोजन कर गणेश उत्सव स्थल पर महा प्रसादी का भी आयोजन किया गया साथ ही रात के 8:00 बजे रामायण मंडली समापन कार्यक्रम किया गया, रामायण मंडली समापन के तुरंत बाद छोटे-छोटे बालक बालिकाओं के द्वारा रिकॉर्डिंग डांस कार्यक्रम रखा गया था,समितियों द्वारक लगभग 20 नन्हे मुन्ने कलाकारों को पुरस्कृत किया गया,गणपति जी की प्रतिमा का विसर्जन करने के लिए डीजे के धुन पर नाचते गाते हुए देर शाम पल्हेरा के समीप जमुनिया नदी ले जाया गया जहां पर गणपति जी की प्रतिमा का विसर्जन करने सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासियों के साथ ग्राम अध्यक्ष मंतू लाल पंचेश्वर, उपाध्यक्ष शंकर लाल चौधरी गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष नंदलाल पंचेश्वर उपाध्यक्ष भुवन लाल कावरे कोषाध्यक्ष सियाराम पंचेश्वर सचिव उमेश मराठे,चंदन पंचेश्वर, छैयालाला मराठे, मनतलाल चौधरी,सयार्लाल पंचेश्वर,अशोक चौधरी,लेखराम मराठे,महेंद्र पंचेश्वर,रामलाल खेरवार, शन्तलाल पंचेश्वर,तरेंद्र जामरे,हनुमत पंचतिलक,सत्रुघन खेरवार,फगुलाल मनेश्वर,राजेंद्र चौधरी,बालकृष्ण मनेश्वर,रमेश गिरी, डिलेश मनेश्वर,मुकेश खेरवार,लक्ष्मण खेरवार,विकाश पंचेश्वर,देवेन्द्र मराठे,आशाराम सहारे,महिपाल सहारे, सहाबू लाल सहारे,तिलक पंचेश्वर,संतोष खेरवार,प्रेमलाल पंचेश्वर,बाबूराम पंचतिलक,हेमंत पंचेश्वर, देबिलाल पंचतिलक,महेश पंचतिलक,राकेश चौधरी,मूलचंद कावरे,रामप्रसाद कावरे,दिलीप कावरे,मुकेश संडिल्य साथ ही महिलाए एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित हुए।



## असम करीमगंज जिले के भाजपा नेता शिप्रागुन के पास लोगों ने शिकायत की।

### *सरकारी हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक फयेज जलील ने सरकारी आदेशों की अवहेलना करने के आरोप लगाया।*

**असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण :** करीमगंज जिले के सरकारी हाई स्कूल मे सरकारी गाइडलाइन तौर निजी मनमानी कर हर शुक्रवार को अनुपस्थित रहने के अलावा एक साल के मध्याह्न भोजन और छात्रों की वर्दी सहित विभिन्न धन की हेराफेरी करने का आरोप लगाया गया है। दक्षिण करीमगंज विधानसभा अंतर्गत बरुआला जीपी के वार्ड नंबर 10 के डलुरभंड क्षेत्र में फयेज जलील सीनियर मदरसा को अब हाई स्कूल में बदल दिया गया है, लेकिन वास्तव में स्कूल अभी भी पुराने नियमों के अनुसार शुक्रवार को ही नाम से खुला रहता है. इस दिन शुक्रवार की नमाज के बहाने प्रधानाध्यापक समेत सभी शिक्षक घंटों अनुपस्थित रहते हैं। यहां तक कि प्रधानाध्यापक राशिद आहमद तालुकदार ने भी हर शुक्रवार को नमाज के बाद यानी दोपहर दो बजे स्कूल छुट्टी दिया जाता है। सबसे बड़ी बात यह है एक साल के मध्याह्न भोजन और छात्रों की यूनिफॉर्म समेत विभिन्न फंडों का गबन का आरोप लेकर लोग भाजपा नेता शिप्रागुन के पास आए हैं. इस संबंध में भाजपा नेता ने आज मीडिया से बात करते हुए कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा जहां मुस्लिम लड़कों और लड़कियों को शिक्षित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, वहीं प्रधानाध्यापक राशिद अहमद तालुकदार अपने कर्तव्यों से बाग रहे हैं और विभिन्न कहीं फंड गबन कर रहे हैं। मध्याह्न भोजन और छात्रों की वर्दी सहित फंड। भले ही इस मदरसे को सरकार ने हाई स्कूल में तब्दील कर दिया हो, लेकिन छात्रों को शिक्षकों के नाम तक नहीं पता हैं. जहां करीब बीस शिक्षक हैं, वहां शुक्रवार को प्रार्थना के नाम पर बैठकें अनुपस्थित रहती हैं और छात्र पढ़ने-लिखने में लुडू में व्यस्त रहते हैं। स्थानीय लोगों ने इन अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाई लेकिन शिक्षकों ने विभागीय अधिकारियों के प्रबंधन से लोगों को धमकाया प्रधानाध्यापक राशिद आहमद तालुकदार ने. राज्य की सत्ताधारी पार्टी की महिला नेता शिप्रा गुन ने सभी शिकायतों की सतही जांच के बीच में सख्त दंडात्मक कदम उठाने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के हस्तक्षेप की मांग की.




## शहीद के सम्मान में आयोजित रक्तदान शिविर में 79 युवाओं ने किया रक्तदान

**समाज जागरण/**

झज्जर : जिला मुख्यालय के अंतिम छोर पर बसे वीरों की देवभूमि कहे जाने वाले गांव धरौली की सामाजिक संस्था मां-मातृभूमि सेवा समिति द्वारा 1965 भारत-पाक युद्ध में 6 सितंबर 1965 में देश की रक्षा के लिए लड़ते हुए शहीद हुए गांव धारौली के हवा सिंह लांबा के सम्मान में गांव धारौली के दादा जोहड़ वाले भवन में आयोजित रक्तदान में श्रीमती शर्मिला लांबा सहित 79 युवाओं ने रक्तदान किया ।

मां-मातृभूमि सेवा समिति, वीरों की देवभूमि धारौली के अध्यक्ष युद्धवीर सिंह लांबा ने जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के तौर पर रिलायंस डेवलपमेंट पब्लिक स्कूल, गिरधरपुर के चेयरमैन श्री सुखबीर जाखड़ उपस्थित हुए । रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि श्री सुखबीर जाखड़ ने स्वयं भी रक्तदान किया और कहा कि हमारे द्वारा दी गई रक्त की चंद बूंदों से अनमोल जिंदगियों को बचाया जा सकता है, इसलिए हर एक व्यक्ति को जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए।



विशिष्ट अतिथि 1: के रूप में 29 बार रक्तदान कर चुके रक्तदानी नितेश भौरिया जी, अर्बन युवा र-ेडीमेड स्टोर, कोसली में कपड़ों की मशहूर दुकान ने शिरकत की। रक्तदानी नितेश भौरिया जी ने कहा कि कुछ लोग रक्तदान करने से डरते है, जबकि निःसंकोच रक्तदान करना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि 2 : के रूप में 16 बार रक्तदान कर चुके मास्टर श्री धर्मवीर नाहरवाल गांव छप्पार ने शिरकत की। मास्टर श्री धर्मवीर नाहरवाल ने कहा कि इस प्रकार के शिविर का आयोजन समय समय पर होना चाहिए।

शिक्षा के साथ साथ सामाजिक सरोकार का दायित्व भी बेखुबी निभा रहे मास्टर श्री हरबीर मल्हान जी, गिरधरपुर निवासी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता ।रक्तदान शिविर में पहुंचे मास्टर श्री हरबीर मल्हान जी ने कहा कि रक्तदान महादान है, इसलिए समय-समय पर सभी को रक्तदान करना चाहिए। दान किए गए रक्त से कई लोगों की जिंदगी बच सकती है। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी दिल्ली की ब्लड बैंक की टीम रक्त लेने के लिए आई व रक्तदाताओं की भूरी भूरी प्रशंसा की। जिला रैडक्रास सोसायटी, झज्जर के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में 79 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

रक्तदानी कमलजीत जी कोसली ने रक्तदान शिविर में 22वी बार रक्तदान किया, भाई साहब मुकेश यादव अंबोली ने शिविर में 20वी बार रक्तदान किया । मां-मातृभूमि सेवा समिति, वीरों की देवभूमि धारौली के अध्यक्ष युद्धवीर सिंह लांबा ने भी रक्तदान शिविर कार्यक्रम में 18वीं बार रक्तदान किया ।

रक्तदान शिविर के आयोजन को सफल बनाने के लिए रक्तदानी मास्टर हरबीर मल्हान गिरधरपुर निवासी, मास्टर श्री रोहित यादव जी कोसली, धारौली से सोनू मोटर वाइंडिंग सेंटर कोसली तथा कोसली गांव के कमला मेडिकल स्टोर के श्री विक्रम यादव ने सहयोग दिया।






## सूखे की संभावना के दृष्टिगत सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है-राकेश कुमार सिंह

अखिलेश सिंह हरदोई हरदोई। शासन की मंशा एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार क्षेत्र में सूखे की संभावना के दृष्टिगत लेखपालों द्वारा सर्वेक्षण कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कार्य को गति देने के लिए ग्राम निजामपुर, चौधरियापुर, पिथनापुर, बसोलिया, रानीखेड़ा तथा पलिया आदि ग्रामों में लेखपालों द्वारा किये जा रहे सर्वेक्षण कार्य की जाँच की व कार्य का भौतिक सत्यापन किया । उन्होंने कार्य को जल्द पूर्ण कर रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित नायब तहसीलदार, कानून गो व लेखपाल मौके पर उपस्थित रहे।

## मुख्य मंत्री ने दिवंगत विधायक गोला को नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

**मुख्य मंत्री आदित्यनाथ योगी ने दिवंगत विधायक गोला अरविंद गिरी को दी भावभीनी श्रद्धांजलि**

**समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी गोला गोकर्णनाथ --**

जनपद लखीमपुर खीरी के अन्तर्गत आने वाली विधानसभा गोला गोकर्णनाथ से पांचवीं बार भाजपा से रहे विधायक अरविंद गिरी का 6/9/2022 को हार्ड अटैक पड़ने से निधन हो गया था उन्हीं के दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देने गोला पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अरविंद गिरी के आवास पर उनके पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी इस दौरान किसी भी विधायक को घर के अन्दर प्रवेश की अनुमति नहीं मिली बताया जा रहा है कि गोला विधायक अरविंद गिरी का मंगलवार को हार्डअटैक पड़ने से निधन हो गया था उस समय योगी जी ने उनके परिजनों से फोन कर संवेदनाए व्यक्त की थी दिवंगत विधायक के परिजनों ने बताया कि सीएम ने कहा है कि विधायक के जो अधूरे सपने रह गये है उनको पूरा करेंगे ऐसा आश्वासन दिया है। और आपके पूरे परिवार के साथ पार्टी खड़ी है। मुख्य मंत्री का हेलीकाप्टर पब्लिक इंटर कालेज स्थित स्वः राजेन्द्र गिरी स्टेडियम में उतारा सीएम योगी अरविन्द गिरी के परिजनों से मुलाकात करने के बाद गोला गोकर्णनाथ के प्रसिद्ध शिव मंदिर में जाकर दर्शन कर पूजन भी किया इस अवसर मे सभी विधायक भाजपा कार्यकर्ता, गोला गोकर्णनाथ नगर के सम्भ्रांत गणमान्य लोग मुख्यमंत्री जी के आगमन पर जोरदार स्वागत किया और गोला के प्रसिद्ध शिव मन्दिर पूजन में साथ ही साथ लगे रहे।





# श्रद्धांजलि पितरों को



स्व. चंद्रशेखर ओझा

## पिताजी से मिली परिवार समाज के सेवा की प्रेरणा

पौराणिक मान्यता है पितृ पक्ष में पिंड दान करने और जल अर्पण करने से पितरों को मोक्ष मिलता है और वे तृप्त होते हैं। बात सही भी है परंतु मेरा मानना है कि आप अपने पितर यानि (गोलोकवासी पिताजी) के अधूरे कार्यों को पूरा करें और समाज में उनकी मंशा वाले कार्यों को संपादित करें तो उनकी आत्मा को और शांति मिलेगी। मेरे पूज्य पिताजी स्व. चंद्रशेखर ओझा बिहार सरकार के कर्मचारी रहे और सेवानिवृत्ति के बाद ईमानदारी से परिवार और समाज के लिए सदैव कुछ न कुछ बेहतर किया। 16 दिसंबर 2020 को वे गोलोकवासी हो गए। आज मैं भी पूरी श्रद्धा से अपने पिताजी के मार्ग पर बढ़ परिवार और समाज की बेहतरी के लिए कार्य करता हूं। हम चारों भाई पितृपक्ष में अपने पूज्य पिताजी और सभी पूर्वजों को नमन करते हैं।



**शशिकांत ओझा, कपुरी (ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण) बलिया।**

**श्रद्धा के इस पावन पर्व पर आइए अपने पूर्वजों का स्मरण करें। उनकी स्मतियों के सजोना हैं तो हमें लिखिए।**

7489697916 - ojha.jagran@gmail.com

**अधिकतम 150 शब्दों में पूर्वजों के संस्मरण और फोटो अपना परिचय के साथ दें**

## संडे स्पेशल स्टोरी--------

## सरकार को यदि सभी सुविधा चाहिए आनलाइन तो इंटरनेट का प्रबंध करना होगा उत्तम

बलिया : सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता और लेन देन को पारदर्शी बनाने के लिए सरकार सभी सुविधाओं को आनलाइन कर चुकी है या करती जा रही है। पर सरकार आनलाइन सिस्टम की जड़ इंटरनेट सिस्टम पर ध्यान नहीं दे रही है। आवश्यकता है कि सरकार आनलाइन कार्य और लेन-देन को पूर्णतया अपडेट करने के लिए इंटरनेट सेवा को पूरी तरह दुरुस्त करे।




भारत गांवों का देश कहा जाता है। हम केवल यूपी की बात करें तो दुनिया में बहुतेरे देश इससे छोटे हैं। यहां भी सरकार पब्लिक को सभी सुविधा देने के लिए आवश्यक कार्यवाही आनलाइन ही कर रही है। पेंशन से लगायत लाभ के सभी फार्म आनलाइन भरे जा रहे हैं। पेमेंट भी आनलाइन लिया दिया जा रहा है। पब्लिक उतना पढी नहीं यह तो दूसरा विषय है। जगह जगह ग्राहक सेवा केन्द्र और आनलाइन सेवा केंद्र, जनसेवा केन्द्र के नाम से दुकानें खुली है। कुछ लोगों को इस सेवा के माध्यम से रोजगार भी मिला है। केन्द्रों पर बैठे लोग जनता का टाम तो करते हैं पर खासकर ग्रामीण इलाकों में सभी इंटरनेट की सेवा से परेशान हैं। देश 5जी की तरह बढ़ रहा है पर प्रदेश के बहुतेरे इलाकों में अभी 3जी सेवा भी बेहतर रुप से नहीं चल रही। ऐसे में सरकार के कार्यों में व्यवधान भी हो रहा है। आलम तो यह है कि कई योजनाओं का फार्म भरते समय इंटरनेट फेल हो जाता है और वस कार्य रुक जाता है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह सभी जगहों पर इंटरनेट सेवा को बेहतर बनाने के लिए प्रयास करे। आलम यह है कि लोग मोबाइल पर कोई कार्य बिना बाधा के नहीं कर सकते। देश और प्रदेश की आनलाइन सेवा को निर्वाध रूप से चलाने को बेहतर इंटरनेट सेवा की महती आवश्यकता है।

**शशिकांत ओझा (ब्यूरो चीफ)**
**दैनिक समाज जागरण-बलिया**

## महादेवी वर्मा

**महादेवी वर्मा** (जन्मः 26 मार्च, 1907, फर्रुखाबाद; मृत्युः 11 सितम्बर, 1987, प्रयाग) हिन्दी भाषा की प्रख्यात कवयित्री हैं। महादेवी वर्मा की गिनती हिन्दी कविता के छायावादी युग के चार प्रमुख स्तंभ सुमित्रानन्दन पन्त, जयशंकर प्रसाद और सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला के साथ की जाती है। आधुनिक हिन्दी कविता में महादेवी वर्मा एक महत्त्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरीं। महादेवी वर्मा ने खड़ी बोली हिन्दी को कोमलता और मधुरता से संसिक्त कर सहज मानवीय संवेदनाओं की अभिव्यक्ति का द्वार खोला, विरह को दीपशिखा का गौरव दिया, व्यष्टिमूलक मानवतावादी काव्य के चिंतन को प्रतिष्ठापित किया। महादेवी वर्मा के गीतों का नाद-सौंदर्य, पैनी उक्तियों की व्यंजना शैली अन्यत्र दुर्लभ है।

**जीवन परिचय**

महादेवी वर्मा अपने परिवार में कई पीढ़ियों के बाद उत्पन्नहुई। उनके परिवार में दो सौ सालों से कोई लड़की पैदा नहीं हुई थी, यदि होती तो उसे मार दिया जाता था। दुर्गा पूजा के कारण आपका जन्म हुआ। आपके दादा फारसी और उर्दू तथा पिताजी अंग्रेजी जानते थे। माताजी जबलपुर से हिन्दी सीख कर आई थी, महादेवी वर्मा ने पंचतंत्र और संस्कृत का अध्ययन किया। महादेवी वर्मा जी को काव्य प्रतियोगिता में 'चांदी का कटोरा' मिला था। जिसे इन्होंने गाँधीजी को दे दिया था। महादेवी वर्मा कवि सम्मेलन में भी जाने लगी थी, वो सत्याग्रह आंदोलन के दौरान कवि सम्मेलन में अपनी कवितायें सुनाती और उनको हमेशा प्रथम पुरस्कार मिला करता था। महादेवी वर्मा मराठी मिश्रित हिन्दी बोलती थी।

**जन्म**

महादेवी वर्मा का जन्म होली के दिन 26 मार्च, 1907 को फर्रुखाबाद, उत्तर प्रदेश में हुआ था। महादेवी वर्मा के पिता श्री गोविन्द प्रसाद वर्मा एक वकील थे और माता श्रीमती हेमरानी देवी थीं। महादेवी वर्मा के माता-पिता दोनों ही शिक्षा के अनन्य प्रेमी थे।[2] महादेवी वर्मा को 'आधुनिक काल की मीराबाई' कहा जाता है। महादेवी जी छायावाद रहस्यवाद के प्रमुख कवियों में से एक हैं। हिन्दुस्तानी स्त्री की उदारता, करुणा, सात्विकता, आधुनिक बौद्धिकता, गंभीरता और सरलता महादेवी वर्मा के व्यक्तित्व में समाविष्ट थी। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की विलक्षणता से अभिभूत रचनाकारों ने उन्हें 'साहित्य साम्राज्ञी', 'हिन्दी के विशाल मंदिर की वीणापाणि', 'शारदा की प्रतिमा' आदि विशेषणों से अभिहित करके उनकी असाधारणता को लक्षित किया। महादेवी जी ने एक निश्चित दायित्व के साथ भाषा, साहित्य, समाज, शिक्षा और संस्कृति को संस्कारित किया। कविता में रहस्यवाद, छायावाद की भूमि ग्रहण करने के बावजूद सामयिक समस्याओं के निवारण में महादेवी वर्मा ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

**शिक्षा**

महादेवी वर्मा की प्रारम्भिक शिक्षा इन्दौर में हुई। महादेवी वर्मा ने बी.ए. जबलपुर से किया। महादेवी वर्मा अपने घर में सबसे बड़ी थी उनके दो भाई और एक बहन थी। 1919 में इलाहाबाद में 'क्रॉस्थवेट कॉलेज' से शिक्षा का प्रारंभ करते हुए महादेवी वर्मा ने 1932 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से संस्कृत में एम.ए. की उपाधि प्राप्त की। तब तक उनके दो काव्य संकलन 'नीहार' और 'रश्मि' प्रकाशित होकर चर्चा में आ चुके थे।[3] महादेवी जी में काव्य प्रतिभा सात वर्ष की उम्र में ही मुखर हो उठी थी। विद्यार्थी जीवन में ही उनकी कविताएँ देश की प्रसिद्ध पत्र-पत्रिकाओं में स्थान पाने लगीं थीं।

**विवाह**

उन दिनों के प्रचलन के अनुसार महादेवी वर्मा का विवाह छोटी उम्र में ही हो गया था परन्तु महादेवी जी को सांसारिकता से कोई लगाव नहीं था अपितु वे तो बौद्ध धर्म से बहुत प्रभावित थीं और स्वयं भी एक बौद्ध भिक्षुणी बनना चाहतीं थीं। विवाह के बाद भी उन्होंने अपनी शिक्षा जारी रखी। महादेवी वर्मा की शादी 1914 में 'डॉ. स्वरूप नरेन वर्मा' के साथ इंदौर में 9 साल की उम्र में हुई, वो अपने माँ पिताजी के साथ रहती थीं क्योंकि उनके पति लखनऊ में पढ़ रहे थे।

विरासत

शिक्षा और साहित्य प्रेम महादेवी जी को एक तरह से विरासत में मिला था। महादेवी जी में काव्य रचना के बीज बचपन से ही विद्यमान थे। छः सात वर्ष की अवस्था में भगवान की पूजा करती हुई माँ पर उनकी तुकबन्दीः

**ठंडे पानी से नहलाती**
**ठंडा चन्दन उन्हें लगाती**
**उनका भोग हमें दे जाती**

# कौन कहता है कि द्रौपदी के पांच पति थे 200 वर्षो से प्रचारित झूठ का खंडन। द्रौपदी का एक ही पति था युधिष्ठिर।



जर्मन के संस्कृत जानकार मैक्स मूलर को जब विलियम हंटर की कमेटी के कहने पर वैदिक धर्म के आर्य ग्रंथों को बिगाड़ने का जिम्मा सौंपा गया तो उसमे मनु स्मृति, रामायण, वेद के साथ साथ महाभारत के चरित्रों को बिगाड़ कर दिखाने का भी काम किया गया। किसी भी प्रकार से प्रेरणादायी पात्र चरित्रों में विक्षेप करके उसमे झूठ का तड़का लगाकर महानायकों को चरित्रहीन, दुश्चरित्र, अधर्मी सिद्ध करना था, जिससे भारतीय जनमानस के हृदय में अपने ग्रंथो और महान पवित्र चरित्रों के प्रति घृणा और क्रोध का भाव जाग जाय और प्राचीन आर्य संस्कृति सभ्यता को निम्न दृष्टि से देखने लगें और फिर वैदिक धर्म से आस्था और विश्वास समाप्त हो जाय। लेकिन आर्य नागरिको के अथक प्रयास का ही परिणाम है कि मूल महाभारत के अध्ययन बाद सबके सामने द्रोपदी के पाँच पति के दुष्प्रचार का सप्रमाण खण्डन किया जा रहा है। द्रोपदी के पवित्र चरित्र को बिगाड़ने वाले विधर्मी, पापी वो तथाकथित ब्राह्मण, पुजारी, पुरोहित भी हैं जिन्होंने महाभारत ग्रंथ का अध्ययन किये बिना अंग्रेजो के हर दुष्प्रचार और षड्यंत्रकारी चाल, धोखे को स्वीकार कर लिया और धर्म को चोट पहुंचाई।

अब ध्यानपूर्वक पढ़ें...
विवाह का विवाद क्यों पैदा हुआ था...

(१) अर्जुन ने द्रौपदी को स्वयंवर में जीता था। यदि उससे विवाह हो जाता तो कोई परेशानी न होती। वह तो स्वयंवर की घोषणा के अनुरुप ही होता।

(२) परन्तु इस विवाह के लिए कुन्ती कतई तैयार नहीं थी।

(३) अर्जुन ने भी इस विवाह से इन्कार कर दिया था। "बड़े भाई से पहले छोटे का विवाह हो जाए यह तो पाप है। अधर्म है।" (भवान् निवेशय प्रथमं)

मा मा नरेन्द्र त्वमधर्मभाजंकृथा न धर्मोऽयमशिष्टः (१९०-८)

(४) कुन्ती मां थी। यदि अर्जुन का विवाह भी हो जाता, भीम का तो पहले ही हिडम्बा से (हिडम्बा की ही चाहना के कारण) हो गया था। तो सारे देश में यह बात स्वतः प्रसिद्ध हो जाती कि निश्चय ही युधिष्ठिर में ऐसा कोई दोष है जिसके कारण उसका विवाह नहीं हो सकता।

(५) आप स्वयं निर्णय करें कुन्ती की इस सोच में क्या भूल है? वह माता है, अपने बच्चों का हित उससे अधिक कौन सोच सकता है? इसलिए माता कुन्ती चाहती थी और सारे पाण्डव भी यही चाहते थे कि विवाह युधिष्ठिर से हो जाए।

प्रश्नः- क्या कोई ऐसा प्रमाण है जिसमें द्रौपदी ने अपने को केवल एक की पत्नी कहा हो या अपने को युधिष्ठिर की पत्नी बताया हो?

उत्तरः- द्रौपदी को कीचक ने परेशान कर दिया तो दुःखी द्रौपदी भीम के पास आई। उदास थी। भीम ने पूछा सब कुशल तो है? द्रौपदी बोली जिस स्त्री का पति राजा युधिष्ठिर हो वह बिना शोक के रहे, यह कैसे सम्भव है?

आशोच्यत्वं कुतस्यस्य यस्य भर्ता युधिष्ठिरः ।
जानन् सर्वाणि दुःखानि कि मां त्वं परिपृच्छसि ।।
(विराट १८/१)

द्रौपदी स्वयं को केवल युधिष्ठिर की पत्नि बता रही है।

वह भीम से कहती है, जिसके बहुत से भाई, श्वसुर और पुत्र हों,जो इन सबसे घिरी हो तथा सब प्रकार अभ्युदयशील हो, ऐसी स्थिति में मेरे सिवा और दूसरी कौन सी स्त्री दुःख भोगने के लिए विवश हुई होगी...

भ्रातृभिः श्वसुरैः पुत्रैर्बहुभिः परिवारिता।
एवं सुमुदिता नारी का त्वन्या दुःखिता भवेत ।।
(२०-१३)

द्रौपदी स्वयं कहती है उसके बहुत से भाई हैं, बहुत से श्वसुर हैं, बहुत से पुत्र भी हैं, फिर भी वह दुःखी है। यदि बहुत से पति होते तो सबसे पहले यही कहती कि जिसके पाँच-पाँच पति हैं, वह मैं दुःखी हूँ, पर होते तब ना।

और जब भीम ने द्रौपदी को, कीचक के किये का फल देने की प्रतिज्ञा कर ली और कीचक को मार-मारकर माँस का लोथड़ा बना दिया तब अन्तिम श्वास लेते कीचक को उसने कहा था, "जो सैरन्ध्री के लिए कण्टक था, जिसने मेरे भाई की पत्नी का अपहरण करने की चेष्टा की थी, उस दुष्ट कीचक को मारकर आज मैं अनृण हो जाऊंगा और मुझे बड़ी शान्ति मिलेगी।"

अद्याहमनृणो भूत्वा भ्रातुर्भार्यापहारिणम्।
शांति लब्धास्मि परमां हत्वा सैरन्ध्रीकण्टकम् ।।
(विराट २२-७९)

इस पर भी कोई भीम को द्रौपदी का पति कहता हो तो क्या करें? मारने वाले की लाठी तो पकड़ी जा सकती है, बोलने वाले की जीभ को कोई कैसे पकड़ सकता है?

द्रौपदी को दांव पर लगाकर हार जाने पर जब दुर्योधन ने उसे सभा में लाने को दूत भेजा तो द्रौपदी ने आने से इंकार कर दिया। उसने कहा जब राजा युधिष्ठिर पहले स्वयं अपने को दांव पर लगाकर हार चुका था तो वह हारा हुआ मुझे कैसे दांव पर लगा सकता है? महात्मा विदुर ने भी यह सवाल भरी सभा में उठाया। द्रौपदी ने भी सभा में ललकार कर यही प्रश्न पूछा था, क्या राजा युधिष्ठिर पहले स्वयं को हारकर मुझे दांव पर लगा सकता था? सभा में सन्नाटा छा गया। किसी के पास कोई उत्तर नहीं था। तब केवल भीष्म ने उत्तर देने या लीपा-पोती करने का प्रयत्न किया था और कहा था, "जो मालिक नहीं वह पराया धन दांव पर नहीं लगा सकता परन्तु स्त्री को सदा अपने स्वामी के ही अधीन देखा जा सकता है।"

अस्वाभ्यशक्तः पणितुं परस्व ।स्त्रियाश्च भर्तुरवशतां समीक्ष्य ।
(२०७-४३)

"ठीक है युधिष्ठिर पहले हारा है पर है तो द्रौपदी का पति और पति सदा पति रहता है, पत्नी का स्वामी रहता है।"

यानि द्रौपदी को युधिष्ठिर द्वारा हारे जाने का दबी जुबान में भीष्म समर्थन कर रहे हैं। यदि द्रौपदी पाँच की पत्नी होती तो वह, बजाय चुप हो जाने के पूछती, जब मैं पाँच की पत्नी थी तो किसी एक को मुझे हारने का क्या अधिकार था? द्रौपदी न पूछती तो विदुर प्रश्न उठाते कि "पाँच की पत्नि को एक पति दाँव पर कैसे लगा सकता है? यह न्यायविरुद्ध है।"

स्पष्ट है द्रौपदी ने या विदुर ने यह प्रश्न उठाया ही नहीं। यदि द्रौपदी पाँचों की पत्नी होती तो यह प्रश्न निश्चय ही उठाती।

इसीलिए भीष्म ने कहा कि द्रौपदी को युधिष्ठिर ने हारा है। युधिष्ठिर इसका पति है। चाहे पहले स्वयं अपने को ही हारा हो, पर है तो इसका स्वामी ही। और नियम बता दिया, जो जिसका स्वामी है वही उसे किसी को दे सकता है, जिस-का स्वामी नहीं उसे नहीं दे सकता।

द्रौपदी कहती है, "कौरवो! मैं धर्मराज युधिष्ठिर की धर्मपत्नि हूं। तथा उनके ही समान वर्ण वाली हू। आप बतावें मैं दासी हूँ या अदासी?आप जैसा कहेंगे, मैं वैसा करुंगी।"

तमिमांधर्मराजस्य भार्यां सदृशवर्णनाम् ।
ब्रूत दासीमदासीम् वा तत् करिष्यामि कौरवैः ।।
(६९-११-९०७)

द्रौपदी अपने को युधिष्ठिर की पत्नी बता रही है।

पाण्डव वनवास में थे दुर्योधन की बहन का पति सिंधुराज जयद्रथ उस वन में आ गया। उसने द्रौपदी को देखकर पूछा, तुम कुशल तो हो?द्रौपदी बोली सकुशल हूं। मेरे पति कुरु कुल-रत्न कुन्तीकुमार राजा युधिष्ठिर भी सकुशल हैं। मैं और उनके चारों भाई तथा अन्य जिन लोगों के विषय में आप पूछना चाह रहे हैं, वे सब भी कुशल से हैं। राजकुमार! यह पग धोने का जल है। इसे ग्रहण करो। यह आसन है, यहाँ विराजिए।

कौरव्यः कुशली राजा कुन्तीपुत्रो युधिष्ठिरः
अहं च भ्राताश्चास्य यांश्चा न्यान् परिपृच्छसि ।
(१२-२६७-१६९४)

द्रौपदी भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव को अपना पति नहीं बताती, उन्हें पति का भाई बताती है। और आगे चलकर तो यह एकदम स्पष्ट ही कर देती है। जब युधिष्ठिर की तरफ इशारा करके वह जयद्रथ को बताती है...

एतं कुरुश्रेष्ठतमम् वदन्ति युधिष्ठिरं धर्मसुतं पतिं मे ।
(२७०-७-१७०१)

"कुरू कुल के इन श्रेष्ठतम पुरुष को ही, धर्मनन्दन युधिष्ठिर कहते हैं। ये मेरे पति हैं।" क्या अब भी सन्देह की गुंजाइश है कि द्रौपदी का पति कौन था?

कृष्ण संधि कराने गए थे। दुर्योधन को धिक्कारते हुए कहने लगे, "दुर्योधन! तेरे सिवाय और ऐसा अधम कौन है जो बड़े भाई की पत्नी को सभा में लाकर उसके साथ वैसा अनुचित बर्ताव करे जैसा तूने किया।"

कश्चान्यो भ्रातृभार्यां वै विप्रकर्तुं तथार्हति।
आनीय च सभां व्यक्तं यथोक्ता द्रौपदीम् त्वया ।।
(२८-८-२३८२)

कृष्ण भी द्रौपदी को दुर्योधन के बड़े भाई की पत्नी मानते हैं। अब सत्य को ग्रहण करें और द्रौपदी के पवित्र चरित्र का सम्मान करें।

## राशि फल

**आपको आपके आने वाले कल के बारे में एक सटीक झलक और ज्योतिषीय मार्गदर्शन प्रदान करता है।**

**आज का राशिफल 11 सितम्बर आज हम आपको 11 सितम्बर 2022 दिन रविवार का राशिफल बताने वाले हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ग्रहो की चाल के साथ ही मनुष्य के जीवन में परिवर्तन होते रहते हैं।**




**मेष राशि** आपकी इच्छा-शक्ति को प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि आप बहुत पेचीदा हालात से निकलने में कामयाब रहेंगे. भावुक फैसला लेते वक़्त अपनी तार्किकता न छोड़ें. सट्टेबाजी से फायदा हो सकता है. पारिवारिक सदस्यों से मतभेद खत्म कर आप अपने उद्देश्यों की पूर्ति आसानी से कर सकते हैं. जब आप अपने प्रिय के साथ बाहर जाएँ तो अपने पहनावे और बरताव में नयापन रखें. छुपे हुए दुश्मन आपके बारे में अफवाहें फैलाने के लिए अधीर होंगे. जीवनसाथी के साथ यह दिन और दिनों की अपेक्षा बेहतर गुजरेगा.

**वृषभ राशि / वृष राशि** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा. किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी. पूरे दिन आप नयी उर्जा से भरे रहेंगे. आपके कामों की ऑफिस में तारीफ होगी. किसी बड़ी कंपनी से जुड़ने या फिर पार्टनरशिप करने का मौका मिलेगा. आपका स्वास्थ्य बेहतर रहेगा. करियर में आगे बढ़ने के नए मौके मिलेंगे. किसी बच्चे को पेन गिफ्ट करें, आपका दिन शुभ रहेगा.

**मिथुन राशि** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा. मान-सम्मान और पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी. परिवार के साथ यात्राएं हो सकती है. कामकाज में अच्छा धन लाभ होगा. भाग्य का साथ मिलेगा. मौसमी बीमारियां खत्म हो सकती हैं. सामाजिक रुप से मान-सम्मान में वृद्धि होगी. क्रोध की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक रहेगी. आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा. आज व्यापार में लाभ के संयोग हैं. अचानक धन लाभ हो सकता है.

**कर्क राशि** जो समस्याएँ आपको परेशान कर रही हैं, उन्हें हल करने के लिए होशियारी, चतुरता और कूटनीति के दाव-पेंचों की जरूरत है. आर्थिक तंगी से बचने के लिए अपने तयशुदा बजट से दूर न जाएँ. जो लोग आपके करीब हैं, वे आपका गलत फायदा उठा सकते हैं. खुशमिजाज रहें और प्यार की राह में बाधाओं का सामना करने के लिए तैयार रहें. मुमकिन है कि आपके अतीत से जुड़ा कोई शख़्स आज आपसे संपर्क करेगा और इस दिन को यादगार बना देगा. बिन बुलाए किसी मेहमान की वजह से आपकी योजनाएँ तो गड़बड़ा सकती हैं, लेकिन आपका दिन खुशनुमा हो जाएगा.


**सिंह राशि** आज आपका दिन ठीक-ठाक बना रहेगा. अनचाहे खर्चे बढ़ सकते हैं. रुपये पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतने की जरुरत है. किसी पर तुरंत भरोसा करके उधार पैसे देने से बचें. आप छोटी-मोटी बातों में लोगों से उलझ सकते हैं. आज अपनी योजना किसी से शेयर न करें, तो ही अच्छा रहेगा. माता के स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा. जीवनसाथी आपकी किसी बात से नाराज हो सकते हैं. गणेश जी को हरा वस्त्र चढ़ाएं, आपकी माता के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा.

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## संक्षिप्त न्यूज

### गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान नहर में डूबे पांच युवक,तीन बचा लिये गए

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः- दिल्ली में प्रतिमा विसर्जन के दौरान हादसा



हो गया।जिसमें पांच बच्चे डूब गए।उनमें में से तीन को बरामद कर लिया गया है।बाकी की तलाश की जा रही है। राजधानी के बवाना इलाके में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया।शनिवार को विसर्जन करने आए पांच युवक बवाना नहर में डूब गए।कई घंटों की मशक्कत के बाद तीन युवकों को बाहर सुरक्षित निकाल लिया गया।जबकि, दो अभी भी लापता है। गोताखोर तलाशी में जुटे हुए हैं। हादसे के शिकार हुए सभी युवकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।जानकारी के मुताबिक किराड़ी इलाके से मूर्ति विसर्जन करने आए,ये लोग बवाना नहर में पानी में उतरे और गहरा पानी और बहाव तेज होने के कारण पांचों लोग बह गए। इसके बाद गोताखोर पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। कई घंटे तक तलाश करने के बाद तीन को निकाल लिया गया और उनकी जान बच गई। दो अन्य युवकों की तलाश अभी भी जारी है।विसर्जन के दौरान नहर में डूबे पांच युवकों की तलाश में, गोताखोर सीढ़ी लगाकर अब भी तलाश कर रहे हैं। रेस्क्यू की पूरी टीम जल्द से जल्द डूबे हुए दो अन्य युवकों को तलाशने में जुटी हुई है। अब तक उनका कोई भी सुराग हाथ नहीं लगा है। परिजनों का कहना है कि पुलिस और गोताखोर उचित कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। जिस कारण अब तक दो लोगों को नहीं तलाशा जा सका है।

### टेबल टेनिस जूनियर एक्सचेंज प्रोग्राम में जापान जा रहे सुधांशु का स्वागत किया गया

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-दक्षिणी दिल्ली से टेबल टेनिस जूनियर एक्सचेंज प्रोग्राम में जापान जा रहे मसूदपुर के रहने वाले सुधांशु का पूर्व पार्षद मनोज महलावत ने स्वागत किया और जीत के लिए शुभकामनायें दी।इस अवसर पर सुधांशु के पिता के अलावा गांव के बहुत सारे लोग भी मौजूद थें और सभी ने सुधांशु का स्वागत किया।पार्षद मनोज महलावत ने सुधांशु को गांव की शान बता पगड़ी पहनाकर एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया,साथ हीं देश की शान तिरंगा भी भेंट कियाऔर शुभकामनायें दी कि



जिस तरह पिछले दिनों जॉर्डन से मेडल जीतकर और वहाँ तिरंगा लहराकर आया था।उसी तरह फिर जापान में भी तिरंगा लहराये और गोल्ड मेडल जीतकर आये।इस मौके पर सुधांशु के पिता का भी स्वागत किया गया।सुधांशु के पिता ने कहा कि सबके आशीर्वाद से मेरा बेटा इस मुकाम पर पहुंचा।इस मौके पर एम महेश गौतम, राजबाला ढाका, रमेश, योगेश मलिक,प्रदीप मलिक, शैलेंद्र सिंह, इंदु शर्मा, जगदीश मेघवाल, विनोद गौतम, दिलीप राजपूत, युवा नेता विकास अटेर, सचिन, मोहित विक्की सहित बसंत कुंज के तमाम नागरिक मौजूद रहें।

### सहयोग फाउंडेशन के सौजन्य से समग्र ग्राम विकास के जिला संयोजक के आवास पर स्वास्थ्य कैंप लगा

(हरेश उपाध्याय) गाजियाबादः- आज लोनी विधानसभा क्षेत्र के मीरपुर हिंदू गांव में सहयोग फाउंडेशन के सहयोग से समग्र ग्राम विकास के जिला संयोजक अमित त्यागी के आवास पर स्वास्थ्य कैंप लगाया गया। जिसमें मल्टी स्पेशलिटी आरोग्य हॉस्पिटल की टीम के द्वारा मुफ्त जांच



,उपचार और दवाई का वितरण किया गया ।इस अवसर पर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचने पर सहयोग फाउंडेशन के अध्यक्ष विजेन्द्र त्यागी द्वारा लगातार लोनी क्षेत्र में स्वास्थ्य कैंप और रक्तदान कैंप लगाए जाने और कार्यक्रम के संयोजक अमित त्यागी और सहयोग फाउंडेशन की टीम की सराहना की। इस अवसर पर प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम द्वारा 300 से अधिक लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिला और उन्होंने इस तरह के कैंप को गांव में लगाने की, गांव वालों ने भूरि भूरि प्रशंशा की। कैंप में आर एस एस के सह प्रांत कार्यवाह शिवकुमार,जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, संगम विहार मंडल अध्यक्ष भाजपा कृष्ण बंसल, राम विहार मंडल अध्यक्ष राहुल बैसला, जयवीर खारी, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गुल्लू प्रधान, पवन बंसल सतेन्द्र पंडित ,लोनी देहात मंडल महामंत्री भाजपा मनीष चौहान , संदीप पाल समेत अनेक सामाजिक, राजनीतिक एवं प्रबुद्ध लोगों ने इस कार्यक्रम में आकर अपना आशीष प्रदान किया और इस तरह के कार्यक्रमों की सराहना की इस अवसर पर भाजपा नेता और सहयोग फाउंडेशन के अध्यक्ष विजेन्द्र त्यागी ने बताया कि कोरोना काल से अब तक लगातार 100से अधिक कैंप सहयोग फाउंडेशन की टीम द्वारा अलग अलग क्षेत्र में लगाए गए हैं।

### असम करीमगंज जिले के राताबाड़ी क्षेत्र के सिंगलाछड़ा में पकड़ा गया एक बांग्लादेशी।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरणः
जानकारी में पता चला है कि भटकते हुए सिंगलाछड़ा मे संदिग्ध रूप से स्थानीय लोगों ने उसे देखा देख कर तुरंत राताबाड़ी थाने में सूचना दी. उसके बोलने से पता चलता है थोड़ा-बहुत मानसिक रूप से बीमार लग रहा है स्थानीय लोगों ने उससे पूछा तो उसने कहा कि वह बांग्लादेश के नोआखाली से काम की तलाश में आ रहा है. उस व्यक्ति ने अपना नाम मशहूद आलम और पिता का नाम मोजीबुल हक बताया पसीने से लथपथ उसका शरीर कपड़े, कोलगेट, और साबुन के साथ एक पॉलिथीन बैग उसके पास है. राताबाड़ी पुलिस से इस मामले के बारे में पूछे जाने पर असी उत्तम अधिकारी ने कहा कि वह अभी तक थाने नहीं पहुंचे हैं. उन्होंने कहा कि असली मामला तब पता चलेगा जब वह थाने मे आने के बाद पूछताछ किया जायेगा और अभी इन्वेस्टिगेशन जा रही है.

## कड़े अभ्यास से रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज का परिणाम भारतीय टीम के पक्ष में जाने की संभावना से गदगद खेल प्रेमी

सुनील बाजपेई कानपुर । यहां बेहद परिश्रम पूर्ण कड़े अभ्यास के फलस्वरूप रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज (आरएसडब्लूएस) का परिणाम जीत के रूप में भारतीय टीम के पक्ष में जाने की प्रबल संभावना ने खेल प्रेमियों को गदगद कर रखा है। आज शनिवार शाम 7:00 बजे से यहां के ऐतिहासिक ग्रीन पार्क स्टेडियम में इसकी शुरूआत से खेल प्रेमी जिस तरह से गदगद हैं उसके चलते यही माना जा रहा है कि किया गया कड़ा अभ्यास भारतीय टीम को विजय श्री जिता कर ही रहेगा` अवगत कराते चलें कि यहां की ग्रीन पार्क स्टेडियम में क्रिकेट जगत में दुनिया की आठ देशों के भूतपूर्व खिलाड़ियों की टीमें भाग ले रही हैं। डे नाइट होने वाले मैच में पहले दिन इंडिया लीजेंड्स के सामने दक्षिण अफ्रीका लीजेंड्स की चुनौती होगी।



खास बात यह भी कि क्रिकेट जैसे खेल में जीत के मामले में जमकर अभ्यास का भी महत्वपूर्ण रोल हुआ करता है। दक्षिण अफ्रीका की टीम शुक्रवार शाम को ही अभ्यास कर पाई है, जबकि भारतीय टीम पिछले दो दिनों से यहां की परिस्थितियों में जमकर अभ्यास कर चुकी है। इसी आधार पर खेल प्रेमियों को यकीन है कि अभ्यास में कमी के साथ मजबूत भारतीय टीम अफ्रीका के लिए कड़ी चुनौती पेश करेगी। दूसरी ओर माना यह भी जा रहा है कि अफ्रीकी टीम में एल्विरो पीटरसन, जोहान बोथा, वर्नोन फिलेंडर जैसे तगड़े बल्लेबाज भारतीय गेंदबाजों के इरादे के पूरा होने में बाधक भी बन सकते हैं।

इस सीरीज में भारत, दक्षिण अफ्रीका के अलावा वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड, बांग्लादेश, श्रीलंका और आस्ट्रेलिया के भूतपूर्व खिलाड़ी खेलते नजर आएंगे।

10 से 15 सितंबर तक चलने वाली इस सीरीज के प्रथम चरण के सात मुकाबले ग्रीनपार्क स्टेडियम में खेले जाएंगे। जहां पहले मुकाबले में मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर भारत की कमान संभालेंगे। वहीं, अफ्रीका का नेतृत्व विश्व के सर्वश्रेष्ठ फील्डर रहे जोंटी रोड्स कर रहे हैं। वैसे इसके पहले वर्ष 2021 में खेले गए आरएसडब्लूएस के मैच में इंडिया ने अफ्रीका लीजेंड्स को 56 रनों से मात दी थी।

## मलेरिया नियंत्रण के लिए चिन्हित ग्रामों में आयुष विभाग खिलाएगा प्रतिरोधक औषधि

## प्रथम चरण में 10, 17 एवं 24 सितम्बर को खिलायी जायेगी दवा

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(11सितंबर)संचालनालय आयुष भोपाल के निदेर्शानुसार आयुष विभाग बालाघाट द्वारा जिले के एक एपीआई से अधिक मलेरिया संक्रमित कुल 176 ग्रामों में मलेरिया प्रतिरोधक होम्योपैथिक औषधि मलेरिया आफ-200 खिलाई जाएगी । इस अभियान के अंतर्गत आयुष नोडल अधिकारियों का प्रशिक्षण जिला आयुष कार्यालय में तथा आशा और आगनवाड़ी कार्यकताओं का प्रशिक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दिया गया है। जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर शिवराम साकेत एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ ललित ठाकरे ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जिले के मलेरिया प्रभावित चिन्हित ग्रामों में मलेरिया प्रतिरोधक होम्योपैथिक औषधि मलेरिया ऑफ-200 दो चरणों में खिलाई जाएगी । जिसमें प्रथम चरण में 10 सितंबर, 17 सितंबर एवं 24 सितंबर तथा द्वितीय चरण में 06 अक्टूबर, 13 अक्टूबर एवं 20 अक्टूबर 2022 को मलेरिया आफ-200 औषधि की एक-एक खुराक कुल 6 खुराक मलेरिया प्रभावित ग्रामों के प्रत्येक सदस्यों को आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आयुष कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर खिलाई जाएगी । चिन्हित ग्रामों के सभी हितग्राहियों से अपील की गई है कि सभी लोग इस औषधि की सभी खुराक अवश्य लें । यह औषधि शरीर में मलेरिया रोग के प्रति रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है जिससे मलेरिया रोग होने की संभावना कम हो जाती है।

### डीसी कॉन्वेंट स्कूल में लगे स्वास्थ्य कैंप में बच्चों सहित माता - पिता ने भी कराई जांच : डॉ.रवि कुमार

पटौदी/सुरेश कोहली : एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के जिला महासचिव डॉक्टर रवि कुमार के नेतृत्व में आज डीसी कॉन्वेंट स्कूल नजफगढ़ में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया गया। जिसमें स्कूल के सभी बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता ने भी अपने स्वास्थ्य की जांच कराई वही, स्कूल स्टाफ ने भी इस सेवा का लाभ उठाया। डॉ रवि कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की कैंप हम समय-समय





पर लगाते रहते हैं हमारा उद्देश्य है लोगों में हेल्थ अवेयरनेस को बढ़ाना है। लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो और एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में सहयोगात्मक भूमिका अदा करें। उन्होंने बताया की इस तरह के प्रयास हम आगे भी करते रहेंगे।डॉक्टर रवि ने बताया कि डॉक्टर के पेशे के अलावा वह विभिन्न सामाजिक संस्था से जुड़ कर समाज सेवा करके समाज के प्रति सभी लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहे है । जो की निस्वार्थ भाव से की गई एक अच्छी पहल भी है।

### मेम का बाग केस में हाईकोर्ट से नोटिस जारी

हिसार /हांसी (राजेश सलूजा): हांसी भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश ठकराल ने आज जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि हांसी मेम का बाग मामले में गलत तरीके से NOC ऐवं नकशे पास करने को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सिविल रिट पेटिशन अनुपमा भयाना की तरफ से फाईल की गई थी उनके वकील रवीश कुमार द्वारा कोर्ट में खसरा नंबर 1038 में सभी सेल डीड कैंसिल करने व अवैध निर्माण गिराने को लेकर याचिका दायर की गई है! हाईकोर्ट के डबल बेंच ने कड़ा रुख एख्तियार करते हुए 7 डिपार्टमेंट्स को नोटिस जारी कर जवाब माँगा है ! प्रिंसिपल सेक्रेटरी-टाउन प्लानिंग, डायरेक्टर - टाउन प्लानिंग, हिसार DC, हाँसी SP , DTP हिसार , Sub RegistrÔr हाँसी , एड म्युनिसिपल कौंसिल हाँसी को नोटिस जारी कर जवाब माँगा गया है ! गौर करने योग्य बात है की खसरा 1038 को लेकर हाँसी कोर्ट ने निर्माण कार्य पर स्टे लगाया हुआ है ! खसरा 1038 के नक़्शे भी हाँसी एड संजय रोहिल्ला के द्वारा पास किए गए हैं जो हाल फिलहाल हाँसी माडल टाउन शमशान भूमि की गलत असेसमेंट को लेकर विवादों में आए थे !

### असम करीमगंज जिले के बेराटुक मध्य बंग स्कूल में शिक्षक और मेधावी संवर्धना के साथ स्वागत किया।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरणः बेराटुक मध्य बंग स्कूल में शिक्षकों



और मेधावी स्वागत के साथ विद्यार्थियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया. शिक्षक दिवस के अवसर पर सोमवार 5 सितंबर को रामकृष्ण नगर शिक्षाखंड के आनीपुर बेराटुक मध्य बंग विद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. पूर्व शिक्षक सुदर्शन दास के नेतृत्व में दिन के कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन, अतिथियों का स्वागत, चर्चा, छात्रों के बीच पुरस्कार वितरण और जलापूर्ति आदि शामिल रहे. सभापति सुदर्शन सेन ने सुबह 10 बजे दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुभ शुरूआत की। उसके बाद स्कूल के छात्रों के बीच डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी पर बात की - विक्रम सिन्हा, आफचाना बेगम, रुमाना बेगम, शबनम आख्तार, निशा सिन्हा, रूपश्री नमशूद्र , दीपशिखा दे, हफीजा परवीन, मुजीबा मुक्तारा, झूमी परवीन और अजंता नमसुद्र।

### कवि-पत्रकार तापस पाल को विशेष अतिथि के रूप में बैठक में सम्मानित किया गया।

बैठक में बोलने वाले शिक्षकों में हिफ्जुल हक, हिफ्जुर रहमान, मान्ना पाल और देबजीत दास सहित अन्य शिक्षक आनंद निलॉय, कृष्ण चंद्र दास, सहनाज बेगम, अरिजीत नाथ, बेगम आरिफा नरगिस, एमरुल हुसैन, अपरूप नाथ और अन्य मौजूद थे। इस दिन छात्रों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों और शिक्षकों को कलम से श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित खेल सहित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। अंत में सभापति सुदर्शन सेन ने अपना प्रांजल भाषा में लंबा मूल्यवान भाषण। और बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

### सरकार की दमनकारी नीतियों से फूटा आढ़तियों का गुस्सा, आंदोलन की दी चेतावनी



पटौदी/सुरेश कोहली : हरियाणा सरकार की आढ़तियों के प्रति दमनकारी नीतियों और नियमों के विरोध में आज हरियाणा स्टेट अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन जिला प्रधान दिनेश कुमार गोयल के आह्वान पर हेलीमंडी(पटौदी) अनाज मंडी के आढ़तियों की आक्रोश रैली गोहाना में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने की। उन्होंने कहा की हरियाणा सरकार द्वारा जारी किए नए आदेश अनुसार अब एम एस पी से अलग प्राइवेट बिकने वाली सभी फसलों की खरीद फरोख्त ई-नेम के जरिए होंगी ' जो की बिलकुल भी व्यवहारिक नहीं है क्योंकि ई नेम एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया है। जिस में फसलों की खरीद-फरोख्त कंप्यूटर के द्वारा की जाएगी और खरीदार को फसल का भुगतान माल उठाने से पहले सीधे किसान को करना होगा ' उन्होंने कहा की किसानो का तो नुकसान होगा ही वहीं हरियाणा की मंडियो से आढ़तियों का नामोनिशान भी मिट जाएगा ' वहीं प्रधान अशोक गुप्ता ने बताया कि हमने अपनी मांगों से सरकार को बहुत बार अवगत कराया है और इन पर चर्चा के लिए सरकार से मिलने का समय भी मांगा है ' परंतु सरकार की ओर से कभी कोई संतुष्ट जवाब नहीं आया है। जिसको लेकर हरियाणा के सभी आढ़तियों में सरकार के प्रति गहरा रोष है ' रैली मे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि हरियाणा की मंडियों के सभी आढ़ती, सरकार कि दमनकारी नियमों के विरोध में हरियाणा सरकार का हर मोर्चे पर विफल करार दिया है। उन्होंने बताया की
अगर हरियाणा सरकार 18 सितंबर 2022 तक हमारी सभी मांगें नहीं मानती है तो 19 सितंबर से हरियाणा की सभी अनाज मंडियों को बंद कर दी जाएगी ' जब तक सरकार हमारी मांगे नहीं मानती तब तक मंडियों में अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने ये भी बताया की एमएसपी से अलग बिकने वाली फसलों पर कोई भी आढ़ती ई नेम पर फसलें नहीं बेचेंगे और ना ही ई नेम के लिए मार्केट कमेटी का सहयोग करेंगे।

आज की आक्रोश रैली लगभग 20000 आढ़तियों के साथ - साथ प्रदेश कार्यकारी प्रधान रामअवतार तायल हांसी, संरक्षक दुनीचंद अंबाला, चेयरमैन रजनीश चौधरी करनाल, को चेयरमैन हर्ष गिरधर रोहतक, कैशियर स्वर्णजीत सिंह कालड़ा चीफ एडवाइजर सुरेंद्र मिंचनाबादी सिरसा लीगल एडवाइजर एडवोकेट अजय झांझरा फतेहाबाद, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट धर्मवीर मलिक पानीपत, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अश्वनी शोरेवाला कैथल, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट शिवकुमार संधाला यमुनानगर, वाइस प्रेसिडेंट गौरव तेवतिया पलवल,वाइस प्रेसिडेंट चौधरी बनारसीदास कुरुक्षेत्र, उपप्रधान दिनेश गोयल गुरुग्राम, उपप्रधान बृजमोहन नारनौल, उपप्रधान सतीश अत्री फरीदाबाद, जनरल सेक्रेटरी विकास अग्रवाल पंचकूला, सचिव विजय चौधरी सिरसा कार्यकारी मेंबर जगतार सिंह काजल कुरुक्षेत्र, राज्य प्रचार सचिव डबवाली मंडी के प्रधान गुरदीप कामरा अन्य सदस्य गण शामिल रहे '

हेलीमंडी के प्रधान आनंद भूषण, दिनेश कुमार गोयल, दीपक शर्मा, अमित रुस्तगी, शिव कुमार गुप्ता, अनिल रुस्तगी, नितिन जिंदल, नरेश शर्मा, चिराग सिंगला और उनकी पूरी कार्यकारिणी एवं गोहाना मंडी के सभी आढ़ती उपस्थित रहे`

### असम करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा मे 2जी 3जी बीएसएनएल नेटवर्क सेवा ग्राहकों नहीं मिल रही है।

### ग्राहकों की शिकायत है कि बीएसएनएल की सेवा महीने में 10 दिन और बाकी दिनों मे तकनीकी दिक्कत है?

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरणः लोग बीएसएनएल नेटवर्क की प्रॉब्लम से परेशान है, वर्तमान में कई नेट सेवाएं हैं। लेकिन बीएसएनएल सेवा सबसे पुरानी है, ऐसे अनगिनत ग्राहक हैं जो हर महत्वपूर्ण कार्य के लिए सेवा की संख्या का उपयोग करने के कारण समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इसके अलावा, शिक्षित बेरोजगार, श्रम, दुकानदार सहारा लेकर न्यूनतम आय पर जीवन यापन कर रहे हैं। बदले में बीएसएनएल ऑपरेटर को हर महीने कीमत चुकानी पड़ती है, लेकिन ऑपरेटर को आय के नुकसान की चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि उनके मुनाफे में कोई रुकावट नहीं है। इनमें कई ग्राहक ऐसे भी हैं जो एक साथ छह महीने का पैक लेते हैं। दूसरी ओर यह देखा गया है कि अन्य नेट सेवाएं नियमित सेवा प्रदान कर रही हैं। लेकिन थोड़ी बारिश होने पर बीएसएनएल सेवा बंद हो जाती है। ग्राहक सोच रहे हैं कि क्या इसके पीछे कोई रहस्य है। समाचार लिखे जाने तक ग्राहक बीएसएनएल सेवा से वंचित हैं.

## ईएमसीटी ने "महिला और स्वास्थ्य" विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया

(हरेश उपाध्याय) ग्रेटर नोएडाः-आज टेकजोन-4 लेबर साइट पर ईएमसीटी सामाजिक संस्था द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत "महिला और उनके स्वास्थ्य" विषय पर कम लागत के स्वास्थ्य वर्धक भोजन और उनके फायदे के बारे में बताया गया। आहार विशेषज्ञ एवं ईएमसीटी की सदस्य गरिमा



श्रीवास्तव ने बताया कि अधिकतर महिलाओं में खून की कमी (एनीमिया) देखा जाता है। खास तौर से मजदूर वर्ग में,इसलिए महिलाओं को जानकारी दी गई कि वो कैसे स्वास्थ्य और बजट को ध्यान में रख कर पोषण युक्त आहार प्राप्त कर सकती हैं।महिलाओं के लिए माहवारी के दौरान पोषक तत्व बहुत आवश्यक होते हैं,क्योंकि उस समय लोह तत्वों की आवश्यकता बढ़ जाती है। अतः इसके लिए वो ज्वार बाजरा,मधुआ, रागी, चुकंदर, पालक, टमाटर, दालों का सेवन करके एनीमिया से बच सकती हैं। कार्यशाला ईएमसीटी की इग्जेक्युटिव डायरेक्टर भुवन जीत कौर ( सिम्मी) ने बताया कि माहवारी के समय महिलायें कपड़े का इस्तेमाल करती है, जो उनके स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। हम महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन देकर जागरूकता अभियान चलाते रहते है ताकि महिलायें अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।ईएमसीटी की संस्थापक रश्मि पांडे ने बताया कि इस कार्यशाला में सरिता सिंह, रोनिता,सिम्मी, गरिमा भी उपस्थित रहें।

### नगरीय निकाय के निर्वाचन प्रत्याशियों को नामांकन फार्म व बैंक खाते की जानकारी देना जरूरी

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(11सितंबर)नगर परिषद बैहर एवं नगर पालिका परिषद मलाजखंड के पार्षद निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन पत्र जमा करने के इच्छुक उम्मीदवारों से कहा गया है कि वह अपने नामांकन फार्म के साथ हाल ही में खोले गए बैंक अकाउंट की जानकारी भी जमा कराएं। चुनाव के दौरान प्रत्याशी के चुनाव व्यय का लेन-देन इसी खाते से करना होगा। चुनाव व्यय लेखा टीम के समक्ष प्रत्याशियों को निर्धारित तिथियों में अपना व्यय लेखा अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी को नया बैंक खाता किसी भी राष्ट्रीकृत बैंक शाखा में खोलना अनिवार्य है।
पार्षद का चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार 12 सितंबर को दोपहर 03 बजे तक अपने नाम निर्देशन पत्र जमा कर सकते हैं। 13 सितंबर को नाम निर्देशन पत्रों की जांच होगी और 15 सितंबर को दोपहर 3:00 बजे तक चुनाव नहीं लड़ने वाले प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे । नाम वापसी के बाद शेष बचे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया जाएगा । 27 सितंबर को प्रातः 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक निर्धारित मतदान केंद्रों पर मतदान कराया जाएगा। मतदाताओं द्वारा डाले गए मतों की गणना 30 सितंबर को सुबह 09 बजे से की जाएगी।

### मुख्यमंत्री बाल आर्शिवाद योजना की शुरूआत

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो
बालाघाट।(11सितंबर)मध्यप्रदेश के स्थानीय निवासी परिवार के 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, जिनके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है और वह रिश्तेदार अथवा सरंक्षक की देखरेख में रह रहे हों तथा जो मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के तहत पात्रता में नहीं आते है ऐसे बच्चों के लिए मुख्यमंत्री बाल आशिर्वाद योजना प्रारंभ की गई है।
महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मनीषा लुम्बा ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत पात्र प्रत्येक बच्चे को आर्थिक सहायता योजना के तहत 4000 रुपये प्रतिमाह की सहायता राशि दी जाएगी । जो बच्चे एवं माता-पिता/संरक्षक के संयुक्त खाते में जमा की जाएगी, जो न्यूनतम 1 वर्ष होगी। बालक/परिवार की आर्थिक समृद्धता में सुधार ना होने की स्थिति में अवधि बढ़ाई जा सकेगी, किन्तु किसी भी स्थिति में अधिकतम 18 वर्ष की आयु के पष्चात देय नही होगी।
इस योजना में चिकित्सा सहायता के अंतर्गत प्रत्येक बच्चे को चिकित्सा सहायता दिये जाने के लिए आयुष्मान कार्ड बनाया जावेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा योजना कार्ड बनाये जाने हेतु बच्चों की सूची सहित आवश्यक जानकारी मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी को उपलब्ध करवायी जायेगी।

### युवा होनहार ठा. टिंकू सिंह का मनाया गया भव्य रूप से जन्म दिन..शुभकामनाऐ एवं बधाई बड़ी संख्या मे मिली।

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मस्तुरी। क्षेत्र के युवा होनहार सभी के सुख दुख के साथी टिंकू सिंह ठाकुर का अपने प्रिय साथियों के साथ अपना जन्मदिन मना कर खुशियां बाटी साथियों ने उनकी स्वस्थ जीवन दीघार्यु की कामना करते हुए शुभकामनाएं एवं बधाई दी जिसमें राहुल सिंह ठाकुर (उपसरपंच किरारी) सौमित्र शुक्ला,विवेक देशमुख, छोटू ठाकुर,डंपी





ठाकुर,सोमू ठाकुर,अमन ठाकुर,अंकित मिश्रा,मनीष अवस्थी रजत ठाकुर,अवधेश ठाकुर,अशीष ठाकुर उपस्थित रहे।

### असम करीमगंज जिले के एमएसएफ ने एडवोकेट आब्दुस चुबुर तापादार को सम्मान पूर्वक उनकी स्वागत की।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण : दूर-दराज के गाँव से उठकर विदेशी धरती में प्रवेश करना, मनचाही सफलता प्राप्त करना और जन्मभूमि पर लौटना वर्तमान नई पीढ़ी को दिशा दिखाएगा और निश्चित रूप से उन्हें इस तरह के सपने को जीतने के लिए प्रोत्साहित करेगा। मुस्लिम छात्र संघ की असम राज्य समिति के महासचिव दाहार उद्दीन खान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सभी प्रिय अधिवक्ता आब्दुस




चुबुर तापादार, करीमगंज के पुत्र, बराक घाटी के गौरव, गौहाटी सुप्रीम कोर्ट के वकील, का स्वागत किया, जिन्होंने हाल ही में लंदन से कानून विभाग में सर्वोच्च डिग्री प्राप्त की है। दाहार उद्दीन खान ने कहा कि सर के साथ कुछ समय बिताने के बाद मुझे बहुत संतुष्टि मिली। वह एक प्रचार-विरोधी व्यक्ति हैं जो समाज के हित में काम करते हैं। प्रतिनिधिमंडल में बरपेटा जिले के मारिदुल हुसैन, करीमगंज के मोहम्मद यूनुस आख्तार, वकील रेकिब उद्दीन अहमद, परोपकारी बिलालुर रहमान, फरीदा बेगम और अन्य शामिल थे।

## बिजनौर की शिप्रा राजपूत ने बायजूस एग्जाम प्रेप पे की अपनी डीएसपी बनने की सफलता साझा

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

ज्ञातव्व है की शिप्रा राजपूत जो की मूल रूप से जिला बिजनौर के भगवानपुर गांव से संबंध रखती है। हाल ही में बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में




45th रैंक हासिल कर पुलिस उपाधीक्षक के पद पर काबिज हुई इन्होंने बायजूस एग्जाम प्रेप पे के स्पॉटलाइट सत्र के माध्यम से अपनी सफलता के बारे में बताया एक खास साक्षात्कार में बायजूस एग्जाम प्रेप के सीनियर फैकल्टी दिव्यांशु वार्ष्णेय को दिए हुए एक साक्षात्कार में इन्होंने अपनी सफलता की कहानी बताई और कहा कि अगर आपके अंदर कुछ कर गुजरने की चाह है तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है बायजूस एग्जाम प्रेप के माध्यम से अब तक 60 से भी ज्यादा प्रतिभागी बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में अपनी सफलता अर्जित कर चुके है बायजूस एग्जाम प्रेप अपनी अभूतपूर्व शिक्षा तकनीक के माध्यम से प्रतिभागियों को उनके सपने सच करने की हकीकत को बेहतरीन ढंग से अंजाम दे रहा है। आज इस प्लेटफार्म के माध्यम से भारतीय प्रतियोगी दूरस्थ प्रदेशों में गृह प्रशिक्षण प्राप्त कर उच्च पदों को सुशोभित कर रहे है शोभित भटनागर के मार्गदर्शन में संचालित बायजूस एग्जाम प्रेप नए कीर्तिमान स्थापित कर निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है बायजूस एग्जाम प्रेप के एसोसिएट डायरेक्टर रजत मिश्रा , सीनियर प्रोग्राम मैनेजर मोहित मुंधरा एवम प्रोग्राम मैनेजर अर्पित जैन ने शिप्रा राजपूत को उनकी सफलता के लिए बधाई साझा की और जीवन में नित्य नई ऊंचाई हासिल करने की शुभकामना दी

## सपा नेता हाजी फैसल के सगे तहरे भाई जहांगीर अहमद हुए लापता

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**नजीबाबाद** मिली जानकारी के अनुसार सपा नेता हाजी फैसल के सगे तहरे भाई नजीबाबाद के मोहल्ला जाब्तागंज निवासी जहांगीर अहमद पुत्र श्री हाजी शमशाद अहमद दिनांक .09 .09 2022 को देहरादून गए थे देहरादून से .09 .09 .2022 की शाम अपने घर नजीबाबाद के लिए अपनी सफेद रंग की कार वेन्यू **UK07FC3096** से चले थे जो अब तक नजीबाबाद नही पहुंचे और उनका मोबाइल नंबर भी बंद जा रहा है परिजनो के द्वारा सब जगह तलाश करने के बाद भी उनका कुछ नही पता चला परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है इस घटना से उन्होने पुलिस को अवगत कराया पुलिस तलाश मे जुटी है



## जीतने पर होगा कस्बे का सवार्गीण विकास-- तारिक नियाजी

समाज जागरण संवाददाता मो शादाब

**धौरा टांडा (बरेली)**-निकाय चुनाव की सरगर्मियां जोरों शोरों से चल रही है राजनीतिक दलों के उम्मीदवार जनता से जन संपर्क बनाए हुए हैं उसी क्रम में नगर पंचायत धौरा टांडा के शिक्षित युवा अध्यक्ष पद के दावेदार तारिक नियाजी ने कस्बे के वार्ड नंबर 4 के मोहल्ला तलईया चौक में बीती रात एक बैठक में भाग लिया जहां पर उन्होंने उपस्थित जनों के बीच कहा कि अगर जनता ने मुझे मौका दिया आप सबका स्नेह प्यार मिला तो पूरे कस्बे का सवार्गीण विकास किया जाएगा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि किसी भी नगरवासी को किसी भी समस्या का सामना ना करना पड़े मेरे दरवाजे हमेशा आपके लिए खुले रहेंगे इस अवसर पर नरपत सिंह गंगवार, गोविंद रस्तोगी, मुजीब उर रहमान, मोहम्मद इरफान सहित भारी संख्या में उनके समर्थक मौजूद थे

## चलती ट्रेन से पैर फिसलकर गिरने से टीटी की मौत विभागीय जांच शुरू

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर ।** बीती रात रेलवे विभाग में उस समय हड़कंप मच गया जब एक टी टी चलती ट्रेन से पैर फिसलने के कारण नीचे गिर गए और उनकी मौत हो गई । मिली जानकारी के अनुसार बीती रात देहरादून से चलकर हवड़ा जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन मैं सवार टीटी रवि कुमार मीणा पुत्र विश्राम मीणा स्योहारा रेलवे स्टेशन से पहले ट्रेन से गिर गए जिसकी सूचना पर जीआरपी एवं डायल 112 108 सेवा ने घायल रवि कुमार को सीएससी में भर्ती कराया लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। जीआरपी पुलिस ने मर्तक टीटी के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया टीटी रवि कुमार की ट्रेन से गिरने तथा मौत को लेकर रेलवे विभाग की ओर से जांच शुरू कर दी गई है।



## हक पाने के लिए आंदोलन ही रास्ता गजेंद्र गन्ना समिति में मासिक सभा को संबोधित करते गजेंद्र सिंह टिकैत

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर।** स्योहारा गन्ना समिति में भारतीय किसान यूनियन के मासिक सभा का आयोजन हुआ सभा की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत और संचालन आलोक सिंह ने किया सभा में किसानों की समस्याओं को लेकर बिजली विभाग से एसडीओ प्रेम सिंह एसडीओ विनय कुमार खंड विकास से संबंधित समस्याओं के लिए वीडियो स्योहारा गन्ना सट्टे से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु गन्ना विशेष सचिव प्रदीप शर्मा शुगर मिल से गन्ना प्रबंधक किसानों के बीच सभा में पाल पर घंटों बैठाए रखा अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग के समस्याओं को दूर करने के लिए समय मांगा आने वाले 20 दिनों के अंदर समस्याओं का निस्तारण कर दिया जाएगा किसी भी किसान का निजी नलकूप बकाया के नाम पर कनेक्शन नहीं कटेगा साथ ही पशुओं में आ रही लंम्पि बीमारी को माहवारी घोषित करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन वीडियो स्योहारा को सौंपा मांग की क्षेत्र के किसानों को इस बीमारी से बचने के लिए टीकाकरण किया जाए और किसानों के गन्ना सट्टे संबंधित जो त्रुटियां हैं उनको जल्द दूर किया जाए सभा को संबोधित करते हुए चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत ने सख्त तेवर ने कहा जिस विभाग के अधिकारी किसानों के काम में लापरवाही करेंगे उनको दफ्तरों में बैठने नहीं दिया जाएगा साथ ही 12 सितंबर को धामपुर तहसील में होने वाली महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की किसानों से अपील की इस अवसर पर गज राम सिंह यशपाल सिंह हरिओम यादव अवनीश कुमार अमित चौधरी मुकेश फौजी भूपेंद्र सिंह बबलू सिंह महेश यादव करण जाटव नरेंद्र चौहान योगेंद्र सिंह सुखबीर सिंह आदि मौजूद रहे



## गन्ना फसल से उच्च एवं सुरक्षित उत्पादकता हेतु महत्वपूर्ण सुझाव

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**नगीना ।** वर्तमान सितंबर और अक्टूबर माह में जनपद बिजनौर के किसान साथी गन्ने की बुवाई बड़ी तत्परता से कर रहे हैं। किसान साथियों गन्ने की उच्च उत्पादकता लेने हेतु महत्वपूर्ण बातों पर अवश्य ध्यान रखें, क्योंकि गन्ने की प्रजाति को- 0238 लाल सड़न रोग से प्रभावित हो गया है जिसके कारण गन्ने की उत्पादकता में कमी होती जा रही है, साथ ही साथ अनावश्यक लागत बढ़ती जा रही है।

**बुवाई से पूर्व किसान साथियों महत्वपूर्ण बातों को इस प्रकार से ध्यान में रखें**

- गन्ना की नवीनतम प्रजातियां जैसे को 15023 को लख- 14201, कोसा 13235 जैसी प्रजातियों को धीरे-धीरे अपनी खेती में समाहित करना शुरू करें ताकि समय रहते को- 0238 जाति को रिप्लेस यानी प्रतिस्थापित किया जा सके।
- गन्ने की प्रजाति की बुवाई करते समय बुवाई पूर्व बीज ऐसे खेत से ले जिस खेत में लाल सड़न, पक्का बोइंग जैसी बीमारियां न लगी हो।

बुवाई से पूर्व बीज की कटाई 1 दिन पूर्व अवश्य करें ताकि गन्ने के टुकड़ों को उचित रसायन के माध्यम से शोधित किया जा सके।

- बीज शोधित करने को लिए 100 लीटर पानी में 200 ग्राम कार्बेंडाजिम, 50 मिली इमिडाक्लोप्रिड एवं 2 किलोग्राम यूरिया मिलाकर इसमे गन्ने कें टुकड़ों को 20 से 25 मिनट तक शोधित करने के पश्चात ही बुवाई करें।
- बुवाई करते समय हमेशा स्वस्थ एवं दो आंख के टुकड़ों का ही प्रयोग करना चाहिए ।



- बुवाई से पूर्व खेत की अच्छी तैयारी होनी चाहिए ताकि खड़ी फसल में खरपतवार इत्यादि का प्रकोप कम से कम हो।

गन्ना की बुवाई हमेशा कतारों में यानी कि ट्रेंच विधि या रिंग पिट विधि से करें।

- ट्रेंच विधि से गन्ने की बुवाई करते समय हमेशा ट्रेंच से ट्रेंच की दूरी कम से कम 120 सेंटीमीटर रखते हैं या इससे अधिक भी रख सकते हैं।
- बुवाई के समय मृदा परीक्षण के आधार पर बताए गये रसायन का ही प्रयोग करें।
- वर्तमान समय में गन्ना की बुवाई करते समय गन्ना के दो कतारों के बीच में सहफसल अवश्य ले। सहफसल के रूप में मसूर, मटर, आलू, सरसों, अलसी, प्याज, लहसुन इत्यादि ले सकते हैं।
- जो किसान साथी गन्ने की बुवाई 120 सेंटीमीटर जाए उसे अधिक से अधिक की दूरी पर कर रहे हैं यदि वह सहफसल के रूप में कोई फसल नहीं लेना चाहते हैं तो ऐसे किसान साथी बीच के स्थानों पर सनई,ढैचा, सरसों जैसी फसलों को मिक्स करके एक साथ बुवाई कर दें और और 45-60 दिन की अवस्था पर बीच में ही व्यक्ति यंत्र के माध्यम से जुताई करके खेत मे मिला दें, ताकि उस गन्ने की फसल को अच्छी से अच्छी उर्वरा शक्ति प्राप्त हो साथ ही साथ खरपतवारो का नियंत्रण भी किया जा सके।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवती को फाँसी के फंदे पर लटका कर मार डाला

समाज जागरण संवाददाता मो शादाब

***परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने 5 आरोपियों के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज***

**बरेली।** थाना भमोरा क्षेत्र के गांव में छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवती को घर मे अकेला देखकर उसे फांसी के फंदे पर लटका कर उसे मौत के घाट उतार दिया मृतका के भाई सेवाराम का आरोप है उसकी बहन संगीता दिवाकर को घर मे अकेला देखकर कमल सिंह , धर्मेन्द्र , राजेश , राकेश और वीरेश ने फांसी लगाकर छज्जा के कुंडा में लटका कर मार दिया । थाना भमोरा क्षेत्र के ग्राम घिलोरा की रहने वाली एक लड़की जो घर में रहकर सिलाई का काम करती है। बुधवार शाम को आरोपियों ने नशे की हालत में उसे घर में घुसकर उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी थी। जिसका विरोध करने पर यह पांचो अभियुक्त उस लड़की से रंजिश मानने वलगे थे



बृहस्पतिवार की दोपहर में लड़की अपने घर में अकेली थी यह पांचों अभियुक्त जो से रंजिश मानते थे जिनके नाम धर्मेंद्र , राजेश , राकेश कमल सिंह और वीरेश घर में घुस आए और उस लड़की को घर में अकेला पाकर कपड़े के नाले से युवती की हत्या कर छज्जा के कुंडा में लटका दिया लड़की की हत्या करने के बाद पांचों आरोपी घर से भाग रहे थे तो लड़की संगीता दिवाकर की मां ने इन लोगों को घर से निकलते देखा था जब उस ने घर में घुस कर देखा कि उसकी बेटी का शव लटका हुआ है तो उसने हंगामा किया आसपास के लोग आए पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए भेजा उसके परिजन की ओर से लिखाई गई रिपोर्ट में पांचों अभियुक्तों को इसकी मौत का जिम्मेदार मानते हुए थाना भमोरा में एफ आई आर दर्ज कराई गई है।

## गौकशी की घटना को अंजाम देने वाले आठ अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण संवाददाता मो शादाब

**धौरा टांडा /भोजीपुरा( बरेली)**-राष्ट्रीय योगी सेना गौ रक्षा प्रकोष्ठ के जिला मंत्री हिमांशु पटेल ने थाना भोजीपुरा क्षेत्र के ग्राम सैदपुर चुन्नीलाल के जंगल में एक स्थान पर 15 से 20 गौवंश के अवशेष होने की सूचना सात सितंबर 2022 को दी थी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी अवशेषों को एक गड्ढे में दबबा दिया था मामले की गंभीरता को देखते हुए उसी दिन थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध गोवध अधिनियम की धारा में हिमांशु पटेल की ओर से मुकदमा पंजीकृत किया गया उसी समय से पुलिस लगातार गौकशो को पकड़ने के लिए प्रयासरत थी उसी क्रम में आज उसे बड़ी सफलता हाथ लगी थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर अश्विन कुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर ग्राम सैदपुर चुन्नीलाल व ग्राम मुड़िया अहमदनगर के बीच सहारा ग्रुप की जमीन के दो खंभों के पास के प्रकाश में




आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनकी पहचान अजीम कुरेशी पुत्र इब्राहिम निवासी धौरा टांडा, शकील अहमद पुत्र जहूर कुरैशी निवासी धौरा टांडा, छोटे पुत्रअख़्तर निवासी उदयपुर बन्नोजान , फुर्सत अली पुत्र छोटे शाह निवासी उदयपुर बन्नोजान, राजू कुरैशी पुत्र अली जान निवासी मोलागढ़ , शद्दीक पुत्र करामत निवासी सैदपुर चुन्नीलाल, हकीम अली पुत्र शेर मोहम्मद निवासी झील गोंटिया, पप्पू पुत्र छोटे शाह निवासी झील गोंटिया,उक्त सभी अभियुक्तो का थाना क्षेत्र भोजीपुरा जिला बरेली है इनके 5 छुरा,2 छापर,1 लकड़ी का गुटका आदि सहित 1700₹ भी बरामद की गई उपरोक्त अभियुक्तों का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है तथा छह वांछित अभियुक्तों की निशानदेही की गई है पुलिस की इस कार्रवाई से खलबली मची हुई है क्षेत्र के लोगों ने पुलिस की कार्रवाई की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उच्च अधिकारियों ने पकड़ने वाली टीम को बधाई दी है

## पुरानी रंजिश को लेकर , युवक को लाठी डंडों से पीट-पीटकर किया घायल

***-पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ जानलेवा हमले जैसी विभिन्न धाराओं में मुकदमा किया पंजीकृत***

***-एक अभियुक्त की हुई गिरफ्तारी ,बचे अभियुक्तों की तलाश जारी***

**शीशगढ़ /बहेड़ी (बरेली)**- थाना क्षेत्र के एक युवक को गांव के ही कुछ लोगों ने पीट पीट कर किया घायल । युवक को इलाज हेतु जिला अस्पताल में कराया भर्ती । बता दे थाना शीशगढ़ क्षेत्र के गांव रतनपुरा निवासी जाहिद पुत्र असगर अली दवा लेने जा रहा था । युवक के सहोड़ा इंटर कॉलेज चौराहे के समीप पहुंचते ही हमलावरों ने युवक पर हमला बोल दिया, जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक ने बताया बीते दिनों उसके भाई के ट्रैक्टर ट्राली से दो बच्चों के एक्सीडेंट का आरोप लगा था । जिसमें दोनों बच्चों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी । जिस आरोप में युवक का भाई ट्रैक्टर स्वामी व ट्रेक्टर चालक जेल भी जा चुके हैं । घायल युवक का कहना है इसी घटना को लेकर यह पक्ष के लोग रंजिश मानने लगे हैं। कहना है कि यह लोग तभी से हमला करने को ताक लगाए बैठे थे। जैसे ही युवक अकेला अपने घर से दवा लेने निकला वैसे ही हमलावरों ने गांव से कुछ ही दूरी पर उसके ऊपर हमला बोल दिया । युवक ने बताया हमलावरों ने फरसा व लाठी-डंडों से हमला किया था । हमला होने पर जाहिद लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया । चीख-पुकार सुन चारों तरफ के



लोगों में अफरा-तफरी मच गई । उपस्थित कुछ लोगों ने सूचना क्षेत्रीय पुलिस को दी जो की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस फोर्स ने घायल युवक की मदद की । इससे पूर्व हमलावार युवक को मरा समझकर छोड़ फरार हो गए । युवक के काफी गंभीर चोटें आई हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजा, जिसका इलाज चल रहा है । युवक का कहना है हमलावर लगभग 10,15 लोगों की संख्या में थे । युवक ने हमलावरों में जावेद खॉ , पोपल खॉ , इरफान खॉ , फिरासत खॉ , मोहम्मद आसिफ को पहचान लिया जो के गांव के ही निवासी हैं और बाकी अन्य लोगों को घायल युवक पहचान नहीं सका । युवक ने बताया बच्चो की मृत्यु के बाद से ही यह लोग रंजिश मानने लगे हैं । घायल युवक ने बताया यह लोग एक बार पूर्व में भी हमला कर चुके हैं । और अब फिर से युवक के ऊपर हमला बोल दिया । घायल जाहिद का कहना है कि हमलावर चीख चीख कर कह रहे थे हमारे दो बच्चों की जान गई हैं जब तक हम लोग इस परिवार के 2 लोगों की जान नहीं ले लेंगे तब तक चैन से नहीं बैठेंगे । प्रार्थी का कहना है पूरे गांव में हमारी बिरादरी का एक ही घर है । जोकि गांव के दबंग लोगों ने हमारा जीना दुश्वार कर दिया है और दबंगों का कहना है कि अब हम तुम्हें गांव मे नहीं रहने देंगे। युवक ने थाना शीशगढ़ में निष्पक्ष जांच कर हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गुहार लगाई है । पुलिस ने जानलेवा हमले जैसी विभिन्न धाराओं में अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है । जिनमें एक अभियुक्त की गिरफ्तारी हो चुकी है बाकी बचे अभियुक्तों को पकड़ने के लिए पुलिस तलाश कर रही है ।

## विद्युत लाइन की चपेट में आकर अध्यापक की दर्दनाक मौत दूसरे की हालत गंभीर

दैनिक समाज जागरण फारूक अंसारी

**चाँदपुर** ,प्राप्त समाचार के अनुसार प्राथमिक विद्यालय में शौचालय गए टीचर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए शोर-शराबा सुन बचाने गए दूसरे टीचर भी हाईटेंशन लाइन की लाइन की चपेट में आ गया जिससे दोनों पूरी तरह झुलस गए आनन-फानन में दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां दौरा-ने उपचार एक टीचर ने दम तोड़ दिया जबकि दूसरा बुरी तरह झुलस गया जिसको हायर सेंटर रेफर किया गया है जो इस समय जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। गौरतलब है कि चांदपुर थाना क्षेत्र के मीरापुर प्राथमिक विद्यालय में मुख्य अध्यापक के पद पर तैनात कौशल कुमार शौचालय गए थे विद्यालय के ऊपर से गुजर रही जर्जर हाईटेंशन लाइन ने अध्यापक कौशल कुमार को अपनी चपेट में ले लिया तभी यह नजारा देख रहे वहां पर मौजूद दूसरे टीचर जॉनी ने उनको बचाने की जद्दोजहद



शुरू की तो विद्युत लाइन ने उन्हें भी अपनी चपेट में ले लिया यह नजारा देख विद्यालय में अफरा-तफरी मच गई तभी वहा पर मौजूद अन्य अध्यापिकाओ ने बमुश्किल शोर मचा कर दोनों को विद्युत लाइन से बचाया और दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर बुरी तरह झुलसे कौशल कुमार को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जबकि जॉनी को गंभीर अवस्था में हायर सेंटर रेफर किया गया है फिलहाल डॉक्टर की माने तो जॉनी भी जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहा है वहीं विद्यालय में मौजूद अध्यापिका रोमा कुमारी ने बताया कि हमारे द्वारा काफी प्रयास किया गया लेकिन अध्यापक कौशल कुमार नहीं बच पाए। इस दुर्घटना के बाद विद्यालय के अध्यापकों द्वारा विद्युत विभाग पर आरोप लगाए गए हैं बताया जा रहा है कि मृतक अध्यापक अपने परिवार को रोता भी लगता छोड़कर इस दुनिया से चला गया घटना के पश्चात मृतक अध्यापक की पत्नी का रो रो कर बुरा हाल था जो अपने एक गोद के बच्चे को अपने साथ लेकर आई थी इस घटना के पश्चात मृतक अध्यापक के परिजनों का हाल देख कर मौके पर मौजूद लोग बेहद मायूस थे मौके पर पहुंची पुलिस ने संबंधित कार्यवाही प्रारंभ कर दी थी

## घुटना प्रत्यारोपण से मिलती है अपंग जीवन को भी नई दिशा-डॉ दीपिन्दर चोधरी

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

**धामपुर।** स्योहारा। दिल्ली स्थित सर गंगा राम हॉस्पिटल के वरिष्ठ सलाहकार और यूनिट हेड डॉ(प्रो) दीपिन्दर चोधरी ने घुटना प्रत्यारोपण प्रक्रिया से रूबरू कराते हुए बताया कि घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी जिसे नी आर्थोप्लास्टी के नाम से भी जाना जाता है, दर्द से राहत पाने और गंभीर रूप से रोगग्रस्त घुटनों के जोड़ों को वापस सक्रिय करने में मददगार साबित हो सकती है। इस प्रक्रिया में आपकी जांघ की हड्डी पिंडली और घुटने की हड्डी से क्षतिग्रस्त हड्डी और उपास्थि को काटकर उसके स्थान पर मिश्र धातुओं, उच्च श्रेणी के प्लास्टिक और पॉलिमर से बना कृत्रिम जोड़ ;कृत्रिम अंग लगाया जाना शामिल है। क्या घुटना प्रत्यारोपण आपके लिए सही है ये बताते हुए डॉ .दीपिन्दर चोधरी ने बताया कि इसके लिए एक हड्डी रोग विशेषज्ञ आपके घुटनों की चाल, स्थायित्व और उसकी मजबूती की जांच करता है। एक्स-रे के जरिये यह पता लगाया जाता कि जो क्षति हुई है वह कितनी है, किस हद तक ह। उन्होंने आगे बताया कि आपके डॉक्टर घुटना प्रत्यारोपण के विविध प्रकारों और सर्जरी की कई तकनीकों में से आपकी उम्र, वजन, सक्रियता के स्तर, घुटनों की लंबाई और आकार और आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर जो आपके लिए उपयुक्त हो उसका चयन करते हैं। डॉ .दीपिन्दर चोधरी ने बताया कि आप घुटनो की समस्या से निजात के लिए घुटना प्रत्यारोपण को करा सकते हैं जो वाकई एक सफल क्रिया है।



## नजीबाबाद से हुई चार छात्राएं लापता को पुलिस ने सकुशल बरामद किया

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**नजीबाबाद** मिली जानकारी के अनुसार जनपद बिजनौर के नजीबाबाद के मोहल्ला रमपुरा की निवासी 13 वर्षीय वंशिका पुत्री अरविंद सालवान 17 वर्षीय निशा पुत्री अरविंद सालवान 14 वर्षीय आस्था पुत्री अनुप सालवान 13 वर्षीय शिवानी पुत्री सुभाष सैनी मोहल्ला भवन चारो छात्राएं दिनांक 06 .09.2022 को सुबह 7:30 बजे घर से आर्य समाज कन्या इंटर कॉलेज जाने के लिए निकली परिजनो ने बताया कि जब उन्हे पता चला कि वह स्कूल ही नही पहुंची तो परिजन परेशान हो गए और उनकी तलाश शुरू कर दी काफी तलाश करने के बाद जब उनका कुछ पता नही चला तो परिजनो ने स्थानीय पुलिस को सारी घटना से अवगत कराया पुलिस तत्काल ही उनकी तलाश मे जुट गई और सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए पुलिस अधीक्षक द्वारा चारो छात्राओ को शीघ्र सकुशल बरामदी के लिए स्वाट सर्विलांस सहित तीन टीमे गठित की गई नजीबाबाद पुलिस क्षेत्रधिकारी गजेंद्र पाल सिंह की कार्यकुशलता मे व उत्तराखंड इंस्पेक्टर राजेंद्र राणा के नेतृत्व मे गठित टीमो ने चारो छात्राओ को देहरादून (उत्तराखंड) से सकुशल बरामद कर लिया गया पुलिस की माने तो चारो छात्राओ को पहले कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा बयान होने के बाद कोर्ट के आदेश अनुसार आगामी कार्रवाई अमल मे लाई जाएगी बच्चो को पाकर परिजनो में खुशी की लहर दौड़ उठी परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया इस कार्य से क्षेत्र की जनता पुलिस के वाहवाही कर रही है




## विद्युत अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ अभद्रता करने के आरोप में ग्रामीणो पर मुकदमा दर्ज

रिपोर्ट विकास शर्मा दैनिक समाज जागरण बिजनौर

**कोतवाली देहात ।** विद्युत उपकेंद्र कोतवाली के अवर अभियंता व उसकी टीम के साथ ग्रामीणों ने विद्युत कनेक्शन विच्छेदन करते समय अभद्रता करते हुए विरोध किया। पुलिस अवर अभियंता की तहरीर पर एक नामजद सहित 40-50 अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। विद्युत उपकेंद्र कोतवाली देहात के अवर अभियंता विशाल कुमार शनिवार को प्रातः लगभग 10 बजे अपनी टीम में शामिल दीपक कुमार तकनीशियन, दिनेश कुमार, मोंटी कुमार, ताविस और जितेंद्र कुमार के साथ कस्बा व थाना कोतवाली देहात के मोहल्ला अथर कालोनी में विद्युत विच्छेदन एवं विद्युत चेकिंग कर रहे थे। जैसे ही वह मोहल्ले में शाहिद के घर पर पहुंचे तो उसने अपने मोहल्ले के 40-50 लोगों के साथ मिलकर विद्युत टीम का विरोध किया और मोहल्ले में घुसने पर भुगत लेने की धमकी दी। उन्होंने टीम के सरकारी कार्य करने में बाधा भी डाली। विद्युत टीम बिना कार्रवाई के बैरंग लौट गई। पुलिस ने अवर अभियंता विशाल कुमार की तहरीर पर शाहिद समेत 40-50 अज्ञात अन्य आरोपितो के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालना समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घटना में शामिल नौ आरोपितों को हिरासत में ले रखा है।

## आला हजरत ताजुशशरिया सोसायटी की पहल से तीन बच्चों ने किया नीट एग्जाम पास

***सोसाइटी ने 40 बच्चों को अपनी ओर से कोचिंग कराई जिसमें 3 बच्चों की किस्मत चमकी, फरमान मियां की मदद से डेल्टा क्लासेस के मेधावियो ने नीट परीक्षा में कामयाबी हासिल की..***


समाज जागरण संवाददाता मो शादाब

**बरेली** दरगाह आला हजरत से जुड़ा संगठन आला हजरत हुजूर ताजुशशरिया वेलफेयर सोसायटी ने 40 बच्चों को जनकपुरी स्थित डेल्टा कोचिंग में नीट की मुफ्त कोचिंग करायी। जिसमें कुल 3 बच्चें सफल हुए। ये संगठन काजी-ए-हिंदुस्तान मुफ़्ती असजद रजा खान (असजद मियां) की अगुवाई में मजहबी कार्यो के साथ साथ सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहा है। सोसाइटी के संस्थापक व जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खान (फरमान मियां) मिशन है कि उनकी सोसायटी बिना किसी मजहबी बंदिशों के समाज के हर तबके की मदद की जाए। सोसायटी पिछले सालों में भी नीट की मुफ्त कोचिंग करा चुकी है। जिसमें कई बच्चे सफल हुए। इसके अलावा गरीबो के मुफ्त ऑपरेशन भी समय समय पर बिना किसी जाति व धर्म के लोगो के कराए जा रहे है। फरमान मियां ने बताया कि समाज का ऐसा गरीब तबका जो पढ़ने में मेधावी है लेकिन माँ बाप की आर्थिक तंगी की वजह से आगे की पढ़ाई नही कर पा रहे है उनको सोसायटी द्वारा मुफ्त कोचिंग करायी जा रही है। इसी कड़ी में इस साल जनकपुरी की डेल्टा कोचिंग की मदद से लगभग 40 बच्चों को मुफ़्त कोचिंग करायी गयी जिसमे 3 बच्चें अच्छे-अच्छे नंबर से सफल हुए। फरमान मियां ने डेल्टा कोचिंग के डायरेक्टर सय्यद जसीम,डॉ तनवीर के अलावा फकेल्टी टीम के डॉक्टर कफील,ई0 आसिफ व मोहम्मद मोईद को 60% रिजल्ट पर मुबारकबाद दी। नीट में कामयाब होने वाले अभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। डेल्टा कोचिंग के डायरेक्टर इंजीनियर सय्यद जसीम ने बताया कि संजय गंगवार ने 615 उजमा अंसारी ने 629 व मोहम्मद रिजवान ने 666 रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रौशन किया। इस मौके पर जमात के समरान खान डॉ मेहंदी हसन हाफि ज इकराम मोईन खान आदि ने मुबारकबाद दी

### पीड़ित महिला ने लगाया पति एव जेठ पर मारपीट का आरोप

दैनिक समाज जागरण


**सम्भल।** पीड़ित महिला ने लगाया अपने पति पर गम्भीर आरोप कहा जेठानी से है चक्कर थाना नखासा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत ततारपुर संदल निवासी धमानी सिह ने अपनी पुत्री शशीबाला की चार बर्ष पूर्व जितेन्द्र सिंह पुत्र नन्हूआ निवासी भारतल सिरसी थाना नखास सम्भल औ के हिंदू रीति रिवाज के साथ की थी जिस में शशीबाला ने एक बेटे को जन्म दिया बेटा दो बर्ष का है कल शाम को शशीबाला के के भतीजे का जन्मदिन था मेरे भाई ने फोन किया था तो मेरे पति ने कहा आप हमारे घर आ जाओ फिर साथ चलेंगे और मेरा भाई हमारे घर पर आ गया लेकिन बाद में मेरे पति ने जाने से इंकार कर दिया जाने को लेकर दोनो पति पत्नी में बिबाद हो गया और नौबत मारपीट तक पहुंच गई दोनों में मार पीट को देखकर राहुल बचाने लगा शशीबाला ने आरोप लगाते हुए बताया है की मेरे ब मेरे भाई के साथ जितेन्द्र पुत्र नन्हूआ, हरद्वारी पुत्र नन्हूआ ने जमकर मार पीट की है और मेरा पति मुझे आये दिन मारता रहता क्यों की मेरे पति का मेरी जीठानी के साथ चक्कर है इस लिए मुझे आये दिन प्रताणित करता रहता है और बार बार घर से निकालता है मारपीट की घटना के सम्बन्ध में मैंने थाने में तहरीर दे दी है पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मेरे पति को पकड़ लिया है और बह थाने मैं बंद है लेकिन जेठ को अभी नहीं पकड़ा है पुलिस द्वारा मेरा मैडिकल कराने जिला अस्पताल भेजा है।



### पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की मीटिंग

दैनिक समाज जागरण बहजोई ।

पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की मीटिंग आज सुबह 10:30 बजे मंडी समिति पुलिस लाइन बहजोई में उड डॉक्टर प्रदीप कुमार की देखरेख में संपन्न हुई जिसमें 34 पत्रावलियों को सुनकर तीन पत्रावलीओं का निस्तारण किया गया दो परिवारों काउंसलरों द्वारा मिलाने में सफलता हासिल की एक पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण बंद करने की संस्तुति की गई इस अवसर पर महिला थाना प्रभारी इस्पेक्टर पूनम आनंद महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सीताराम काउंसलर अखिलेश अग्रवाल लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट मलिका चौधरी नूतन चौधरी तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक विपुल यादव व पूजा आदि उपस्थित रहे



# किसानों के सामाजिक एवं आर्थिक उन्नयन हेतु जागरूकता कार्यक्रम, किसान गोष्ठी

**ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के वित्तीय सहयोग से माँ सुरसरी सेवा संस्थान, कथरिया द्वारा ब्लॉक के थुम्भा उत्तम गाँव में एफएसपीएफ परियोजना में तीन गाँव के लघु एवं सीमांत किसानों के सामाजिक एवं आर्थिक उन्नयन हेतु जागरूकता कार्यक्रम किसान गोष्ठी का आयोजन गुरुवार को किया गया।



शुभारम्भ मुख्य अतिथि एलडीएम राजकुमार पाण्डेय व डीडीएम नाबार्ड मोहित यादव ने द्वीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरान एलडीएम राजकुमार पाण्डेय ने किसानो से लो पाली टनल परियोजना की जानकारी लेते हुए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम और किसान गोष्ठी में किसानों को संबोधित करते हुए आशा व्यक्त किया कि इस परियोजना से जुड़े किसान अपनी मेहनत से अपनी आय को दोगुना करने में सफलता प्राप्त करेंगे। साथ ही इस दौरान डीडीएम नाबार्ड मोहित यादव ने कहा कि परीयोजना से जुड़कर इस तकनीकी का प्रयोग कर किसान आफ सीजन सब्जी की खेती बड़े पैमाने पर कर रहे हैं, जिससे उनका आर्थिक विकास हो रहा हैं, साथ ही क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए मार्गदर्शक बनने का कार्य कर रहे हैं। परियोजना प्रमुख डॉ. अशोक कुमार सिंह (एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष टीडी कॉलेज) ने उपस्थित किसानों को उक्त परियोजना के बारे में बताया कि लो पॉली टनल का अपना एक सूक्ष्म वातावरण होता है जो तापमान, नमी, आपेक्षिक आद्रता, पोषण तथा वृद्धि एवं विकास को नियंत्रित करता है,इसलिए आफ सीजन सब्जियों की खेती इस तकनीक से उपयोगी एवं लाभदायक है, लो पॉली टनल में पतिदार, जड़वाली, कंद वाली तथा फल फूल वाली सभी प्रकार के सब्जियों की खेती करना आसान है ,दूसरी तरफ इसमें सिंचाई प्रबंधन, खाद उर्वरक प्रबंधन, रोग व कीट प्रबंधन एवं मृदा का संरक्षण करना आसान एवं कम खचीर्ला है। इस तकनीक के माध्यम से किसान अपना सामाजिक एवं आर्थिक विकास कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं।साथ ही इस दौरान किसानों के प्रश्नों का उचित समाधान किया। परियोजना प्रबंधक राजनारायण सिंह ने कहा कि लो पॉली टनल तकनीकी के माध्यम से किसान बेमौसम सब्जियों का उत्पादन कर बाजार में बेचकर अत्यधिक लाभ कमा सकते हैं, उन्होंने बताया कि सब्जी की खेती को करने के लिए लो पॉली टनल तकनीकी एक सर्वोत्तम तकनीकी है।इस तकनीक से खेती करने पर ऑफ सीजन सब्जियों की उपलब्धता से किसानों को सम्मानजनक आय होती हैं। एलडीएम राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि जिसका भी केसीसी नहीं हुआ है, बैंक में जाकर अपना केसीसी करा सकते हैं। सभी अतिथियों द्वारा किसानो के खेत पर जाकर लो पाली टनल तकनीक का अवलोकन किया गया एवं उनकी समस्याओं का उचित जानकारी देकर समाधान किया गया। संचालन प्रगतिशील किसान जयप्रकाश सिंह ने तथा सभी का आभार माँ सुरसरी सेवा संस्थान, कथरिया के सचिव डॉ. सुधीर कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर जयप्रकाश कुशवाहा, चंद्रभान सिंह, श्रीकृष्ण सिंह सहित शाहपुर, कोटवा एवं थुम्हाउत्तम गांव के सभी चयनित एवमं अन्य किसान मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय सचल चिकित्सा यूनिट के चिकित्सक ने वाहन को गांव में ले जाने से किया मना

# चिकित्सक के मनमानी रवैये से मरीजों को इलाज हेतु आना पड़ा सड़क पर मामला गड़वार के नरायनपाली गांव का

### -ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष की बात भी चिकित्सक ने नहीं सुनी, अड़े रहे जिद पर

**ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : राष्ट्रीय सचल चिकित्सा यूनिट के चिकित्सक की मनमानी पूर्ण रवैये के कारण नारायनपाली गांव के लोगों को सड़क किनारे इलाज व दवा के लिए आना पड़ा। शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की राष्ट्रीय सचल चिकित्सा यूनिट की एम्बुलेंस नारायनपाली गांव लोगों के चिकिस्कीय परीक्षण कर दवा देने के लिए पहुंची। एम्बुलेंस पर तैनात चिकित्सक द्वारा एम्बुलेंस गड़वार-बलिया मुख्य मार्ग पर सड़क से सटकर खड़ी कराकर ग्रामीणों का चिकिसकीय परीक्षण शुरू कर दिया गया।



बताते चलें कि इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों की संख्या में वाहनों का आवागमन लगा रहता है। आये दिन सड़क दुर्घटना भी इस स्थान पर होती रहती है। इस स्थान पर लोगों को अपनी चिकित्सा कराने में असुविधा हो रही थी। इसकी शिकायत लोगों द्वारा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल यादव से की। मौके पर पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि ने एम्बुलेंस पर तैनात चिकित्सक से गांव के पंचायत भवन या सरकारी विद्यालयों अथवा आंगनवाड़ी केंद्र पर एम्बुलेंस ले जाकर चिकिसकीय परीक्षण करने को कहा। लेकिन चिकित्सक ने एक नहीं सुनी व सड़क से सटकर एम्बुलेंस खड़ी करवाकर ही चिकिसकीय परीक्षण कर दवा वितरण करने की जिद पर अड़े रहे। जिससे ग्रामीणों व एम्बुलेंस कर्मियों में तू तू मैं मैं भी हुआ। इसको लेकर लोगों में चिकित्सक के व्यवहार को लेकर खासी नाराजगी रही। काफी संख्या में लोगों ने बिना दवा इलाज के ही बैरंग वापस लौट गए।

## संपन्न हुआ संत शिरोमणि गणिनाथ का पूजनोत्सव

**विवेक राय, दैनिक समाज जागरण**

नरहीं (बलिया) : संत शिरोमणि गणिनाथ जी पूजनोत्सव समारोह बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। आयोजन में बिहार एवं गाजीपुर के लोग भी शामिल हुए।



हर साल की भांति इस वर्ष भी बाबा गणिनाथ समिति गड़हा क्षेत्र के तत्वावधान में उजियार गंगा तट पर स्थित अन्नपूर्णा मंदिर पर शनिवार को बाबा गणिनाथ की पूजा में भारी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुई। पूजा विधिवत हवन पूजन के साथ संपन्न हुआ इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया संगोष्ठी में निमार्णाधीन गणिनाथ मंदिर के भव्यता को लेकर विचार विमर्श भी किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष रघुनंदन गुप्ता, रामजी गुप्ता, विजय गुप्ता, गोविंद जी, गणेश जी, रमाशंकर, राजकुमार, सुभाष चन्द्र अमरेश,भरत अनिल कुमार गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस पर पहुंचे डीआईजी, दिया निर्देश

विवेक राय, दैनिक समाज जागरण नरहीं (बलिया) : स्थानीय थाने पर आयोजित समाधान दिवस कार्यक्रम में डीआईजी अखिलेश कुमार पहुंचे। डीआईजी ने पुराने मामले को देखा तथा निस्तारण करने को कहा। तत्पश्चात इसके आफिस बैरक के साफ सफाई का भी निरीक्षण किया। शनिवार को सामाधान दिवस पर पहुंचे डीआईजी अखिलेश कुमार ने रजिस्टर चेक किए, पुराने मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को कहा। समाधान दिवस में केवल चार नए मामले आए जबकि पुराने पड़े पांच मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस मौके पर सीओ सदर अशोक कुमार मिश्र, एसडीएम राहुल यादव, थाना प्रभारी पन्नेलाल, एसआई उमापति गिरि सहित कानूनगो और लेखपाल उपस्थित रहे।



## जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में कक्षाएं और शुरू हुई रोडवेज बस सेवा

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण बलिया :** जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के भोजपुरी भवन परिसर में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की विषम सेमेस्टर की कक्षाएँ प्रारंभ हो चुकी है। निदेशक शैक्षणिक डा. पुष्पा मिश्रा ने समस्त छात्र छात्राओं को निर्देशित किया है कि वे कक्षाओं में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। बताया कि रोडवेज बस स्टेशन बलिया से आवागमन के लिए बस सुविधा शुरू हो चुकी है। प्रथम पाली के लिये सुबह 8 बजे प्रस्थान कर बसन्तपुर मोड़ होते हुए विश्वविद्यालय पहुँच जाएंगी। द्वितीय पाली के लिए 11.30 बजे रोडवेज से प्रस्थान करेंगी। विश्वविद्यालय से बस की वापसी दोपहर 12.20 और शाम 4 बजे होगी। एसोसिएट प्रोफेसर डा. प्रियंका सिंह और एसोसिएट प्रोफेसर डा. अजय कुमार चौबे सहित अन्य प्राध्यापक गण की निगरानी में कक्षाएं संचालित हो रही है। विश्वविद्यालय में नवनियुक्त शिक्षकों द्वारा पठन पाठन शुरू है। छात्र कक्षा में शामिल होकर अधिक से अधिक ज्ञान वृद्धि करे।



**-पब्लिक को खुशखबरी** डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए डाकघरों में 'प्रोजेक्ट फास्ट ट्रैक अभियान'

# अब डाकघरों में यूपीआई आधारित क्यूआर कोड से डिजिटल भुगतान, कैश की समस्या से छुटकारा : पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

बलिया : भारत सरकार कैशलेस व्यवस्था को प्रोत्साहित करने हेतु डाकघरों में भी ऑनलाइन और डिजिटल पेमेंट को बढ़ावा दे रही है। 'डाकिया डाक लाया' से 'डाकिया बैंक लाया' तक के सफर में जहाँ डाक विभाग के माध्यम से सरकार वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित कर रही है, वहीं अब देश भर में डाकघरों के माध्यम से 'डिजिटल पेमेंट' को भी बढ़ावा दिया जायेगा। सुदूर क्षेत्रों तक डाक विभाग की पहुँच होने के चलते ग्रामीण इलाकों के लोग भी डिजिटल पेमेंट करना सीख सकेंगे।

उक्त जानकारी देते हुए वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाकघरों में डिजिटल पेमेंट की व्यवस्था के लिए क्यूआर कोड से यूपीआइ आधारित आनलाइन भुगतान की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए 'प्रोजेक्ट फास्ट ट्रैक" अभियान भी चलाया जा रहा है। इससे जहाँ डाक कर्मियों को डिजिटल भुगतान प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर डाकघरों में आए ग्राहकों को डिजिटल भुगतान के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। वाराणसी परिक्षेत्र के डाकघरों में 16 हजार से अधिक डिजिटल ट्रांजैक्शन हो चुके हैं जो कि





उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक हैं। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि डाकघरों में हुए डिजिटल ट्रांजैक्शन की प्रगति की निगरानी हेतु ऑनलाइन पोर्टल भी बनाया गया है। वाराणसी परिक्षेत्र के सभी 6 प्रधान डाकघरों, 268 उप डाकघरों और 1209 शाखा डाकघरों में क्यूआर कोड से डिजिटल पेमेंट की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। इसमें वाराणसी पूर्वी मंडल के 224, वाराणसी पश्चिमी मंडल के 211, जौनपुर के 402, गाजीपुर के 337 और बलिया के 309 डाकघर शामिल हैं। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाकघरों में स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री पत्र, रजिस्टर्ड पार्सल, रजिस्टर्ड फॉरेन पत्र, व अन्य रजिस्टर्ड आर्टिकल्स, इंटरनेशनल एयर पार्सल, एरोग्राम इंटरनेशनल, फ्रैंकिंग मशीन रिचार्ज, बिजनेस पोस्ट, बिल मेल सेवा, विभागीय परीक्षा शुल्क इत्यदि के चार्ज का भुगतान अब डिजिटल पेमेंट के माध्यम से हो सकेगा। पत्र/पार्सलों की बुकिंग के दौरान काउंटर क्लर्क द्वारा पॉइंट ऑफ सेल पर पत्र के प्रेषक व प्राप्तकर्ता की सभी जानकारियों को दर्ज करने के उपरांत ग्राहक को रकम बताई जायेगी और क्यूआर कार्ड को स्कैन कर भुगतान की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। उक्त क्यूआर कोड को स्कैन कर किसी भी यूपीआई पेमेंट मोबाइल एप्लीकेशन जैसे डाक पे, गूगल पे, फोन पे, पेटीएम, एमेजन पे, इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक आदि के द्वारा डिजिटल भुगतान किया जा सकेगा। भुगतान की प्रक्रिया ग्राहक द्वारा पूर्ण करने पर सॉफ्टवेयर सेन्ट्रल सर्वर से भुगतान संपन्न होने की जानकारी लेगा और ग्राहक की रसीद प्रिंट हो जाएगी। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि इस सेवा के शुरू होने से ग्राहकों की सुविधाओं में इजाफा होने के साथ-साथ डिजिटल अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। इससे डाकघरों में आए हुए ग्राहकों को फुटकर पैसों की समस्या से राहत मिल जाएगी और काउंटर पर बैठे डाक सहायक को भी नकद लेन-देन से छुटकारा प्राप्त हो जाएगा और समय की भी बचत होगी। ग्राहकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसलिए नकद रकम देकर भी डाक वस्तुओं की बुकिंग का कार्य पूर्व की ही भांति होता रहेगा।

## समाधान दिवस पर फरियादियों की उमड़ी भीड़

**कृष्ण कुमार पांडेय, दैनिक समाज जागरण**

बांसडीह (बलिया : बांसडीह थाना दिवस पर हर दिवस की भांति शनिवार को भी फरियादियों को भींड़ रही। लेकिन जिले से पहुंचे एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी की वजह से अंदाज कुछ अलग रहा।

ऐसे में सर्किल ऑफिसर राजेश कुमार तिवारी एवं नवागत कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह थाना समाधान



दिवस की कार्यवाही में लगे रहे। समाधान दिवस में कुल 5 मामले आये जिसमे 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। ज्यादा मामले भूमि संबंधी रहे। बता दें कि जिले के सभी थानों पर शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। वहीं बांसडीह कोतवाली में उक्त दिवस पर एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी का आना हुआ। जहां फरियादियों की अच्छी खासी ऋंखला देखने को मिली। थाना कोतवाली में एएसपी ने कहा कि शासन के मंशानुरूप जनता के हित में कार्यों को करना है। ऐसा एसपी राजकरण नय्यर का निर्देश है। बांसडीह कोतवाली में लोगों की समस्याएं सुनी गईं। त्वरित समाधान निकाला गया। क्षेत्राधिकारी प्रार्थना पत्रों को पढ़कर सुनवाई करते रहे। नवागत कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि मेरी पहली तैनाती है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए लोगों से अपील है। यदि कोई कानून से मजाक करेगा तो कड़ाई से पुलिस पेसआयेगी। समाधान दिवस में मुख्य रूप से बसंत सिंह, श्रीराम, रमेश ,अखिलेन्द्र प्रताप सिंह,आदि रहे।

# नवरात्रि, दशहरा और चेहल्लुम को लेकर गड़वार थाने में बैठक

### *त्योहार को लेकर मुस्तैदी, क्षेत्राधिकारी नगर प्रीति त्रिपाठी ने बताया कैसे मनाना है पर्व*

**ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण**



गड़वार (बलिया) : थाना प्रांगड़ में शुक्रवार की शाम को आगामी नवरात्र, दशहरा व चेहल्लुम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन कराने के दृष्टिगत सीओ नगर प्रीति त्रिपाठी की अध्यक्षता में क्षेत्र के पूजन कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान सीओ ने कहा कि सरकारी निदेर्शानुसार इस बार सभी पूजन कमेटियों को मूर्ति स्थापना के लिए एसडीएम से अनुमति लेना है। सड़क पर मूर्ति स्थापना नहीं करनी है व सड़क जाम नहीं करना है। परम्परागत रास्तों से ही मूर्ति विसर्जन जुलूस व चेहलुम का जुलूस ले जाना है। कहा कि डीजे नहीं बजाना है, लाउडस्पीकर व बाजे का प्रयोग कर सकते हैं। थाना प्रभारी राजकुमार सिंह ने पूजन आयोजकों से कहा कि पंडाल में लोहे की पाइप का प्रयोग न करें, बांस बल्ली का प्रयोग करें। जिससे बिजली के करेंट के कारण कोई घटना न हो। पूरे तन्मयता व आपसी प्रेम सौहार्द से मिलजुलकर त्योहार मनाएं। अति उत्साह में कोई कार्य न करें। कानून के दायरे में रहकर ही कोई भी कार्य करें। कहा कि अराजकता फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है। अराजक तत्वों पर कठोर कार्यवाई की जाएगी। कहा कि पुलिस आपकी सदैव सहायता करेगी। इस अवसर पर रतसर चौकी प्रभारी गिरिजेश सिंह, फूलचंद यादव, कालीशंकर तिवारी, सौरभ कुमार, राघवेंद्र सिंह सहित दर्जनों पूजन कमेटी के अध्यक्ष व सदस्य मौजूद रहे।

### प्रजापति समाज के लोगों ने समाज के मंत्री पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप

# समाज व समिति से किया निष्कासन गड़वार ब्लॉक के बरवां गांव के पंचायत भवन में हुई समाज की बैठक, लिया महत्वपूर्ण निर्णय

**ब्रजेश दुबे, दैनिक समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : क्षेत्र के बरवां गांव के पंचायत भवन पर शनिवार की सुबह प्रजापति विकास समिति द्वारा एक बैठक आहूत की गई। बैठक में समाज के मंत्री पर धोखाधड़ी का आरोप लगा उन्हें समाज और समिति से निष्कासित किया गया। बैठक में प्रजापति समिति के पदाधिकारियों ने उपस्थित जनों को बताया कि समिति के मंत्री रामप्रवेश प्रजापति ने धोखाधड़ी कर समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का फर्जी ढंग से हस्ताक्षर कर नया बायलॉज बनवाया है, जिसमें इसके द्वारा अपने रिश्तेदारों व नजदीकी लोगों का नाम सदस्य के रूप में अंकित करवाया गया है। जबकि पहले के समिति के बायलॉज में सदस्य दूसरे थे। पदाधिकारियों ने बताया कि आरोपित मंत्री से सदस्यों का नाम व समिति का जायजा लेने पर वह भड़कते थे तथा कागजात दिखाने से इनकार कर देते थे। फजीर्वाड़ा की जानकारी तब हुई जब समिति के प्रबंधक रामप्रसाद, उपाध्यक्ष बलिराम प्रजापति ,महावीर, जितेंद्र व मनोज आजमगढ़ मंडल चिटफंड कार्यालय में जाकर द्वितीय पत्रवाली निकलवाए तो पता चला कि सभी सदस्यों का हस्ताक्षर फर्जी है। इस फजीर्वाड़े पर उक्त आरोपित के खिलाफ आजमगढ़ कमिश्नरी कोर्ट में समिति के पदाधिकारियों द्वारा फजीर्वाड़े का मामला दाखिल भी कराया गया है। साथ ही आरोपित प्रजापति विकास समिति के मंत्री रामप्रवेश प्रजापति को समाज से भी निष्कासित कर दिया गया है। इस मौके पर जितेंद्र प्रजापति, श्रीराम प्रजापति ,मनोज ,जितेंद्र आदि मौजूद रहे।



# मामला समाधान दिवसः पत्नी ने प्रशासन से लगाई गुहार, पति के साथ नहीं रह सकती

### शादी के 20 साल बाद एसडीएम से पत्नी ने कहा पति के कपड़ों से आती है बदबू

**नित्यानंद सिंह, दैनिक समाज जागरण**

बैरिया (बलिया) : पिछले बीस वर्षों से पति के साथ रह रही पत्नी को अचानक पति के कपड़ों से बदबू आने लगी। पत्नी ने बैरिया थाना पहुँच कर समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्र से दोनों हाथ जोड़कर विनती करते हुये कहा कि साहब मैं अपने पति के साथ अब नहीं रहना चाहती। इनका कपड़ा हरवक्त इतना मैला कुचैला रहता है इनके शरीर व कपड़े से दुर्गंध आती है। लिहाजा हमने तय कर लिया है कि मैं इनसे अलग रहूंगी। मुझे इनसे छुटकारा दिलवा दीजिए। थाना समाधान दिवस पर इस तरह की फरियाद से अधिकारी से लगायत फरियादी हर कोई भौचक्का रह गया। एसडीएम ने पति को बुलवाया और पूछा क्यों गंदे रहते हो । पति बोला खेत में काम करता हूं। किसान हूँ खेत में मवेशी भी रखा हूं। दिन भर काम करने मवेशियो का चारा काटने, गोबर फेकने व मवेशियो को खिलाने पिलाने से वस्त्र गंदा तो होगा ही। अधिकारियों ने उसे काफी फटकार लगाते हुये कहा कि सभी काम करने के बाद तुम खुद भी साफ सुथरा रहा करो वर्ना हाथ मलते रह जाओगे। काफी समझाने बुझाने के बाद एसडीएम ने पति पत्नी को साथ रहने के लिये तैयार किया। और किसी तरह से समझा-बुझाकर पति पत्नी को वापस घर भेजा।

मामला बैरिया नगर पंचायत के एक गांव का है। थाना समाधान दिवस पर आये इस अजीबोगरीब मामले को लेकर दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा।

# दर्जनों गांवों में बोयी गयी फसलों का हुआ सर्वे

दैनिक समाज जागरण बलिया : शासन के निदेर्शानुसार जनपद में बोई गई फसलों का जनपद स्तरीय कमेटी की ओर से सर्वे शुरू किया गया है।

तहसील सदर के अंतर्गत ग्राम बघौना, भरौली खुर्द ,विशेश्वरपुर इब्राहिमपुर माफी, दुलारपुर रामगढ़, कुर्मी डीह, भरौली, सुरही एवं तहसील रसड़ा अंतर्गत औंदी एवं डुमरी गांव का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी राजेश सिंह, जिला कृषि अधिकारी, उप निदेशक कृषि इंद्राज, जिला आपदा विशेषज्ञ पीयूष सिंह, जिला उद्यान अधिकारी सहित राजस्व विभाग व कृषि विभाग के कर्मचारी साथ थे।

## समाधान दिवस में प्रस्तुत 22 प्रार्थना पत्र में 8 का मौके पर निस्तारण

**रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण**

सिकन्दरपुर (बलिया) : थाना समाधान दिवस में जन समस्याओं को उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी सिकंदरपुर भूषण वर्मा ने सुना और निस्तारण भी किया ।

शनिवार को थाना समाधान दिवस पर कुल 22 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 8 का निस्तारण मौके पर ही उप जिलाधिकारी सिकंदरपुर और क्षेत्राधिकारी सिकंदरपुर ने कर दिया। 12 आवेदन पत्र के लिए अलग अलग टीम बनाई



गई। पुलिस और राजस्व के कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचकर मामले का निस्तारण कराने के लिए उप जिलाधिकारी सिकंदरपुर में आदेशित किया। उप जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व कर्मचारी और पुलिस विभाग की टीम मौके पर साथ-साथ जाएगी और मामले का निस्तारण कर आएगी और उसका रिपोर्ट उप जिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी सिकंदरपुर को देगी। अगर किसी प्रकार की आपको दिक्कत होती है तो आप लोग एसएचओ को भी साथ ले ले। सबसे ज्यादा मामला राजस्व से संबंधित था। इस अवसर पर चौकी प्रभारी सिकंदरपुर मुरारी मिश्रा, कानूनगो अक्षयवर पांडेय, लेखपाल पवन पांडेय, अजीत सिंह सहित तहसील के सभी लेखपाल और कर्मचारी मौजूद रहे।

# एनएच पर बाइक के धक्के से एक की मौत

**शंकर सिंह, दैनिक समाज जागरण**

लक्ष्मणपुर (बलिया) : नरहीं थाना क्षेत्र के ग्रामसभा कुत्तुबपुर गांव के सामने एनएच 31 सड़क पर पैदल जा रहे कर्मचारी की बाइक के धक्के से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया।



शनिवार को सुबह करीब साढ़े आठ बजे कुत्तुबपुर गांव निवासी राजेश चौधरी (40) पुत्र स्व. विक्रमा चौधरी एनएच 31 सड़क पर पैदल जा रहा था कि तभी अचानक तेज गति से कोटवानारायणपुर की तरफ से भरौली की तरफ जा रहे बाइक सवार ने जोरदार धक्का मार दिया। दुर्घटना के बाद बाइक सवार फरार भी हो गया। ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंच कर देखें तो राजेश चौधरी दम तोड़ चुके थे। राजेश लोक निर्माण विभाग का चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी थे। इस घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# त्योहार को लेकर थाना परिसर में हुई बैठक

रजनीश श्रीवास्तव, दैनिक समाज जागरण सिकन्दरपुर (बलिया) : दुर्गा पूजा पूजा व चेहल्लुम त्यौहार के मद्देनजर उपजिलाधिकारी अखिलेश कुमार यादव की अध्यक्षता में थाना सभागार सिकंदरपुर में शनिवार की शाम को पीस कमेटी की बैठक आहूत की गई।

बैठक में मातमी पर्व मुहर्रम के उपलक्ष में मनाए जाने वाले चेहल्लूम, तथा दशहरा त्यौहार पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी सिकंदरपुर भूषण वर्मा ने कहा कि मातमी पर्व मोहर्रम के चेहल्लुम को, पूर्व की भांति ही शांति व सद्भाव के साथ मनाएं। वही दशहरा त्यौहार को लेकर उन्होंने खासतौर पर निर्देशित किया कि सरकारी गाइडलाइन का पालन करते हुए त्यौहार को अमन और शांति के साथ मनाएं । उन्होंने कमेटी के अध्यक्षों से कहा कि हर पंडाल की कमेटी से 15-15 वॉलिंटियर्स की टीम बनाकर, व्यवस्था को बनाकर रखना है। तथा सभी वॉलिंटियर्स टीम की लिस्ट बनाकर हमें प्रेषित करेंगे जिससे कि हम लोग समय समय पर संपर्क साध कर स्थिति का जायजा लेते रहेगे। वॉलिंटियर किसी भी संदिग्ध की पहचान कर हमें तुरंत अवगत कराएंगे। इस दौरान एसएचओ सिकंदरपुर योगेश कुमार यादव, क्राइम स्पेक्टर सिकंदरपुर रामायण सिंह, चौकी प्रभारी सिकंदरपुर मुरारी मिश्रा समेत आदि प्रशासनिक लोग मौजूद रहे।

# अपहरण कर रहे अपराधियों को ग्रामीणों व छात्रों ने खदेड़ा

नित्यानंद सिंह,
दैनिक समाज जागरण

बैरिया (बलिया) : स्थानीय थाना क्षेत्र के टोला शिवनराय गांव में शुक्रवार को 9 वर्षीय छात्रा का अपहरण कर रहे अपराधियों को छात्रों व ग्रामीणों ने हो-हल्ला बोल खदेड़ा । अपराधी फरार हो तो गए पर ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार टोला शिवनराय निवासी निशि कुमारी उम्र 9 वर्ष पुत्री कमलेश प्रसाद साह अपने 5 वर्षीय भाई के साथ गांव में स्थित आधार शिला पब्लिक स्कूल में रोज की भांति पढ़ने गई थी । सुबह 9 बजे के करीब सभी बच्चे स्कूल में खेल रहे थे तभी दो युवक मोटरसाइकिल से आये और निशी को बुलाकर कहा कि आज पढ़ाई नहीं होगी चलो तुम्हें घर पहुचा देगें । निशि ने जब अपने को छुड़ाते हुए कहा कि नहीं आज पढ़ाई है और हमें छोड़ दो तब दोनों अपराधी उसे जबरजस्ती गाड़ी पर बिठाने लगे। इसी बीच उसके छोटे भाई ने अपने बहन को अगवा होते देख जोर-जोर से चिल्लाने लगा । वही बगल के ही एक कोचिंग में पढ़ रहे दर्जनों युवाओं ने जब यह देखा तो ललकारते हुए अपराधियों को पकड़ने हेतु दौडा लिए । हो-हल्ला सुन ग्रामीण भी काफी संख्या में इक्कठा हो गये परन्तु सभी को चकमा दे दोनों अपहरणकर्ता भागने में सफल हो गये । मामले की भनक लगते ही चाँददियर पुलिस चौकी के सिपाही भी मौके पर पहुंचे परन्तु तब तक अपराधी रफ्फू चक्कर हो गए थे । स्कूल के टीचर ने डरी और सहमी बच्ची को उसके घर पहुँचाया । इस घटना को लेकर लोगों में अपने नौनिहालो को स्कूल भेजने में भय का वातावरण बना हुआ है। इस सम्बन्ध में प्रभारी चाँद दियर चौकी इंचार्ज गुरु प्रसाद सिंह ने बताया कि इस सम्बन्ध में कोई तहरीर नही मिली है। फिर भी पुलिस द्वारा अपने स्तर से जांच कराई जा रही है।

# ग्राम पंचायत घोटाला : रेवती पुलिस ने मुकदमे में शुरू की जांच पड़ताल

ऋतुराज तिवारी बिन्दु, दैनिक समाज जागरण

रेवती (बलिया) : रेवती विकास खण्ड के सहायक विकास अधिकारी विनोद कुमार पांडेय की तहरीर पर रेवती पुलिस ने गोपाल नगर के ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी तथा तकनीकी सहायक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया है।एडीओ पंचायत द्वारा स्थानीय थाने में दी गयी तहरीर में उल्लेख किया गया है कि सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी (प्रा.)श्रवण कुमार सिंह द्वारा 5 सितंबर 2022 को ग्राम पंचायत गोपाल नगर विकासखंड रेवती में वित्तीय वर्ष 2021- 22 एवं 2022- 23 में व्यू पेमेंट बाउचर के अनुसार आहरित की गई। धनराशि के सापेक्ष कराए गए कार्यों की छह बिंदुओं पर जांच की गई। जिसमें पाया गया कि गोपाल नगर ग्राम पंचायत में स्ट्रीट लाइट, डेस्क बेंच में ग्राम पंचायत सचिव श्रीप्रकाश कुमार सिंह, ग्राम प्रधान एवं तकनीकी सहायक द्वारा 284135 रुपया का अतिरिक्त आहरण कर व्यपरहरण कर लिया गया है। यही नहीं वित्तीय वर्ष 2021- 22 एवं वित्तीय वर्ष 2022- 23 में बिना कार्य कराए ही ग्राम पंचायत सचिव एवं ग्राम प्रधान द्वारा 940792 रुपया कूटरचित तरीके से आहरण कर शासकीय धनराशि का गबन कर लिया गया है। जिसके लिए श्रीप्रकाश कुमार सिंह, सचिव/ ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान श्रीमती किरन देवी एवं तकनीकी सहायक विकास खण्ड रेवती प्रमोद कुमार सिंह दोषी है। इस प्रकार कुल 1224927 रूपया गबन परिलक्षित होता है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने ग्राम सचिव श्री प्रकाश कुमार सिंह पुत्र दरोगा सिंह निवासी आमघाट, तकनीकी सहायक प्रमोद कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय देव नारायण सिंह निवासी रेवती तथा ग्राम प्रधान किरण देवी पत्नी अभिमन्यु यादव निवासी गोपाल नगर के विरुद्ध धारा 467, 468, 471 व 409 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन शुरू कर दिया है। ग्राम प्रधान, सचिव तथा तकनीकी सहायक द्वारा मिलीभगत से किये गये गबन के मामले में हुई कायार्वाही के बाद ग्राम सचिवों व प्रधानों में हड़कंप मचा हुआ है।

# 440 वोल्ट का तार दे रहा खतरे को दावत

रजनीश श्रीवास्तव,
दैनिक समाज जागरण

सिकन्दरपुर (बलिया) : हॉस्पिटल रोड स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय के बगल से गुजर रहा 440 वोल्ट का तार आए दिन दे रहा है अनचाहे खतरे को दावत। शनिवार की दोपहर को स्थानीय हॉस्पिटल रोड स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय के बगल में



लगा 440 बोल्ट विद्युत प्रवाहित खंबे से जुड़ा तार, तेज आवाज करते हुए टूट कर आपस में तड़तड़ाकर चिंगारी फेंकने लगा। स्थानीय लोगों ने बताया है कि आए दिन उक्त तार टूट कर गिरता रहता है, शुक्रवार की रात्रि को भी तार टूट कर गिर गया था, उक्त विद्युत प्रवाहित तार सामुदायिक शौचालय तथा कन्या प्राथमिक विद्यालय के बीच में लगा है। अगर समय रहते जर्जर तार को नहीं बदला गया तो कोई अप्रिय घटना हो सकती है।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण

आशु खरवार,
दैनिक समाज जागरण

रसड़ा (बलिया) : रेलवे स्टेशन परिसर का डीआरएम रामाश्राय पांडेय ने शुक्रवार की सांय अचानक पहुंच गए। इस दौरान अफरा तफरी मच गई। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों स्थलीय निरीक्षण करते हुए साथ ही निर्माण कार्यों में अनियमितता एवम साफ सफाई पर दुर्व्यवस्था पर नाराजगी व्यक्त की। भाजपा कार्यकताओं ने रेलवे से संबंधित पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। उन्होंने प्लेटफार्म नम्बर एक, साफ-सफाई, निर्माण कार्यों, यात्री सुविधाये आदि का निरीक्षण किया। निर्माण कार्यों में अनियमितता मिलने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार करने का निर्देश दिया. उन्होंने अफसरों को चेताया कि जो भी निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण हो और



उसमें पारदर्शिता रखा जाय अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल रसड़ा के अध्यक्ष अजीत भारद्वाज एवम मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह रिंकू के नेतृत्व में पत्रक सौंप कर इंटरसीटी एक्सप्रेस में पूर्व की भाती एसी चेयर कार को लगाने एवं उत्सर्ग ट्रेन डाउन का चिलकहर स्टेशन पर ठहराव कैफियात को बलिया से चलाने बलिया से मऊ डीईएमओ ट्रेन बलिया से मऊ चलाने तथा इंटर सिटी ट्रेन को प्रयागराज इलाहाबाद तक चलाने की मांग किया जिस पर उन्होंने पहल करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष अजीत भारद्वाज, मण्डल अध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह रिंकू, नरेन्द्र श्रीवास्तव, रामजी सिंह, सूरज पांडेय, योगेंद्र नाथ जयसवाल, शैलेश श्रीवास्तव, शीनू गुप्ता, अभिषेक दुबे, सोनू गुप्ता, ध्रुव जी आदि मौजू रहे।

# सड़कों की बेहतरी का सिर्फ दावा हकीकत कुछ और

अतुल राय, दैनिक समाज जागरण

नवानगर (बलिया) : सड़कों को बेहतर बनाने का दावा भले ही किया जा रहा हो लेकिन जमीनी हकीकत इससे इतर है।



सिकंदरपुर से मालीपुर जाने वाला नहर मार्ग भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए है। जिससे इस रोड से होकर जाने वाले राहगीरों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है सड़क इस कदर जगह जगह टूटी है कि कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है इस मार्ग से यात्रा करना जान जोखिम में डालने के समान है इसके बाद भी जिम्मेदार आंख मूंदे हुए हैं।इस रोड से होकर तिवारीपुर भट्वाचक भाटी अहिरपुरवा गाजीपाकग कोथ महरो खटगी खटंगा आदि गावों को जाने वाले लोगों ने विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल इस मार्ग की मरम्मत कराने का मांग किया है।

# अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार घायल

श्रीश कुमार पांडेय संतोष, दैनिक समाज जागरण

चिलकहार (बलिया) : बलिया रसड़ा राजधानी मार्ग पर चिलकहर चट्टी के समीप एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार पवन कुमार को धक्का मार कर फरार हो गया।

राहगीरों ने उक्त व्यक्ति को चिलकहर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया जिसका वहां के डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज किया गंभीर चोट आने के कारण उन्हें तत्काल बलिया रेफर कर दिया गया। उक्त व्यक्ति की पहचान उसके



पॉकेट से मिले ई श्रम कार्ड से किया गया उस व्यक्ति का नाम पवन कुमार पुत्र हीरालाल ग्राम डुमरी थाना बांसडीह रोड का रहने वाला है। जिसकी हालत बहुत गम्भीर बनी हुई थी हो बेहोसी की हालत में था जिसको एंबुलेंस से बलिया सदर हास्पिटल पहुंचाया गया।

# पूर्व विधायक सुभाष पासी, ने सीएम से मिलकर बाढ़ पीड़ित गांवों में राहत के लिए सौंपा पत्रक

गाजीपुर। सीएम योगी के जनपद आगमन पर सैदपुर विधानसभा के पूर्व विधायक सुभाष पासी मुख्यमंत्री से मिले। पूर्व विधायक सुभाष पासी ने सीएम योगी से बताया कि बाढ़ से सैदपुर विधानसभा में भारी क्षति हुई है। पूर्व विधायक सुभाष पासी ने



सीएम योगी को पत्रक दिया जिसमे सैदपुर विधानसभा के ग्राम तेतारपुर, गौरी, गौरहट, भुजारी, मदनपुर, सिधौना, कुसही, खरौना, हथौड़ी, पटना, नगर पंचायत सैदपुर, फुलवारी, देवचंदपुर, चकेरी, छपरा, मंझरिया, दुवैथा, रामपुर माझा आदि गांवों में सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था, मार्ग का ऊंचीकरण और सुंदरीकरण, पशु और ग्रामवासियों के लिए राशन की व्यवस्था, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था, विद्युतिकरण, पेयजल तथा जलनिकासी की व्यवस्था की मांग किया।

# बुजुर्गो को बोझ समझना हमारी संस्कृति और समाज की कमजोरी दशार्ती है : इं० गणेश

जुनेद अहमद, दैनिक समाज जागरण रतसर (बलिया) : कस्बा क्षेत्र के जनऊपुर में जनऊबाबा साहित्यिक संस्था द्वारा शनिवार को हनुमत सेवा ट्रस्ट के परिसर में आयोजित " बुजुर्ग बोझ नहीं, इनका करे सम्मान " विषयक गोष्ठी में वक्ताओं ने आज के परिवेश में बुजुर्गों की स्थिति पर अपने विचार रखे और युवा पीढ़ी को सीख दी। गोष्ठी को संबोधित करते हुए आर्किटेक्ट इं० श्री गणेश पाण्डेय ने कहा कि एक समय था जब बुजुर्ग को परिवार का बोझ नही बल्कि मार्गदर्शक समझा जाता था। लेकिन आधुनिक जीवन शैली, पीढियों में अन्तर,विचारों में भिन्नता आदि के कारण आज की युवा पीढ़ी निष्ठुर और कर्तव्यहीन सी हो गई है। जिसका खामियाजा बुजुर्गों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बडे-बुजुर्ग परिवार की शान है। अपने प्यार से रिश्तों को सीचने वाले इन बुजुर्गों को भी बच्चों से प्यार व सम्मान चाहिए। इस अवसर पर डायट के पूर्व प्रवक्ता दिवाकर पाण्डेय ने कहा कि अपने बच्चों की खातिर अपनी पूरी जिन्दगी दांव पर लगा चुके इन बुजुर्गों को अपनों के प्यार की जरूरत है। यदि हम इन्हें सम्मान व अपने बीच स्थान देते है तो किसी मंदिर में रहना बृद्धाश्रम की



अवधारणा ही इस समाज से समाप्त हो जाएगी। निर्झर के संयोजक धनेश पाण्डेय ने कहा कि अपने घर पर अपने आसपास जहां भी बुजुर्ग मिले उनकी सेवा सम्मान करे। बेसहारा बुजुर्गों के साथ दो पल बिताएं, उनका अपने होने का एहसास दिलाएं, उनकी बात सुनें। यकीन मानिएगा आपके हर सवालों का इनसे जवाब मिल जाएगा। इस अवसर पर प्रेमनारायण पाण्डेय, हदयानन्द पाण्डेय, श्याम नारायन गुप्त,शिव प्रसाद पाण्डेय ने अपने- अपने विचार रखे। गोष्ठी में परशुराम युवा मंच के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामप्रवेश पाण्डेय एवं संचालन पवन कुमार ने किया।

# सुख,समृद्धि और आरोग्य प्राप्ति का पर्व अनंत चतुर्दशी श्रद्धापूर्वक मनाया गया

जुनेद अहमद, दैनिक समाज जागरण रतसर (बलिया) : अनंत चतुर्दशी का त्योहार शुक्रवार को जिला में आस्था और भक्ति के माहौल में मनाया गया। इसके लिए धार्मिक स्थल और मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी हुई थी। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ विधि पूर्वक अनंत रक्षा का सूत्र अपनी बांह में बंधवाया। इस दौरान आयोजन में भगवान की कथा भी सुनी। सुबह से ही हाथों में पूजा की थाली लिए लोग पूजन स्थल पर पहुंचने लगे थे। ग्रामीण क्षेत्रों में पूजा को लेकर लोगों का उत्साह चरम पर दिखा। लोग सुबह से ही सामूहिक रूप से पूजा में भाग लिया। कलश की स्थापना कर धागे को कुमकुम, केसर और हल्दी से रंगकर 14 गांठों वाला अनंत सूत्र भगवान विष्णु को अर्पित किया गया। आस्थापूर्वक पूजा संपन्न होने के बाद लोग अनंत सूत्र अपने बाहों में बांधा। धन-धान्य, सुख समृद्धि,आरोग्य प्राप्ति की कामना के लिए की जाने वाली पूजा के बाद लोग अनंत सूत्र धारण कर चौदह दिनों तक निरामिष भोजन करते हैं। बभनौली निवासी पं०मनोज



मिश्रा ने बताया कि इस दिन व्रत रखने और अनंत सूत्र को बांधने से जीवन की सभी बाधाओं से मुक्ति मिलती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार भगवान ने सृष्टि के आरंभ में चौदह लोकों का निर्माण किया था। इन लोकों का पालन और रक्षा करने के लिए वह स्वयं भी चौदह रूपों में प्रकट हुए थे,जिससे वे अनंत प्रतीत होने लगे। इसलिए अनंत चतुर्दशी का व्रत भगवान विष्णु को प्रसन्न करने और अनंत फल देने वाला माना गया है। मान्यता है कि अनंतसूत्र के 14 गांठें चौदह लोकों का प्रतीक होती है। यह भी मान्यता है कि जो लोग 14 सालों तक लगातार अनंत चतुर्दशी का व्रत रखते है, उसे विष्णु लोक को प्राप्ति होती है।

# अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी यात्रियों से भरी बस पलटी दर्जनों यात्री घायल ,मचा कोहराम

गाजीपुर। । सैदपुर से शादियाबाद जा रही प्राइवेट बस सादात थानाक्षेत्र के मौधियां गांव के पास शुक्रवार को सड़क किनारे पलट गई। इस सड़क दुर्घटना में चालक सहित करीब दर्जन भर यात्री घायल हो गए। वो अलग-अलग स्थानों पर निजी चिकित्सक के यहां मरहम पट्टी कराने के बाद अपने घर चले गए। घटना के बाद यात्रियों की चीख पुकार सुनकर मौके पर जुटे ग्रामीणों ने बस के अंदर से यात्रियों को बाहर निकाला। सूचना पाकर हमराहियों संग मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव ने घायलों की मदद करने के साथ ही बस को गड्ढे से बाहर निकलवाने का काम किया। बताया जाता है कि सैदपुर से शादियाबाद के लिए भितरी-मौधियां होते हुए प्राइवेट बस सवारी लेकर अपराह्न बाद चली। मौधियां में सवारी उतारने के बाद जैसे ही बस सादात मोड़ से करीब सौ मीटर आगे बढ़ी तभी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। बस के पलटने से अफरा तफरी मच गई। यात्रियों की चीख सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। ग्रामीणों ने यात्रियों को बाहर निकाला। करीब दर्जन भर यात्रियों के सिर, हाथ, पैर, पेट, सीना में चोट लगी। हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। ग्राम मलिकपुर निवासी चालक संजय यादव को शीशा से चोट लगा था, जिसका निजी चिकित्सक के यहां मरहम पट्टी कराया गया। सूचना पाकर थानाध्यक्ष प्रवीण यादव हमराहियों संग मौके पर पहुंचे और यात्रियों की मदद करते हुए पलटी बस को गड्ढ़े से बाहर निकलवाया। उन्होंने बताया कि किसी यात्री को गम्भीर चोट नहीं लगी। चालक के अनुसार बस का स्टेयरिंग फेल होने से हादसा हुआ, जबकि मौके पर मौजूद लोगों की माने तो बस का ड्राइवर और स्टाफ नशे की हालत में थे, जिससे यह हादसा हुआ। यह तो संयोग अच्छा रहा कि कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

# श्रीनाथ पहलवान का निधन ,शोक सभा कर दी गई श्रद्धांजलि

गाजीपुर । श्रीनाथ जनहित इंटर कॉलेज राजापुर उर्फ आगापुर के प्रबंधक व समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता दिनेश सरकार के पिता श्रीनाथ यादव पहलवान का 80 वर्ष की उम्र मे हदयगति रुक जाने से असामयिक निधन गुरुवार को इलाज के दड्डरान वाराणसी मे हो गया।



महमूदपुर हथिनि ग्राम मे आयोजित शोक सभा मे गाजीपुर के सासंद अफजाल अंसारी,देवनाथ कुशवाहा,जंगीपुर के विधायक विरेन्द्र यादव,राममूरत यादव,उमाशंकर यादव,पूर्व सासंद राधेमोहन सिंह,पुर्व विधान परिषद सदस्य विजय यादव,मदन यादव,सेदपुर के चेयरम्ङ्गा शशि सोनकर, ब्लाक प्रमुख हीरा यादव,ठाकुर सिंह,ग्राम प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष फेकन यादव,कन्ह्ड्डा यादव,तहसीलदार यादव सहित अनेक ग्राम प्रधान व जनप्रतिनिधि मड्डजूद थे।

# सीएम के कार्यक्रम में अचेत हुआ छात्र

गाजीपुर। पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शुक्रवार को शामिल होने आया एक छात्र गर्मी से अचानक अचेत हो गया। वहां तैनात पुलिस कर्मियों ने तत्काल छात्र को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार किया। छात्र अब स्वस्थ है।मूर्ति अनावरण एवं जनसभा संबोधन कार्यक्रम में महुआबाग आदर्श इंटर के छात्र शामिल होने गए थे। तेज धूप से उमस एवं गर्मी के चलते लोग परेशान थे। इधर विद्यालय के अन्य छात्रों के साथ आया हुसैनपुर गांव निवासी दीपक कुमार गर्मी के कारण अचानक बेहोश हो गया। शोरगुल सुनकर वहां तैनात कांस्टेबल बलवंत, कांस्टेबल सतेंद्र और कांस्टेबल मृदुल त्रिपाठी ने उसे गोद में उठाया और तत्काल नजदीक स्थित जिला अस्पताल ले गए और उसे भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू कर दिया। उपचार के बाद छात्र होश में आ गया। डॉक्टरों के अनुसार छात्र स्वस्थ है।

# वैदिक मंत्रोच्चार व हवन पूजन के साथ सम्पन्न हुआ चातुर्मास महानुष्ठान

गाजीपुर। जखनियां तहसील क्षेत्र के हथियाराम में स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ हथियाराम मठ में जूना अखाड़े के वरिष्ठ महामंडलेश्वर व 26वें पीठाधीश्वर स्वामी भवानीनंदन द्वारा श्रावण प्रतिपदा से किए जा रहे 27वें चातुर्मास महानुष्ठान की पूणार्हुति वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सनातनी विधिविधान व हवन पूजन के साथ भाद्र पद पूर्णिमा के अवसर पर महाभंडारा के साथ सम्पन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि अध्यात्म जगत में एक तीर्थ स्थल के रूप में विख्यात लगभग साढ़े सात सौ वर्ष से भी अधिक प्राचीन सिद्धपीठ हथियाराम मठ के 26वें पीठाधीश्वर स्वामी भवानी नन्दन यति द्वारा सिद्धपीठ की गद्दी पर आसीन होने के साथ ही अपने गुरुजनों की प्रेरणा व उनके मार्ग का अनुसरण करते हुए चातुर्मास अनुष्ठान का संकल्प लिया था।

पूणार्हुति कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी भवानीनंदन यति महाराज ने अपने ब्रह्मलीन गुरु महामंडलेश्वर स्वामी बालकृष्ण यति महाराज के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया। समापन समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने सनातन धर्म की विस्तृत जानकारी देते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना से कार्य करने का आह्वान किया ताकि भारत एक बार फिर विश्वगुरु बन सके। वक्ताओं ने गुरु महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु ही वह शक्ति है जो हमें आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करती है। यदि ईश्वर रुठ जाये तो बहुत परेशान होने की आवश्यकता नहीं क्योंकि गुरु की कृपा से ईश्वर को मनाया जा सकता। गुरु को रूठने नहीं देना चाहिए।

समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक रमेशजी ने सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर महाराजश्री को परम संत बताते हुए कहा कि उनका दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए दुनियां के सबसे संगठन के मुखिया मोहन भागवत जी भी यहां आने व महाराजश्री का दर्शन पाने का इंतजार तीन वर्षों से कर रहे थे जो इस वर्ष पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि इस पवित्र स्थल पर आने से इस स्थान का नहीं बल्कि आने वाले व्यक्ति का महत्व बढ़ जाता है। यह शक्तिपीठ



अध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है। साधना के केन्द्र इस मठ से जुड़ना राष्ट्र के जुड़ने का उपक्रम साधन है। उन्होंने कहा कि हम सभी लोग नियमित रूप से देश के लिए प्रार्थना करते हैं। जिस देश में मातृभूमि के लिए प्रार्थना-बंदना होती हो वहीं से शक्ति ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक प्रेरणा देने वाली माताएं-बहने भी इस सिद्धपीठ से जुड़ी हैं। ऐसे में इस सिद्धपीठ से जुड़ना मेरे लिए गर्व की बात है।

पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी श्री भवानीनंदन यति महाराज ने चातुर्मास की व्याख्या करते हुए बताया कि चातुर्मास, सनातन वैदिक धर्म में आहार, विहार और विचार के परिष्करण का समय है। चातुर्मास संयम और सहिष्णुता की साधना करने के लिए प्रेरित करने वाला समय है। इसका सिर्फ धार्मिक महत्व ही नहीं है। इस दौरान तप, शास्त्राध्ययन एवं सत्संग आदि करने का तो विशेष महत्व है। चातुर्मास धर्म, परम्परा, संस्कृति और स्वास्थ्य को एक सूत्र में पिरोने वाला समय माना जाता है। चातुर्मास संयम को साधने का संदेश देता है। बढ़ती असंवेदनशीलता के समय में संयम की यह साधना और भी आवश्यक हो जाती है। संयमित आचरण से हम न केवल मन को वश में करना सीखते हैं, बल्कि हमें धैर्य और समझ भरा व्यवहार करना भी आता है। चातुर्मास धार्मिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि आरोग्य विज्ञान व सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। हमारा कर्तव्य है कि जिस समाज में हम रह रहे हैं, उस समाज के लिए कुछ करें। उन्होंने कहा कि सिद्धपीठ हथियाराम मठ स्थित मृणमयी बुढ़िया माई के पुण्य प्रताप से यहां की माटी चंदन से भी पवित्र है। इस पवित्र भूमि पर किए गए धार्मिक अनुष्ठान से मन को शांति मिलती है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रांत प्रमुख रामचंद्रजी, नाथ संप्रदाय गोरक्ष मठ रसड़ा के कौशलेंद्र गिरी, संत देवरहा बाबा, मौनी बाबा मठ कनुआन के महंत सत्यानंद महाराज, डा. रत्नाकर त्रिपाठी, डा मंगला सिंह व्यास, सन्तोष यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, पारसनाथ राय, राजेंद्र सिंह, श्रीमती मंजू सिंह, सुश्री डा. अमिता दूबे, डॉ. संतोष मिश्रा, केडी सिंह, हरिश्चन्द्र सिंह, डॉ. ए के राय, मयंक सिंह, आचार्य मनीष, महावीर प्रसाद, दुर्गा प्रसाद, आनंद मिश्रा, अटल सिंह, सतीश जायसवाल, लवटू प्रजापति सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित रहे।

# सैनिक सम्मान के साथ मनाया गया परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद का 57 वां शहादत दिवस

## शहीद वीर अब्दुल हमीद की धरती पर आकर हुआ धन्य - मेजर जनरल

गाजीपुर । परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद का 57 वां शहादत दिवस परंपरागत तरीके से उनके पैतृक गांव धामूपुर, जखनियाँ, गाजीपुर में मनाया गया। इस अवसर पर सेना के अधिकारियों के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी और सांसद अफजाल अंसारी मौजूद रहे। अतिथियों ने वीर अब्दुल हमीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सैनिक सम्मान के साथ सलामी दी और उन्हें याद किया। इस अवसर पर गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी ने युवाओं से अपील की कि अब्दुल हमीद की तरह वह भी देश पर मर मिटने का जज्बा कायम रखें, हालांकि उन्होंने मंच से अग्निवीर योजना पर सवाल भी खड़ा किए और कहा कि अग्निवीर जैसी योजना जो कि राजनेताओं की देन है, उसमें सेना का कोई लेना देना नहीं है, इससे युवाओं में निराशा आई है। वहीं अब्दुल हमीद के बड़े बेटे ने अपने पिता की शहादत दिवस पर उन्हें



श्रद्धांजलि देते हुए, इसे क्षेत्र, जनपद, प्रदेश और देश का गौरव बताया और कहा कि देश के युवा हमारे पिता परमवीर अब्दुल हमीद से सीख लेकर देश प्रेम का जज्बा कायम रखें।

वहीं सेना के अधिकारियों ने बताया कि अब्दुल हमीद 1965 की वार में वीरता से लड़ते हुए शहीद हुए थे, और मरणोपरांत उन्हें सेना का सर्वोच्च सम्मान परमवीर चक्र दिया गया था। आपको बताते चलें कि 1965 भारत - पाकिस्तान युद्ध में वीर अब्दुल हमीद ने अपनी छोटी सी आर्टरी गन से अमेरिका निर्मित पैटन टैंकों को ध्वस्त कर दुश्मन देश में खलबली मचा दी थी, और वीरता से युद्ध लड़ते हुए युद्ध भूमि पर शहीद हो गए थे। आज 10 सितंबर को परमवीर अब्दुल हमीद का शहादत दिवस समारोह के रूप में मनाया गया। गाजीपुर जनपद के धामपुर गांव के रहने वाले परमवीर अब्दुल हमीद का शहादत दिवस 10 सितंबर को परिजनों के साथ क्षेत्रवासी भी बड़े ही धूमधाम से मनाते हैं।

# क्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की दर्दनाक मौत

गाजीपुर। जिले के सुहवल थाना क्षेत्र के गरुआ मकसूदपुर गांव में क्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की दर्दनाक मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह दयाशंकर यादव 70 वर्ष निवासी गरुआ मकसूदपुर सुबह गांव की चट्टी से चाय पीकर घर लौट रहे थे तभी अनियंत्रित क्रेन ने टक्कर मार दिया जिससे गंभीर रुप से घायल हो गये। उन्हे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। एसओ ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। क्रेन के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# दो कारों की आपस में भिड़ंत आधा दर्जन लोग घायल

अखिलेश सिंह,हरदोई हरदोई।हरदोई-पिहानी मुख्य मार्ग पर बिलहरी गाँव के पास दो कारों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें सवार करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने तीन गंभीर लोगों को एंबुलेंस की मदद से स्थानीय सीएचसी भिजवाया जहां 2 लोगों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिहानी कस्बा के मोहल्ला नगर निवासी सरवर पुत्र मोहम्मद हुसैन, नाजिम पत्नी सरवर, रोशन जहां पत्नी हुसैन पिहानी से हरदोई किसी काम को जा रहे थे तभी सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार में भिड़ंत हो गई वही स्थानी ग्रामीणों ने स्विफ्ट कार सवार लोगों को निजी वाहन से जिला अस्पताल भिजवा दिया साथ ही नाजिम, रोशन जहां और सरवर को सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने बाद में एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया।

# सरकार की पहली प्राथमिकता कमजोर और गरीब वर्गो का विकास - अनिल राजभर

गाजीपुर। समाज के कमजोर और गरीब वर्ग के लोगों के लिए प्राथमिकता और पूरे कार्ययोजना के साथ भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा कार्य किया जा रहा है।यह बात आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय छावनी लाइन पर उतर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने राजभर समाज के प्रबुद्ध जनों के साथ बैठक मे कही उन्होंने कहा कि महाराज सुहेलदेव राजभर राष्ट्र के लिए अपना बलिदान दिया और राजभर समाज हमेशा राष्ट्र चिंतन की बात करता है।उन्होने स्पष्ट शब्दों मे कहा कि भारतीय जनता पार्टी 2024 लोकसभा के चुनाव मे प्रदेश की सभी 80 सीटों पर विजय हासिल करेगी।भाजपा कार्यालय पर मंत्री का जोरदार स्वागत अभिनन्दन माल्यार्पण कर तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया गया। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता मुराहू राजभर, प्रदेश उपाध्यक्ष अध्यक्ष भाजयुमो राजेश राजभर,नन्दा राजभर, हंसराज राजभर, मन्नू राजभर, धर्म वीर राजभर, गुड्डू राजभर, चन्दन राजभर, काशी नाथ राजभर, प्रधान मनोज राजभर, संजय राजभर,प्रेमसागर राजभर,इतवारी राजभर, लालसा राजभर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चोधरी रघुबर दयाल राजभर तथा संचालन भाजपा जिला महामंत्री अवधेश राजभर ने किया।

## विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु 12 से 19 सितंबर 2022 के मध्य "समाधान सप्ताह" का किया जाएगा आयोजन जिलाधिकारी।

समाज जागरण
अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी शासन के निर्देशानुसार जनपद में विद्युत से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु 12 से 19 सितंबर 2022 के मध्य समाधान सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु 12 से 19 सितंबर तक प्रतिदिन सुबह 8:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक जनपद के सभी 33/11 के0वी0 के उपकेंद्रों पर अथवा निकटतम बिलिंग केंद्र पर समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को उपकेंद्र के अधीन आने वाले सभी राजस्व गांव/ग्राम पंचायतों को एक टाइम टेबल बनाकर 1 सप्ताह के अंदर अच्छादित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि समाधान सप्ताह के अंतर्गत बिल उपभोक्ताओं से उनके बकाया विद्युत बिलों का भुगतान प्राप्त करना एवं बिल संबंधित शिकायतों का निस्तारण, कनेक्शन/लोड बढ़ाने या मीटर लगाने के निवेदन पर त्वरित कार्यवाही, सभी प्रकार के विद्युत संयोजनों से संबंधित प्राप्त होने वाली शिकायतों/समस्याओं का त्वरित निस्तारण, ट्रांसफॉर्मर, फीडर, लोड/वोल्टेज अथवा जर्जर तार जैसी समस्याओं के निवेदन जिसमें त्वरित कार्यवाही संभव हो, घटित होने वाली विद्युत दुर्घटनाओं के कारण होने वाली जनहानि से संबंधित मुआवजा एवं ऐसी समस्याओं को नगण्य किए जाने के उद्देश्य से त्रुटिपूर्ण अधिष्ठापन पर कार्यवाही, विद्युत उपभोक्ताओं के परिसरों पर स्थापित जले/खराब/छतिग्रस्त मीटरों को बदलने के साथ-साथ पुराने मीटरों के स्थान पर नवीन मीटर स्थापित कराने का कार्य एवं विद्युत संबंधी अन्य समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समाधान दिवस के प्रत्येक दिन सुबह से शाम तक शिविर के आयोजन एवं संचालन की जिम्मेदारी स्थानीय अवर अभियंताओं की होगी एवं उपखंड स्तर पर उपखंड अधिकारी द्वारा अपने दिशा निर्देशन में यह कार्य किया जाएगा। जनपद स्तर पर अधीक्षण अभियंता, खंड स्तर पर अधिशासी अभियंता द्वारा समाधान सप्ताह की मॉनिटरिंग की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को विद्युत से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु आयोजित होने वाले समाधान सप्ताह को लेकर क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं किस गांव के लोगों को सप्ताह के किस दिन आना है इसकी समय सारणी जन सामान्य को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही क्षेत्र के ग्राम प्रधान/वार्ड सभासद से संपर्क स्थापित करके आयोजित होने वाले शिविर के लिए ग्राम जनों को जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। शिविर आयोजन से संबंधित संपूर्ण जानकारी माननीय जनप्रतिनिधियों को भी देने को कहा है।

## श्रद्धालुओं ने बड़े हर्सोल्लास के साथ किया श्री गणेश जी का विसर्जन

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी



अमेठी भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में गणेशोत्सव मनाया जाता है। इस साल गणेश उत्सव की शुरूआत हो चुकी है। गणेश उत्सव का त्योहार पूरे 10 दिनों तक धूमधाम से मनाया जाता है। इस दौरान घर-घर बप्पा की मूर्ति स्थापित की जाती है और चारों ओर ह्यगणपति बप्पा मोरियाह्ल के जयकारे सुनाई पड़ते हैं। लेकिन इसके बाद बप्पा की विदाई भी की जाती है। क्योंकि गणेश महोत्सव के आखिरी दिन विसर्जन की परंपरा होती है। 10 दिवसीय महोत्सव के बाद अनंत चतुर्दशी के दिन गणपति का विसर्जन किया जाता है। लोग नदी, तालाब, समुद्र में गणपति की प्रतिमा विसर्जित करते हैंकाशी प्रान्त अभाविप के पूर्प्रांत सहसोशल मीडिया संयोजक व सामाजिक कार्यकर्ता राहुल विद्यार्थी ने बताया कि प्रशासन का बहुत सहयोग रहा , जिससे लोगो को विसर्जन करने में किसी भी प्रकार की समस्या नही हुई ,विसर्जन में प्रशासन सीओ मुसाफिरखाना थाना प्रभारी पूरी मुस्तैदी से विसर्जन सम्पन्न कराया गया ' गणपति विसर्जन की परंपरा की शुरूआत कैसे हुई' गणेश चतुर्थी पर्व के इतिहास बात करें तो बाल गंगाधर तिलक ने सबसे पहले महाराष्ट्र से इस पर्व की शुरूआत थी। इससे पहले भी गणेश चतुर्थी मनाई जाती थी। लेकिन लोग अपने घरों में ही गणेश जी की पूजा करते थे लेकिन पंडाल या फिर विशाल आयोजन नहीं किए जाते थे। बाल गंगाधर तिलक ने 1893 में सबसे पहली बार महाराष्ट्र में धूमधाम और सामूहिक रूप से इस पर्व की शुरूआत की उन्होंने। अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आवाज उठाई। उन्हें जन जन तक अपनी बात पहुंचाने के लिए एक मंच की जरूरत थी। इसलिए उन्होने गणेश महोत्सव की शुरूआत की। गणेश महोत्सव बाद गणेश विसर्जन भी किया गया था। तब से ही गणपति विसर्जन किए जाने परंपरा भी शुरू हो गई। मुसाफिरखाना में श्रद्धालुओं ने आखरी दिन अशोक अग्रहरी, समरेन्द्र साहू , सौरभ साहू, लालू, रंजीत, संतोष चौरसिया, सुभम, राहुल गुप्ता, उमेश गुप्ता, संतोष अग्रहरी, अंकित सिंह, राजा, जयलाल, आयुष अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, झब्बू,रविचंद्र अग्रवाल ,सुमित चौरसिया, विष्णु चौरासिया,आदित्य चौरसिया, सूर्यांश अग्रहरी सत्येंद्र मिश्र, नीरज अग्रहरी, आसुतोष, अनन्या , कौशिक आदि लोगो ने भंडरा प्रसाद ,नाच गाने व पूजन अर्चन किया '

## ग्राम प्रधान सरोज द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान पेड़ लगाने हेतु ग्रामीणों को किया गया प्रेरित

मोहनलालगंज लखनऊ ब्लॉक गोसाईगंज अंतर्गत बस रहिया ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाकर ग्राम में नालियों की साफ-सफाई ग्राम प्रधान की उपस्थिति में कराई गई ग्राम प्रधान द्वारा चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों के समक्ष कहा कि हमारे भारत देश को निर्मल पावन संपन्न बनाने हेतु स्वच्छ भारत अभियान हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी जी ने किया उन्हीं के निदेर्शानुसार हम सब स्वच्छता को परम लक्ष्य मानकर ग्राम में स्वच्छता चल रही है वृक्षारोपण पंचायत मैं करवाया गया इस अवसर पर ग्राम प्रधान सरोज प्रतिनिधि शिव शंकर द्वारा बताया गया कि ग्राम पंचायत में प्रशासन के निदेर्शानुसार वृक्षारोपण में लगभग 2000 छायादार पेड़ लगवाए गए ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में सफाई कर्मी अनवरत सफाई हेतु सदैव तैनात रहता है स्वच्छता के संबंध में ग्राम प्रधान सदैव अग्रसर रहते हैं इसी क्रम में बाराबंकी जिले के ब्लाक सिद्धौर अंतर्गत नकटा सहे रियाग्राम में प्रधान द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर संपूर्ण ग्राम में सफाई करवाई गई तथा पंचायत भवन प्रांगण मैं भीस्वच्छता करवा कर छायादार वृक्षोंकारोपण करवाया गया वहीं उपस्थित प्रधान प्रतिनिधिने उपस्थित सर्व समाज को अपने अपने घरों पर वृक्ष अवश्य लगाने हेतु प्रेरित किया

### वाराणसी में आज संपन्न होगा 'प्रकृति के आंगन में' पुस्तक का लोकार्पण

## छह जनपदों के रचनाकारों का होगा सम्मान

### प्रकृति एवं मानव के सह-सम्बन्धों पर होगा विचार-विमर्श

मयंक शुक्ला की रिपोर्ट । बांदा। शिक्षक साहित्यकार प्रमोद दीक्षित मलय के संपादन में रुद्रादित्य प्रकाशन प्रयागराज से प्रकाशित बेसिक शिक्षक-शिक्षिकाओं की प्रकृतिपरक रचनाओं पर आधारित साझा संग्रह "प्रकृति के आंगन में" का लोकार्पण 11 सितम्बर रविवार को वाराणसी में महामंडलेश्वर स्वामी अभिजितानंद महाराज जी की अध्यक्षता में होगा। मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर सुशील कुमार गौतम (डीन, शिक्षा विभाग काशी विद्यापीठ) का मार्गदर्शन पाथेय के रूप में मिलेगा। साथ ही अतिथि के रूप में विद्यापीठ एवं बीएचयू के प्रोफेसर उपस्थित रहेंगे। मुख्य अतिथि डायट सारनाथ के प्रभारी प्राचार्य होंगे। आयोजक कमलेश कुमार पांडेय, अनिल राजभर, आलोक यादव, अरविन्द सिंह और डॉ. श्रवण कुमार गुप्त व्यवस्था को अंतिम रूप देने में जी जान से जुटे हैं। स्मृति दीक्षित एवं कुमुद भी सहयोगी की भूमिका में टीम के साथ प्रबंधन में लगी हैं।



उक्त जानकारी देते हुए प्रकृति के आंगन में पुस्तक के संपादक प्रमोद दीक्षित मलय (बाँदा) ने बताया कि बेसिक शिक्षा में कार्यरत रचनाधर्मी 104 शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रकृतिपरक लेख एवं कविताओं पर आधारित साझा संग्रह का लोकार्पण 11 सितम्बर रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे डायट सारनाथ के सभागार में महामंडलेश्वर एवं राष्ट्रीय संत स्वामी अभिजितानंद जी महाराज की अध्यक्षता में होगा। मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर सुशील कुमार गौतम (डीन, शिक्षा विभाग काशी विद्यापीठ) का मार्गदर्शन पाथेय के रूप में मिलेगा। मुख अतिथि प्रभारी प्राचार्य डायट डॉ. सूर्यकांत त्रिपाठी मंच सुशोभित करेंगे तो वहीं अतिथि के रूप में डॉ. नीलम यादव (शोध प्रवक्ता, राज्य हिंदी संस्थान वाराणसी), डॉ. अजय सिंह (सहायक प्रोफेसर, बीएचयू), डॉ. वीणा वादिनी (सहायक प्रोफेसर, काशी विद्यापीठ) एवं डॉ. बी.एल. विश्वकर्मा (प्रवक्ता-अंग्रेजी) आदि साहित्य मनीषी मंच की गरिमा बनेंगे। आयोजक मंडल के रचनाकार साथी कमलेश कुमार पांडेय, अनिल राजभर, आलोक यादव, अरविन्द सिंह और डॉ. श्रवण कुमार गुप्त सारी व्यवस्था की देखरेख करते हुए लोकार्पण समारोह सम्पन्न करायेंगे। लोकार्पण पश्चात पुस्तक में शामिल रचनाकारों द्वारा कविता पाठ किया जायेगा। प्रकृति तथा मानव के परस्पर सह-सम्बंधों पर विचार-विमर्श कर प्रकृति संरक्षण पर बल दिया जायेगा। इस अवसर पर समारोह में सहभागिता करने वाले वाराणसी, सोनभद्र, गाजीपुर, मऊ, गोरखपुर, जौनपुर आदि जनपदों के रचनाकारों को सम्मानित किया जायेगा। डॉ.श्रवण कुमार गुप्त, कुमुद, स्मृति दीक्षित, आलोक यादव, शीला सिंह, अनिल राजभर, आभा त्रिपाठी, राजेंद्र प्रसाद राव, अरविन्द सिंह, डॉ. शालिनी सिंह, कमलेश कुमार पांडेय, गायत्री त्रिपाठी, राजबहादुर यादव, माधुरी जायसवाल, विजय मेंहदी, दुर्गेश्वर राय आदि रचनाकारों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया जायेगा।

## गौरीगंज अंतर्गत मउ गांव के पास स्थित पुल के पास शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन

समाज जागरण अमेठी गौरीगंज मनीष कौशल

अमेठी जनपद के गौरीगंज अंतर्गत पूरे बैसन मजरे रौजा निवासी कृष्णराम 56 वर्ष का बुधवार की देरशाम को पूरे इबदुल्ला बेनी पुर बलदेव स्थित देशी शराब की दुकान के पास शव मिला था,घटना में कृष्णराम के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी थी।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में गम्भीर चोट लगने के कारण मौत की भी पुष्टि हुई है। कृष्णकुमार लकड़ी ठेकेदार के साथ लकड़ी काटने का कार्य करते थे।बुधवार को सुबह 10 बजे ठेकेदार के साथ लकड़ी काटने गए थे।

मृतक परिजनों व ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस कार्यवाई नहीं कर रही है।

### राजेश मसाला ने पीडितो को इलाज के लिए की 1 लाख 50 हजार की मदद।

## अमेठी-पितृपक्ष मे माता पिता की याद मे करते है गरीबो की मदद

### दीदी स्मृति ईरानी की प्रेरणा व माता पिता से मिले संस्कार से कर पा रहा हूँ गरीबो की मदद-राजेश गरीबो के मसीहा की रूप मे बनी राजेश की पहचान

समाज जागरण मनीष कौशल अमेठी गौरीगंज अमेठी 10 सितंबर 2022 केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से वार्ता के क्रम जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि (राजेश मसाला) ने आज 4 लोगों को इलाज के लिए डेढ़ लाख रुपए की आर्थिक मदद की।राजेश ने कैंसर से पीड़ित कमलेश कश्यप निवासी सोनारीकलाको 25 हजार,ब्रेन ट्यूमर से ग्रस्ति हरिमगंल गुप्ता निवासी घोरहा भादर को 50 हजार रूपए ,बोन फैक्कर से ग्रस्ति अंकित यादव निवासी शुकुलपुर ठेंगहा को 50 हजार तो अरूण गुप्ता निवासी रामगंज को इलाज के लिए 25 हजार रुपए की मदद की।जिला जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि उपरोक्त लोगों ने अमेठी की लोकप्रिय सांसद दीदी स्मृति ईरानी से मदद मांगी थी दीदी से वार्ता के क्रम मे इनकी मदद की गयी है आगे की मदद दीदी से बात कर करवाई जायेगी। गरीबो के मसीहा के रूप मे पहचान बना चुके राजेश ने एक सवाल के जबाब मे कहा कि गरीबी का दर्द वही जान सकता है जो उससे हो कर गुजरा हो मैने गरीबी को करीब से देखा ही नही है उसका। शिकार भी रहा हूँ इस लिए मुझे गरीबी का अहसास है मुझे हमारे माता पिता ने हमेशा यही सीख और संस्कार दिया की जिस लायक हो गरीब पीडित की मदद करो यही नही दीदी स्मृति ईरानी से भी उंहे गरीबो,पीडितो और असहाय लोगो की मदद के लिए हमेशा प्रेरणा मिलती रहती है जिससे मै गरीबो,पीडितो और असहाय लोगो की मदद कर पा रहा हूँ।राजेश मसाला गरीबो, पीडितो, असहाय लोगो की मदद की लिए अक्सर आगे आते रहते है आपदा से प्रभावित,शिक्षा,इलाज के लिए राजेश सैकडो लोगो की मदद करने के साथ ही 1 लाख 25 हजार से अधिक लोगो को रजाई कंबल वितरित कर मदद की है।कोरोना महामारी के दौरान मे राजेश ने लोगो की बढ चढ कर मदद की।



राजेश ने बताया कि उनके द्वारा हर पितृ पक्ष में गरीबों पीड़ितों और असहाय लोगो की मदद जरूर की जाती है क्योंकि वह अपने माता पिता और पूर्वजो को तिलांजलि देते हैं और महसूस करते हैं कि उनके माता-पिता पूर्वज जहां भी होंगे उन्हें भी इसका फल जरूर प्राप्त होगा।

## गणपति बप्पा मोरया के जयकारों संग गणेश प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी अमेठी के मुसाफिरखाना क्षेत्र में विराजमान रही गणपति प्रतिमाओं का शुक्रवार देर शाम को गाजे-बाजे के साथ विसर्जन जुलूस निकाला गया महोत्सव के समापन पर भगवान गणेश प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा में डीजे ढोल नगाड़े की धुन पर सभी भक्तगण अबीर गुलाल की होली खेलते हुए नाचते हुए चल रहे थे। भगवान गणेश का पूजन एवं आरती हुई शोभायात्रा में महिलाएं, पुरुष व युवा सभी ने अबीर-गुलाल की होली खेलकर एक दूसरे को सराबोर कर दिया। सभी गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत कर लोगों ने भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया। भक्तों ने भगवान गणेश को भोग लगाकर आरती उतारी और सभी ने सुख समृद्धि की कामना की।गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन गोमती नदी के जल में इसौली घाट पर किया गया। इस अवसर पर दिनेश अग्रहरि नंदू अग्रहरि महादेव विनोद राजकुमार अग्रहरि आनंद अग्रहरि शुभम अग्रहरि सहित सैकड़ो भगत व श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# पन्द्रह दिन रहता है पितरों का आगमन

### मनुष्य अपने पुर्वजों के याद में करते हैं श्राद्ध, तर्पण, दान , ब्राह्मण भोज आदि कार्यक्रम प्रभाकर त्रिपाठी

**समाज जागरण/ब्यूरो प्रभाकर गीता त्रिपाठी सिंगाही खीरी** -- नगर पंचायत सिंगाही निवासी प्रभाकर त्रिपाठी ने बताया कि मनुष्य अपने पुर्वजों के याद में पन्द्रह दिन श्राद्ध, तर्पण,दान, दक्षिणा, कन्याभोज, ब्रम्हभोज, आदि द्वारा पितृपक्ष मनाते हैं गीता में भगवान कृष्ण ने कहा है कि अनेक विधियों से पित्तरों की शांति की जाती है। वेदों के अनुसार इस सृष्टि का निर्माण ब्रह्मा जी ने किया था। उसके परिचालन में देव, ऋषि एवं पित्तर अपने-अपने कार्य को सम्पूर्ण करते हैं। प्रत्येक मनुष्य के अंदर अपने पूर्वजों (पितरों) के गुणयोग (अंश) होते हैं। जब पिता द्वारा जीव माता के गर्भ में जाता है तो उसमें 84 अंश (गुण) होते हैं जिसमें 26 गुण (अंश) तो शुक्र पुरुष के स्वयं के भोजनादि द्वारा उपार्जित होते हैं। शेष 58 गुण पितरों के द्वारा प्राप्त होते हैं। ऋषि पराशर जी ने मानव की आयु कलयुग में कम से कम 120 वर्ष बताई थी।

जो पुरुष अपने पितरों को श्रद्धापूर्वक पितृपक्ष के दौरान पिंडदान, तिलांजलि और ब्राह्मणों को भोजन कराते हैं, उनको इसी जीवन में सभी सांसारिक सुख और भोग प्राप्त होते हैं। मृत्यु के उपरांत भी श्राद्ध कर्म करने वाले गृहस्थ को स्वर्गलोक, विष्णु लोक और ब्रह्मलोक की प्राप्ति होती है। महाभारत में एक प्रसंग आता है कि मृत्यु के उपरांत दानवीर कर्ण को चित्रगुप्त ने मोक्ष देने से इंकार कर दिया था। तब कर्ण ने चित्रगुप्त से कहा कि मैंने अपनी सारी सम्पदा दानपुण्य में ही समर्पित की है फिर मुझ पर यह कैसा ऋण शेष रह गया है? तब चित्रगुप्त ने बतलाया ह्यह्यराजन आपने देव ऋण और ऋषि ऋण तो चुकता कर दिया, अब आप पर पितृ ऋण शेष है। आपने अपने जीवन काल में संपदा एवं सोने का ही दान किया, अन्न का दान नहीं किया। जब तक आप इस ऋण को नहीं उतारते आपको मोक्ष मिलना संभव नहीं।ह्लह्ल

इसके उपरांत धर्मराज ने कर्ण को व्यवस्था दी कि आप 16 दिन के लिए पृथ्वी लोक में जाइए। अपने ज्ञात और अज्ञात पितरों को प्रसन्न करने के लिए श्राद्ध तर्पण कीजिए तथा दान विधिवत करके आइए तभी आपको मोक्ष की प्राप्ति होगी। दानवीर कर्ण ने ऐसा ही किया। तभी उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई।



गरुड़ पुराण में कहा गया है कि अमावस्या के दिन पितृगण वायुरूप में घर के दरवाजे पर दस्तक देते हैं। वे अपने परिजनों से श्राद्ध की इच्छा और अन्न जल की अभिलाषा रखते हैं। उससे संतृप्त होना चाहते हैं। सूर्यास्त के बाद वे निराश होकर लौट जाते हैं। पितृ इतने दयालु होते हैं कि कुछ भी पास न हो तो दक्षिण दिशा की तरफ मुंह करके आंसू बहा देने से ही तृप्त हो जाते हैं। इस समय सूर्य कन्या राशि में स्थित होते हैं। इस अवसर पर चंद्रमा भी पृथ्वी के काफी करीब होता है। चंद्रमा से थोड़ा ऊपर पितृ लोक माना गया है। सूर्य राशियों पर सवार होकर पितृ पृथ्वी लोक में अपने पुत्र-पौत्री के यहां आते हैं तथा अपना भाग लेकर शुक्ल प्रतिपदा को सूर्य राशियों पर सवार होकर वापस अपने लोक लौट जाते हैं।

महाभारत में वर्णन है कि पिहोवा कुरुक्षेत्र की आठ कोस की भूमि पर बैठकर ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। गंगा पुत्र भीष्म पितामह की सद्गति भी पृथुदक में हुई थी। पिहोवा में प्रेत पीड़ा शांत होती है। अकाल मृत्यु होने पर दोष निवारण के लिए पिहोवा में कर्मकांड करवाने की परम्परा है। ऐसा करने से मृतक प्राणी अपगति से सद्गति को

## पत्रकार अजय पांडेय को मातृ शोक ।

विश्व नाथ त्रिपाठी समाज जागरण प्रतापगढ़

भारतीय किसान कल्याण संघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ प्रयागराज के मंडल अध्यक्ष, पवन प्रभात समाचार पत्र के सलाहकार संपादक, सद्भावना का प्रतीक समाचार पत्र के प्रतापगढ़ ब्यूरो चीफ, गांव का सिपाही साप्ताहिक समाचार पत्र के संपादक श्री अजय पांडेय की माता जी पूज्यनीय गंगू देवी 80 वर्ष का आज 10 सितंबर शनिवार रात्रि 2:31 पर इलाज के दौरान कानपुर के निजी अस्पताल में निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर सुबह 10 बजे कानपुर से उनके निज आवास कोर्रही आवास पर पहुंचेगा।

इसके कुछ दिन पहले ही उनकी भाभी जी का निधन हो गया था। लोगो की आंखों में माता जी के प्यार और सद्व्यवहार की चर्चा करते समय आंसू देखे गये । गरीबों और असहायों के प्रति सहायता का भाव। जबरन कर्ण कुल्हों को अपनी ओर खींच यहां था ऐसी नेक महिला के निधन का समाचार सुन क्षेत्रवासियों की भीड़ पत्रकार के दरवाजे पर ठिठक कर रही प्रार्थना कर रही थी कि ईश्वर इस असह्य दुख को सहन करने की शक्ति परिवार वालों को प्रदान करें और माता जी की आत्मा को शांति प्रदान कर उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें।

## पुलिस अधीक्षक अमेठी महोदय द्वारा पुलिस कार्यालय में की गयी जनसुनवाई



समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक अमेठी महोदय द्वारा जनसुनवाई की गयी । इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए ।

## समाज के अर्पण द्वारा ,गरीब करेगा तर्पण

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़ इस पितृपक्ष में ब्रह्म समाज के अर्पण द्वारा समाज का गरीब तबका भी गया जी में तर्पण कर भगवान जगन्नाथ जी कां दर्शन बिल्कुल निः शुल्क करेगा इसका वीणा उठाया है ब्रह्मदेव जागरण मंच ने । भारतीय मूल समाज में पितृपक्ष का विशेष महत्व है ।लोग भादौं की पूर्णिमा से पितरों को जल और पिंड देकर उन्हें संतुष्ट करने का विधान करते हैं यह क्रिया क्वार की अमावस्या तक चलती है ।इसी पन्द्रह दिन की अवधि का नाम पित्र पक्ष है यानी पितरों की श्राद्ध व पिंडदान का शास्त्र विहित समय` लोग पूर्णिमा के दिन नदी व पोखरों में स्नान कर पिंडदान आरम्भ करते हैं और पन्द्रह दिन जल लेकर उनको संतुष्ट करते हैं ।

शास्त्रों में ऐसा कहिए गया है विना गया में पिंडदान व श्री जगन्नाथ स्वामी का दर्शन। किए पितरों की मुक्ति नहीं होती । प्रत्येक पुत्र अपने पितरों की गया श्राद्ध अवश्य करना चाहता है लेकिन धनाभाव के कारण कुछ। बंधु इस पवित्र महायज्ञ से वंचित रह जाते हैं लेकिन ब्रह्मदेव जागरण मंच के प्रदेश अध्यक्ष पंडित सत्येन्द्र पांडेय ने अपने संकल्प से गरीबों को यह लाभ इस बार निःशुल्क गया जगन्नाथ तीर्थ कराने का पूरा किया १४ सितम्बर को पहला जत्था रवाना होगा । अयोध्या ,संगम ,बनारस होता हुआ गयाधाम पहुंचेगा वहां पिंडादांन के बाद जगन्नाथ जी का दर्शन करता हुआ मार्ग के अन्य दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करता। हुआ स्वनाम पहुंचेगा पहले जत्थे में प्रतापगढ़ से ५० लोग शामिल जिनका सभी खर्च खाना पीना निः शुल्क है`

श्री तिवारी ने बताया कि जब मेरे मन में विचार आया तो हमने कुछ मित्रों से बात की उन लोगों ने मेरे विचार को पंख दिए और समाज ने उसे हाथों-हाथ लिया और हम सफलता की ओर बढ़े क्यों कि मन मैं धर्म का विचार आने पर ही भगवान की क्रिया शुरू हो जाती है इरादे नेक तो काम अनेक सिद्ध होते हैं ।

## नशीले पदार्थो को बेचने वालो के खिलाफ हो रही कडी कार्यवाही-पुलिस अधीक्षक

समाज जागरण मनीष कौशल अमेठी गौरीगंज अमेठी उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर ड्रग माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक अमेठी जनपद की पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी। पुलिस अधीक्षक



डा इलामारन जी ने बताया कि पिछले एक माह में लगभग विभिन्न थानों से लगभग 53 लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए भेजा गया जेल। जबकि इन लोगों के पास से लगभग 90 किलोग्राम अवैध गांजा और 2 किलोग्राम अवैध स्मैक की की गई बरामदगी। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों रुपए आंकी गई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इसी के साथ वहीं पर अमेठी पुलिस के द्वारा एक व्यक्ति के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा भी कराया गया है अमेठी जनपद के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर इलामारन जी ने बताया कि अवैध रूप से नशीले पदार्थों को बेचने और सप्लाई करने वालों के खिलाफ पूरे जनपद में कडी कार्यवाही की जा रही है

## पिहानी पब्लिक स्कूल की प्रथम वर्षगांठ पर सास्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

अतिथियों ने बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर किया पुरस्कृत, पुरस्कार पाकर बच्चों के खिले चेहरे



अखिलेश सिंह,हरदोई हरदोई।पिहानी जहानीखेड़ा मार्ग पर पिहानी पब्लिक स्कूल की प्रथम वर्षगांठ धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। गायत्री प्रज्ञा पीठ पिहानी की महिला मंडल की टोली नायिका नीलम शर्मा मुख्य अतिथि व सावित्री देवी विशिष्ट अतिथि व अध्यापिका व महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर देने वाली विजय अवस्थी मौजूद रही। पिहानी पब्लिक स्कूल की प्रथम वर्षगांठ पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीलम शर्मा व विशिष्ट अतिथि सावित्री देवी , विजया अवस्थी सहित अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबंध तंत्र व समस्त स्टाफ ने बुके देकर किया । इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। नृत्य हो या गायक सभी ने मन मोह लिया। प्रधानाचार्या अनील ने छात्र-छात्राओं को पढाई के प्रति जागृत किया। मुख्य अतिथि नीलम शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। विद्यार्थियों को सह शैक्षिक प्रतियोगिताओं में भी भागीदारी करना शिक्षा का एक महत्वपूर्ण अंग है। इससे बालक में सामाजिकता, नेतृत्व गुण, सामाजिक उपयोगिता, सहनशीलता की भावनाएं विकसित होती हैं और बालक का सर्वांगीण विकास होता है। विशिष्ट अतिथि सावित्री देवी ने कहा कि विद्यालय में प्राथमिक स्तर से ही सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियां आयोजित की जानी चाहिए ताकि विद्यार्थियों में अपने देश समाज की संस्कृति को समझने और उसे जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया जा सके।

अध्यापिका विजया अवस्थी ने कहा कि विद्यालय सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन से बालकों को अभूतपूर्व लाभ मिलता है और उन्हें मात्र सैद्धांतिक जीवन के बजाय प्रैक्टिकली जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है जिससे वे भावी जीवन के लिए आने वाले संघर्षों और कठिनाइयों से मुकाबला करने के लिए तैयार होते हैं। विद्यालय के प्रबंधक अवधेश रस्तोगी आशुतोष रस्तोगी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर देवेंद्र यादव, सभासद सोनू सिंह, विपिन सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

# नवादा में पुलिस अधिकारियों को दंड देने का अनोखा अंदाज

## पुलिस कप्तान ने पांच पुलिस अफसरों को डाला हाजत में, संघ नाराज, सरकार से कार्रवाई की मांग

**रीता कुमारी, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण**

नवादा (बिहार)। खबर चौंकानेवाली है। अपराधियों को हाजत में बंद करनेवाले पुलिस अधिकारी जब खुद अपने ही थाने की हाजत में बन्द कर दिये जायें तो हड़कंप मचना स्वाभाविक है। जिला मुख्यालय नवादा से राजधानी पटना तक लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि पुलिस अधिकारियों ने आखिर क्या गलती कर दी कि उन्हें हाजत में बंद होना पड़ा। मामला बिहार पुलिस एसोसिएशन तक पहुंचा और फिर पूरा पुलिस महकमा चौकस हो उठा। आरोप है कि नवादा के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार गौरव मंगला ने नवादा नगर थाना के पांच पुलिस अधिकारियों को दो घंटे से भी अधिक समय तक थाना हाजत में बंद रखने की सजा दी है। स्वाभाविक तौर पर यह खबर चौंकानेवाली थी। इस खबर ने पुलिस महकमा में खलबली मचा दी। जिला से लेकर राज्य स्तर पर पुलिस एसोसियेशन उठ खड़ा हुआ।



चर्चा है कि पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव मंगला ने 8 सितम्बर की रात नवादा नगर थाना के 2 दारोगा शत्रुघ्न पासवान और रामपरेखा सिंह के साथ ही 3 जमादार संतोष पासवान, संजय सिंह और रामेश्वर उरांव को थाना हाजत में बंद कर दिया। करीब 2 घंटे तक सभी थाना हाजत में बंद रखे गये। बाद में सभी को मुक्त किया गया।



बिहार पुलिस एसोसिएशन
2, मैंगल्स रोड, पटना-1

हालांकि पुलिस अधीक्षक डा गौरव मंगला आरोपों को खारिज करते हैं। नवादा नगर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने भी ऐसी किसी घटना से इंकार किया है।

बताया जाता है कि 8 सितम्बर की रात करीब 9 बजे नवादा नगर थाना में कांडों का रिव्यू करने के दौरान कुछ अफसरों की लापरवाही सामने आयी। इससे पुलिस अधीक्षक खफा हो गये और पांच पुलिस अफसरों को हाजत में बंद करा दिया। करीब दो घंटे बाद सभी को हाजत से निकाला गया।

अगले दिन यह खबर वॉट्सएप पर सूचनात्मक रूप में वायरल हुई तब पुलिस अधीक्षक ने खबर को गलत बताया। नगर थानाध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने भी खबर की पुष्टि नहीं की। मामला तूल तब पकड़ा जब बिहार पुलिस एसोसियेशन के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह तक यह बात पहुंची। मृत्युंजय कुमार सिंह के मुताबिक उन्होंने पुलिस अधीक्षक से बात करने का प्रयास किया तो कॉल रिसीव नहीं किया गया। शनिवार 10 सितम्बर को उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पूरे मामले की जांच की मांग कर दी। उन्होंने नगरथाना का सीसीटीवी फुटेज खंगालने और विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की है।

अध्यक्ष ने आशंका जतायी है कि महत्वपूर्ण साक्ष्य सीसीटीवी से छेड़छाड़ कर साक्ष्य को मिटाया जा सकता है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक की कार्रवाई को कनीय पुलिस अधिकारियों के मनोबल को तोड़नेवाला बताते हुए मामले की निष्पक्ष और न्यायिक जांच करा भारतीय दंड विधान की धारा में मामला दर्ज करने की मांग की है।

# विश्व धर्म सम्मेलन दिवस, मुझे गर्व है कि मैं उस देश से हूं जिसमें सभी धर्म और सभी देशों के सताए गए लोगों को अपने यहां शरण दी -स्वामी विवेकानंद

**दैनिक समाज जागरण, सत्यप्रकाश नारायण, जिला संवाददात्ता, औरंगाबाद( बिहार)**

11 सितंबर 1893 को अमेरिका में विश्व धर्म सम्मेलन में

स्वामी विवेकानंद ने दुनिया भर के लोगों को सहनशीलता और संस्कृति का पाठ पढ़ाया और विश्व के सभी धर्मों के बीच में संवाद बनाने की कोशिश की गई। 11 सितंबर 1993 को प्रारंभ होकर 17 दिन तक चलने वाले इस धर्म सम्मेलन में प्रतिदिन विभिन्न देशों के धर्म शास्त्रियों एवं महत्वपूर्ण विद्वानों द्वारा बहुमूल्य विचार प्रस्तुत किए। स्वामी जी द्वारा प्रस्तुत हिंदू धर्म.एवं अध्यात्म संबंधी सुस्पष्ट एवं तर्कपूर्ण विचार अन्य धर्मों की तुलना में हिन्दू धर्म की श्रेष्ठता एवं सम्पुर्णता को स्थापित करने में समर्थ हैं। स्वामी विवेकानंद जी की विश्वधर्म सम्मेलन में भागीदारी अथवा सम्मिलित होना उनका अभूतपूर्व ब्यापक और दुगार्मी प्रभाव केवल भारत के ही लिए नहीं पुरे विश्व और मानव कल्याण की द्वीष्टी से आज भी सुधी लोगों के लिए अनुकर्णीय बना हुआ है।

128 वर्ष पूर्व स्वामी विवेकानंद शिवांगो में विश्व धर्म सम्मेलन हुआ उस पर आज भी हम सभी भारतीय गर्व करते हैं स्वामी जी ने अपने भाषण की शुरूआत मेरे अमेरिकी



भाइयों एवं बहनों से की थी जिसके बाद सभागार में हर तरफ कई मिनटों तक तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही। यह आयोजन मिशिगन झील के किनारे 10 37 एकड़ जमीन पर इस प्रदर्शनी में 2 पॉइंट 75 करोड लोग आए थे औसतन हर रोज डेढ़ लाख से ज्यादा लोग पहुंचे थे। स्वामी विवेकानंद ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं उस धर्म से हूं जिसने दुनिया को सहिष्णुता और सार्वभौमिक स्वीकृति का पाठ पढ़ाया है " हम सिर्फ भौमिक धा सहिष्णुता पर विश्वास पर ही विश्वास नहीं करते बल्कि हम सभी धर्म को सच के रूप में स्वीकार करते हैं। मुझे गर्व है कि मैं उस देश से हूं जिसमें सभी धर्म और सभी देशों के सताए गए लोगों को अपने यहां शरण दी।

# पीएच. डी. इन्क्रिमेंट का लाभ दिलाने की मांग

मधेपुरा। बीएनएमयू, मधेपुरा के बीपीएससी सेलेक्टेड टीचर्स फोरम (बीएसटीएफ) के एक प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर से मिलकर पीएच. डी. इन्क्रिमेंट (05 अग्रिम वेतन वृद्धि) का लाभ दिलाने की मांग की है।

फोरम के महासचिव डॉ. सुधांशु शेखर (दर्शनशास्त्र) कहा है कि पीएच. डी. योग्यताधारी विश्वविद्यालय शिक्षकों को पीएच. डी. इन्क्रिमेन्ट (05 अग्रिम वेतन वृद्धि) का लाभ मिलता रहा है और वर्तमान में भी तकनिकी महाविद्यालयों में नियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसरों को यह लाभ मिल रहा है। लेकिन बीपीएससी की अनुशंसोपरांत बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों में नियुक्त असिस्टेंट प्रोफेसरों

को पीएच. डी. इन्क्रिमेंट (05 अग्रिम वेतन वृद्धि) के लाभ से वंचित रखा गया है। इससे निराशा एवं असंतोष



व्याप्त है। अतः सभी लोगों को पीएचडी इन्क्रिमेंट का लाभ दिलाने की जरूरत है।

इस अवसर पर के. पी. कॉलेज, मुरलीगंज-मधेपुरा के प्रधानाचार्य डॉ. जवाहर पासवान, असिस्टेंट प्रोफेसर महेंद्र मंडल (मैथिली), डॉ. सज्जाद अख्तर (उर्दू), डॉ. शिवा शर्मा (गणित), डॉ. चंद्रशेखर आजाद (राजनीति विज्ञान), डॉ. रवीन्द्र कुमार (वाणिज्य), डॉ. अमरेंद्र कुमार (इतिहास), सुशांत कुमार सिंह (अर्थशास्त्र), प्रतीक कुमार (हिंदी), डॉ. विजय पटेल (रसायनशास्त्र) आदि उपस्थित थे।

# प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव से मिले खिलाड़ी

मधेपुरा। बीएनएमयू, मधेपुरा के अंतर महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता में टी. पी. कॉलेज, मधेपुरा ने महिला एवं पुरुष दोनों ही वर्गों में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। शनिवार को महिला टीम ने प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद



यादव से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें महाविद्यालय की ट्रॉफी भेंट किया। प्रधानाचार्य ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दिया और अन्य विद्यार्थियों से भी अपील की कि वे पठन-पाठन के साथ-साथ खेल-कूद एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में भी भाग लें। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद् के उप सचिव सह महाविद्यालय मनोविज्ञान विभागा के अध्यक्ष डॉ. शंकर कुमार मिश्र ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रायः सभी प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की टीम का प्रदर्शन सराहनीय है। आशा है कि आगे आने वाली प्रतियोगिताओं में और भी बेहतर प्रदर्शन देखने को मिलेगा। विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव (स्थापना) सह महाविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग के आध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय को भी काफी उम्मीदें हैं। अतः विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि वे कड़ी मेहनत कर अपने महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय का नाम रौशन करें। इस अवसर पर पीटीआई नंदन कुमार भारती, मेघा कुमारी, चेतना प्रीतम, रिमी कुमारी, अनुप्रिया, ममता कुमारी, भारती कुमारी, नीतु कुमारी, श्रुति कुमारी, अंशु कुमारी, आदि उपस्थित थे।

# एनएसएस शिविर 13-19 सितंबर तक

मधेपुरा। ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई के स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाओं का सात दिवसीय विशेष शिविर 13-19 सितंबर तक निर्धारित है। इसका कार्यक्रम विवरण जारी कर दिया गया है और अतिथियों को आमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है।

समन्वयक करेंगे उद्घाटन

कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि मंगलवार को शिविर का उद्घाटन समारोह निर्धारित है। इसमें कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अभय कुमार उद्घाटन कर्ता और केपी कॉलेज, मुरलीगंज के प्रधानाचार्य डॉ. जवाहर पासवान मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव करेंगे। अतिथियों का स्वागत विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद् के उप सचिव डॉ. शंकर कुमार मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन एनसीसी पदाधिकारी ले. गुड्डु कुमार करेंगे।

विभिन्न विषयों पर होगी परिचर्चा

उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान प्रत्येक दिन विभिन्न विषयों पर परिचर्चा एवं व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। प्रथम दिन मंगलवार को एनएसएस समन्वयक डॉ. अभय कुमार एनएसएस : उद्देश्य एवं कार्य विषय पर व्याख्यान देंगे। दूसरे दिन बुधवार को हिन्दी दिवस के अवसर पर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. वीणा कुमारी राष्ट्रभाषा हिन्दी का महत्व पर प्रकाश डालेंगी और डीएसडब्ल्यू डॉ. राजकुमार सिंह लोकतंत्र एवं मानवाधिकार विषय पर व्याख्यान देंगे। तीसरे दिन गुरुवार शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. जावेद अहमद शिक्षा : अर्थ, उद्देश्य एवं महत्व विषय पर मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. एम. आई. रहमान युवाओं की मनोवैज्ञानिक समस्याएं एवं समाधान विषय पर व्याख्यान देंगे।

उन्होंने बताया कि चौथे दिन शुक्रवार को क्रीड़ा परिषद् के उप सचिव डॉ. शंकर कुमार मिश्र एड्स एवं युवाओं की अन्य स्वास्थ्य समस्याएं विषय पर और पांचवें दिन शनिवार को केपी कालेज मुरलीगंज के प्रधानाचार्य डॉ जवाहर पासवान शिक्षा और सामाजिक न्याय विषय पर चर्चा करेंगे। छठे दिन रविवार को निदेशक आईक्यूएसी डॉ. नरेश कुमार पर्यावरण- संरक्षण विषय पर व्याख्यान देंगे। सातवें दिन सोमवार को सर्वेक्षण रिपोर्ट की प्रस्तुति होगी और समापन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

पूर्णतः निःशुल्क है शिविर

उन्होंने बताया कि यह शिविर पूर्णतः निःशुल्क है। सभी प्रतिभागियों को शिविर में सक्रिय रूप से सहभागिता निभानी होगी। पचास प्रतिभागियों को सर्वेक्षण फार्म आदि जमा करने के बाद प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक स्वयंसेवक- स्वयंसेविका उनके वाट्सप नंबर 9934629245 पर अपनी सूचना भेज सकते हैं।

# भागलपुर में आयोजित होगा आगामी 12 से 14 सितम्बर को

## भाजयुमो का तीन दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक -प्रवीण कुमार

फारबिसगंज। भाजयुमो का तीन दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति बैठक आगामी 12 से 14 सितम्बर को भागलपुर में आयोजित होगा।उक्त बातों की जानकारी भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने यहाँ जारी एक प्रेस बयान में दी है। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री कुमार ने बताया है कि इस तीन दिवसीय



प्रांतीय बैठक में आगामी संगठनात्मक योजना का ना सिर्फ रोडमैप तैयार किया जाएगा बल्कि बिहार की वर्तमान राजनीतिक सामाजिक परिदृश्य,गिड़ती कानून व्यवस्था पर व्यापक चर्चा कर आंदोलन की रूप रेखा तय करने के साथ साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारी की समीक्षा व आगामी 23 सितंबर पूर्णिया में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की प्रस्तावित रैली में युवाओं की भागीदारी पर भी चर्चा होगी। वही इस प्रांतीय बैठक में युवा कार्यकताओं के मार्गदर्शन

# टीचर्स ऑफ बिहार का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कू ऐप हुआ दस हजार के पार-रंजेश कुमार

पटना/फारबिसगंज। बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी टीचर्स ऑफ बिहार के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की तरह ही कू ऐप भी शिक्षकों में बेहद लोकप्रिय हो रहा है। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इस स्वदेशी ऐप में विगत तीन माह में दस हजार से भी अधिक बिहार के सरकारी विद्यालयों के शिक्षक जुड़कर अपने विद्यालयों में हो रहे नवाचारी गतिविधियो को साझा कर रहे हैं। यह जानकारी देते हुए टीचर्स ऑफ बिहार के प्रदेश प्रवक्ता सह अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखंड के शिक्षक रंजेश कुमार ने कहा कि कू ऐप का इंटरफेस भी ट्विटर के समान ही है, जिससे उपयोगकर्ता अपने पोस्ट को हैशटैग के साथ वगीर्कृत कर सकते हैं और अन्य उपयोगकताओं को उल्लेख या उत्तरों में टैग कर सकते हैं। कू पीले और सफेद इंटरफेस का उपयोग करता है। 4 मई 2021 को, कू ने "टॉक टू टाइप" नामक एक नया फीचर पेश किया, जो अपने उपयोगकताओं को ऐप के वॉयस असिस्टेंट के साथ एक पोस्ट बनाने की अनुमति देता है।

# नगर पंचायत देव में चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## नामांकन पर्चा दाखिल करने की तिथि 10 सितंबर से 19 सितंबर निर्धारित है।प्रथम दिन एक भी नमांकन पर्चा नहीं हुआ दाखिल।

**दैनिक समाज जागरण ,वीरेंद्र.यादव संवाददात्ता ,औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद (बिहार) 10 सितंबर 2022 :-नगर पंचायत चुनाव को लेकर देख प्रखंड मे सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। चुनावी घोषणाएं के साथ 10 सितंबर 2022 से 19 सितंबर 2022 तक नामांकन पर्चा दाखिल करने की तिथि निर्धारित की गई है। 10 सितंबर 2022 से 3 पदों के लिए एनआर काटना शुरू हो गया है, 2:00 बजे तक अध्यक्ष पद के लिए 4, उपाध्यक्ष पद के लिए 5,और वार्ड पार्षद पद के लिए 20 प्रत्याशियों ने एन आर कटाया। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए एन आर कटवाने पहुँचे उपेंद्र यादव ने बताया कि नगर पंचायत देव के चौमुखी विकास के लिए हमने उपाध्यक्ष पद से एन आर कटवाया है। वही उमा देवी ने भी अध्यक्ष पद के लिए एनआर कटवाया।



बताते चलें कि नामांकन की तिथि 10 सितंबर से 19 सितंबर निर्धारित है। जबकि 20-21 सितंबर तक समीक्षा की जाएंगी। वहीं 22 से 24 सितंबर तक अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित हैं। अंतिम रूप से सूची का प्रकाशन 25 सितंबर को किया जाएगा। मतदान की तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित की गई है। वहीं इसके अलावा मतगणना की तिथि 12 अक्टूबर हैं। नगर परिषद औरंगाबाद अंतर्गत प्रथम चरण में चुनाव होगा। मतदान का समय सुबह 7 बजें से शाम 5 बजे निर्धारित किया गया है।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि इस बार का सभी चुनाव ईवीएम मशीन के माध्यम से होना है जिसमें मशीन हमें प्राप्त हो चुकी है जिसका फिलहाल एफएलसी चल रहा है। एक सप्ताह में यह कार्य पूर्ण हो जाएंगी। इस बार मुख्य पार्षद और उप मुख्य पार्षद का भी चुनाव होना है। सभी बूथों पर कुल 3 ईवीएम मशीन होंगे। कुल मतदाताओं की सं.163354 हैं।

ज्ञात हों कि औरंगाबाद नगर परिषद अंतर्गत 33 वार्ड, 109 बूथ एवं मतदाताओं की संख्या 95599 हैं। नगर पंचायत रफीगंज अंतर्गत 16 वार्ड, 36 बूथ एवं मतदाताओं की संख्या 28422 हैं। नगर पंचायत नबीनगर अंतर्गत 14 वार्ड, 28 बूथ एवं मतदाताओं की संख्या 19457 हैं। नगर पंचायत बारूण अंतर्गत 11 वार्ड, बूथ 13 एवं मतदाताओं की संख्या 10097 हैं। वहीं नगर पंचायत देव नया बना हैं जिसमें 11 वार्ड, 13 बूथ एवं 9777 हैं।

**देव प्रखंड़ के सीओ और थानाध्यक्ष से पडोसी सीओ व थानाध्यक्ष को भी सीख लेनी चाहिए**

# बिचौलियों व दलालों से दुरी बनाते हूए अपने कर्तव्य का निर्वाहन भी करना चाहिए।

## देव थाना में भुमी विवाद का 4 पुराना मामला और 3 नया मामला आया सभी मामले का हुआ निष्पादन।

**दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र ब्यूरो चीफ/ वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता, औरंगाबाद (बिहार)**

औरंगाबाद (बिहार) 10 सितंबर 2022 :- जिले के.देव प्रखंड के अंचल अधिकारी एवं देव थानाध्यक्ष इनदिनों जनता के बीच सुर्खियों में हैं तथा अपने कर्तव्यों के निर्वहन कर लोगों को दिलों दिमाग पर छाते जा रहे है। सीओ और थानाध्यक्ष अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर लगातार यह संदेश दे रहे और इनके संदेश बता रहे हैं कि अंचल और थाना चाह जाए तो किसी तरह का भूमि से संबंधित विवाद प्रखंड़ से आगे बढ़ ही नहीं सकता और जब विवाद समाधान हो जायेगे तो जमीनी विवाद में खुनी संघर्ष का तांड़व ही नहीं होंगे।



आखिर सीमावर्ती प्रखंड के सीओ एवं थानाध्यक्ष इन से सिख क्यों नहीं लेना चाहते है और दलालों और बिचौलियों से दूरी बनाकर भूमि विवाद तथा जन समस्याओं का समाधान थाना स्तर पर ही क्यों नहीं करते, यह विचारणीय विषय है, इसके जिले के जिला पदाधिकारी एवं पुलिस कप्तान को जिले के सभी थाना में प्रत्येक शनिवार को भूमि विवाद निस्तारण के नाम पर लगने वाले जनता दरबार का समीक्षा कर.अपने कर्तव्यों का निर्वहन में विफल अधिकारियों पर विधिसम्मत कार्रवाई ही

उद्देश्यों से भटक चुके थानेदार एवं सीओ में सुधार ला सकता है

जिला संवाददात्ता वीरेंद्र यादव के अनुसार 10 सितंबर 2022 को देव थाना परिसर के सभा कक्ष भवन में अंचलाधिकारी आशुतोष कुमार, एवं देव थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडे, की अध्यक्षता में जमीनी विवाद निपटारा को लेकर जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुना। जनता दरबार में देव क्षेत्र से कई लोगों ने जमीन से संबंधित फरियाद लेकर देव थाना पहुंचे और अपना समस्या को देव अंचलाधिकारी के पास रखें: देव अंचला अधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि आज कूल 7 मामला आया था। जिसमें 4 पुराना मामला था और 3 नया मामला था। सभी को आज निष्पादित कर दिया गया।

# पुस्तक प्रकाशन के प्रति सक्रिय हों शिक्षक:वीसी

## डॉ कविता कुमारी लिखित पुस्तक भारतीय संविधान में मानवाधिकार का हुआ विमोचन

मधेपुरा। बीएनएमयू के पीजी सेंटर सहरसा में राजनीति विज्ञान विभाग की गेस्ट असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कविता कुमारी लिखित पुस्तक का कुलपति ने लोकार्पण किया। भारतीय संविधान में मानवाधिकार विषयक प्रावधान नामक पुस्तक का लोकार्पण कुलपति डॉ आरकेपी रमण ने किया।



उन्होंने कहा कि शिक्षकों को किताब लेखन के प्रति सक्रिय रहना चाहिए। उन्होंने कविता कुमारी के प्रयास की सराहना करते कहा कि इनके प्रयास से सबों को प्रेरित होना चाहिए। कुलपति ने कहा कि किताब प्रकाशन से लेखक को तो फायदा होता ही है साथ ही विश्वविद्यालय की भी प्रतिष्ठा बढ़ती है। उन्होंने कहा कि नेक मूल्यांकन में पब्लिकेशन पर अंक निर्धारित है। उन्होंने कविता कुमारी को लेखन के प्रति और समर्पित होने की बात कही। उन्होंने कहा मानव के कर्तव्य पर भी पुस्तक लिखें। जिसका लोकार्पण बड़े आयोजन में होगा। कार्यक्रम का संचालन डीएसडब्ल्यू डॉ राजकुमार सिंह ने किया। उन्होंने कविता के अध्ययन अध्यापन के प्रति लगाव की सराहना की। उन्होंने कहा कि खासकर शोधार्थियों के लिए यह पुस्तक काफी मददगार साबित होगा। प्रॉक्टर डॉ बीएन विवेका ने कहा कि गेस्ट टीचर भी काफी प्रतिभावान हैं। पुस्तक लेखन उनके करियर को आगे बढ़ाएगा। मौके पर डीन डॉ उषा सिन्हा, डा रामनरेश सिंह, डॉ ललन प्रसाद अदरी, डॉ सिद्धेश्वर कश्यप, डॉ सीपी सिंह, डॉ डीएन सिंह, डॉ रंजीत सिंह, डॉ एमएस रहमान, डॉ हर्षवर्धन, डा. संजय कुमार परमार सहित अन्य मौजूद थे।

# बिहार में वेतन की आस में मर रहे वित्त रहित शिक्षा कर्मियों की आवाज बनेगी महागठबंधन की सरकार- प्रो.मनोज भटनागर

मधेपुरा। बीएन मंडल विश्वविद्यालय के अंतर्गत संबद्ध प्राप्त डिग्री महाविद्यालय के अनुदानित शिक्षक विगत 36 सालों से बिना वेतन का शिक्षा दान कर रहे हैं वित्त रहित डिग्री कॉलेज शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष प्रोफेसर मनोज भटनागर ने इस बाबत बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव एवं शिक्षा मंत्री को पत्र भेजकर कहा है कि बिहार सरकार के इस काला कानून ने हमारी तीन पीढ़ियों को बर्बाद कर दिया है आलम यह है कि विगत 3 विधानसभा चुनाव के पूर्व श्री लालू प्रसाद यादव श्री नीतीश कुमार तथा श्रीमती राबड़ी देवी ने आश्वासन दिया था कि इस वित्त रहित शिक्षा नीति को हम समाप्त कर देंगे हमें वोट दें हमने ईमानदारी से वोट भी दिया उनकी सरकार भी बनी बावजूद इसके सीएम बनने के बाद किन्ही ने उच्च शिक्षा के इस बदनूमा दाग को धो नहीं पाया समाजिक पारिवारिक और आर्थिक रूप से टूट चुके अब वित्त रहित शिक्षा कर्मियों की हिम्मत जवाब दे गई लिहाजा आने वाली पीढियो को बचाने के लिए



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव शिक्षा मंत्री प्रोफेसर चंद्रशेखर से आग्रह करते हैं अनुदानित डिग्री कॉलेजों को अंगीभूत कर हम वित्त रहित शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों वेतन देने की मांग की गई शिक्षकों

## 10 लीटर महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो चीफ उमाकांत साह**

बांका/चांदन/आनंदपुर ओपी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार समकालीन अभियान के तहत आनंदपुर ओपी के ए एस आई श्याम जी रजक व पुलिस बल के सहयोग से कुसुम जोरी पंचायत कुसौना गांव के तुरी टोला से 10 लीटर महुआ शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में ओपी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुसौन गांव में अवैध तरीके से शराब बिक्री किया जा रहा है। गांव पहुंचने पर देखा गया कि बालमुकुंद तुरी के घर



के सामने बने झोपड़ी से एक युवक शराब लेकर भाग रहा था। जिसे पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ लिया तलाशी लेने पर युवक के पास से 10 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसकी पहचान झारखंड के बलथर थाना क्षेत्र मोहनपुर निवासी महेश मिर्धा (तूरी) के रूप में की गई.वहीं ग्रामीण सूत्रों के अनुसार आरोपी का ससुर बालमुकुंद तूरी बाबा धाम पूजा करने गया था। जो आरोपी घर की रखवाली करने अपने ससुराल आया था। जिसे आनंदपुर पुलिस ने 10 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर मद्य उत्पाद अधिनियम एवं सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर शनिवार को जेल भेज दिया।

## सुगासार मोड़ के समीप टाटा सूमो कार पलटने से कई श्रद्धालु हुए जखमी

**दैनिक समाज जागरण सम्वाददाता**
**ब्यूरो चीफ उमाकांत साह**

थाना क्षेत्र के कटोरिया चांदन मुख्य मार्ग स्थित तुर्की मोड़ के समीप सुग्गासार मोड़ पर शनिवार सुबह 8:00 बजे के करीब कार चालक का संतुलन बिगड़ जाने से कार सड़क से उतर कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई है. जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश यूपी निवासी सोनू यादव अपने चार साथियों के साथ सुल्तानगंज से जल भरकर पूजा करने देवघर जा रहे थे इसी दौरान कटोरिया चांदन के



मुख्य मार्ग स्थित सुग्गा सार मोड़ के समीप चंदन की ओर से आ रहे एक बाइक सवार युवक सामने आ जाने से कार चालक का संतुलन बिगड़ गया। जिसे बचाने के कारण दुर्घटना हो गई वहीं घटना की जानकारी पर चांदन पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना में जख्मी श्रद्धालुओं का कुशल क्षेम जाना और इलाज हेतु समुदायिक स्वास्थ्य चांदन पहुंचाया जहां उपचार कर देवघर भेज दिया

## फुल्लीडुमर थाना की पुलिस 15 लीटर महुआ शराब के साथ एक महिला शराब कारोबारी को किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
**कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका**

फुल्लीडुमर थाना की पुलिस शनिवार को गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के चननथरा गांव से 15 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक महिला शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है वही इसकी जानकारी देते हुए फुल्लीडुमर थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि शराब बिक्री की गुप्त सूचना के आधार पर सशस्त्र पुलिस बलों के सहयोग से थाना क्षेत्र के चननथरा गांव में रेखा देवी के घर छापेमारी की गई जहां छापेमारी के दौरान उसके घर से




प्लास्टिक के डिब्बे में रखे 15 लीटर देसी महुआ शराब जप्त की गई एवं मौके पर से महिला शराब कारोबारी रेखा देवी पति मंटू दास को गिरफ्तार किया गया है शराब कारोबारी की गिरफ्तारी थाना अध्यक्ष आलोक कुमार एवं एएसआई बलबीर विलक्षण के द्वारा की गई`वही फुल्लीडुमर थाने में मद्य निषेध की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार महिला शराब कारोबारी की फुल्लीडुमर अस्पताल में कोविड जांच के बाद उसे न्यायिक हिरासत में बांका जेल भेज दिया गया है

## वज्रपात से 1 दर्जन से ज्यादा मवेशियों की हुई मौत 4 व्यक्ति घायल

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
**कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका**

फुल्लीडुमर प्रखंड के बदलाचक बहियार में शनिवार को दिन के लगभग 2:00 बजे अचानक वज्रपात होने से पिरहमा गांव के एक दर्जन से ज्यादा मवेशियों की मौत हो गई जबकि मवेशी चरा रहे चार व्यक्ति आंशिक रूप से जख्मी हो गए `वज्रपात से जख्मी परिजनों से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार कैथा पंचायत के पीरहमा गांव के कुछ लोग बदलाचक बहियार में गाय और बकरी चरा रहे थे`जहां शनिवार की दोपहर बाद अचानक बारिश के दौरान बज्रपात होने से एक एक दर्जन बकरी एवं एक दुधारू गाय की मौके पर ही मौत हो गई`वज्रपात की घटना में पिरहमा गांव के खूब लाल राय का चार बकरी, जितेंद्र राय का एक बकरी, अमरीश राय का एक बकरी, वकील राय का एक बकरी



,सुशील राय का एक बकरी, हरि राय का दो बकरी ,नेपाली रात का एक गाय और भूषण राय के दो पाठे की मौके पर ही मौत हो गई`एवं पीरहमा गांव के ही मवेशी चरा रहे हरि राय पिता चमरू ,टेमिया देवी पति सुशील ,मरनो देवी पति घनश्याम राय एवं कौशल्या देवी पति परमेश्वराय वज्रपात की चपेट में आने से आंशिक रूप से जख्मी हो गए `जिसका इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फुल्लीडुमर में कराया गयो घटना की सूचना मिलते ही फुल्लीडुमर प्रखंड प्रमुख गौतम प्रकाश द्वारा अंचलाधिकारी को जानकारी दी गई एवं प्रखंड प्रमुख के निर्देश पर अंचल निरीक्षक संजय झा प्रमुख प्रतिनिधि प्रसेजीत कुमार के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं जानमाल की क्षति का लिया गया तथा हर संभव सहायता प्रदान करने की बात कही घटना में जिनकी मवेशी की मृत्यु हुई है वह सभी मजदूर परिवार के लोगों में से हैं

## बढ़ैत में विषहरी पूजा धूमधाम से सम्पन्न, रातभर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने श्रद्धालुओं का मन मोहा

**दैनिक समाज जागरण**
**निज संवाददाता बौंसी**

बौंसी/बांका: बौंसी प्रखंड स्थित श्यामबाजार के निकट बढ़ैत गांव में मां विषहरी के विधिवत पूजा बड़े ही धूमधाम के साथ संपन्न हुई। विषहरी धाम के भगत हरिनंदन पंडित ने बताया कि यहां वर्षों से मां विषहरी की पूजा पूरे पारंपरिक ढंग से भादो मास में की जाती है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कई गांव की महिलाओं के द्वारा 108 कलश शोभायात्रा निकाली गई, जहां भक्तगण माता के सुंदर मन्नायन को गाते हुए चल रहे थे। यह कलश शोभायात्रा बढ़ैत स्थित विषहरी धाम से होते हुए श्यामबाजार मार्ग से सुप्रसिद्ध शिव मंदिर पिपेश्वरनाथ महादेव स्थित शिवगंगा तक गई, जहां माता बहनों व श्रद्धालुओं ने विधिवत रूप से कलश को भरा और पुनः शोभायात्रा उसी मार्ग से वापस बढ़ैत स्थित प्रतिष्ठित मां विषहरी धाम आई।

इस बार इस धाम में विशेष भीड़ देखी



गई,श्रद्धालुओं में भी काफी उत्साह था क्योंकि लोगों की इस विषहरी धाम में काफी श्रद्धा ओर विश्वास हैं। रात में मां दुर्गा म्यूजिकल ग्रुप, छोटी कल्याणी, गोड्डा के द्वारा सांस्कृतिक भक्तिमय कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। दुर्गा म्यूजिकल ग्रुप के डायरेक्टर गोविंद मंडल ने बताया कि वह विगत 2 वर्षों से इस धाम पर अपने कार्यक्रम की प्रस्तुति करते आ रहे हैं ओर दर्शकों का उन्हें अपार स्नेह ओर प्यार मिलता आ रहा है। कार्यक्रम को देखने के लिए क्षेत्र के लोगों की अपार भीड़ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देखी गई। मौके पर हरिनंदन भगत ने बताया इस धाम में श्रद्धालु बिहार-झारखंड तथा बंगाल से आते हैं,जहां माता विषहरी की कृपा से सभी की मनोकामना पूर्ण होती है। कार्यक्रम में प्रेम कुमार पंडित ब्रह्मचारी बाबा, कुंदन पंडित, ओम प्रकाश पंडित, राम जी, शिव जी, बमबम पंडित,उमेश पंडित, अनिरुद्ध पंडित, अर्जुन पंडित सहित कई लोग उपस्थित थे।

## पुलिस ने 4 शराबियों को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

**दैनिक समाज जागरण निज संवाददाता बौंसी**

बौंसी/बांका:- बौंसी पुलिस ने शनिवार को नशे में धुत 4 शराबियों को



गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय ने बताया कि, थाना क्षेत्र के बाबूडीह निवासी कटकुन दास, गुड़िया मोर निवासी उमेश साह, अचारज निवासी फंटूश मंडल एवं पोरांय निवासी उमेश राय को गिरफ्तार किया गया है। सभी शराबियों की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई तो शराब पीने की पुष्टि होने पर बांका न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

### पत्नी ने पति पर दूसरी शादी कर धक्का देकर घर से बाहर करने का लगाया आरोप।

## पीड़िता ने थाना में दीया पति के विरुद्धे आवेदन

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट**

कटोरिया थाना क्षेत्र के मोथावाडी गांव की निशु देवी उम्र 27 वर्ष पति रामचंद्र यादव ने अपने ही पति पर दूसरी पत्नी को घरे लाने को लेकर पहली पत्नी के साथ मारपीट कर घर से बाहर करने का आरोप लगाया है। इसको लेकर पीड़ित महिला ने कटोरिया थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में महिला ने बताई कि मेरी शादी हिंदू लॉ के अनुसार 12 वर्ष पूर्व रामचंद्र यादव पिता विनोद यादव ग्राम




मोथावाडी से हुई थी ,लेकिन मेरे पति कोलकाता में मजदूरी करते थे। घर आने पर साथ में एक औरत को लेते आए ।मैंने औरत के बारे में पूछा तो पति मारपीट करने लगा ।पता चला कि महिला की ननंद सरिता देवी पति संतोष यादव सुईया के घर 15 दिन पति नए औरत के साथ रुक कर घर आए। घर आने पर पत्नी के साथ मारपीट कर बाहर कर दिया। जबकि पहली पत्नी में2 संतान भी हैं ।इस घटना को लेकर पीड़ित महिला नीसू देवी ने कटोरिया थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## आर्थिक तंगी के कारण पति ने फांसी लगाकर की आत्महत्या।

**`दैनिक समाज जागरणे कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट।**

कटोरिया बाजार के के मुढ़ियारी मोड़ के भीम बरनवाल (62)ने पारिवारिक कला एवं आर्थिक तंगी के कारण शनिवार अहले सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक के पत्नी एवं पुत्रवधू से आपसी विवाद चल रहा था। कई महीनों से घर में आपसी विवाद चल रहा थो जिससे तंग आकर मृतक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह बहुत देर तक मृतक कमरे से बाहर नहीं निकलने पर स्वजनों ने कमरे को खोला तो घटना की जानकारी हुई। मृतक का शव घर में रस्सी से लटका हुआ था। स्वजनों द्वारा हो-हल्ला करने पर घर के अन्य लोग



सहित आस-पास के लोग दौड़कर पहुंचे। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना पुलिस दी गयी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष नीरज तिवारी एवं अनि प्रशांत कुमार सदलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बांका भेज दिया गया। घटना को लेकर मृतक के पुत्र निवास कुमार वर्णवाल के फर्द बयान पर थाना में यूडी केस दर्ज किया गया। फिलहाल इस घटना से मृतक के स्वजनों में रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व पार्षद विक्रम प्रताप सिंह, मुक्ति निकेतन के सचिव चिरंजीवी कुमार सिंह, पूर्व पंसस वासुदेव पंडित, बांकेलाल गुप्ता, पंकज गुप्ता, संतोष केसरी अन्य लोगों ने मृतक के घर पहुंचकर स्वजनों को स्वंत्वना दिया।

## भूमि विवाद निपटाया को लेकर आनंदपुर ओपी थाना में लगा जनता दरबार

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो उमाकांत साह**

जिला अधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर भूमि विवाद से संबंधित निपटारा को लेकर शनिवार 10 सितंबर को आनंदपुर ओपी परिसर में जनता दरबार शिविर लगाया गया। जनता दरबार में मुख्य रूप से राजस्व पदाधिकारी चांदन आरती भूषण व ओपी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में भूमि विवाद से संबंधित कुल नौ मामले का दस्तावेज अवलोकन किया गया। जिसमें 7 नए मामला और दो पुराने मामले शामिल था। इस मौके राजस्व अधिकारी आरती भूषण ने बताई कि सभी मामले को बारीकी से अवलोकन किया गया जिसमें 4 मामले को निष्पादित किया गया है। निष्पादित मामला निम्न प्रकार की है एक सरकारी रास्ता का विवाद, दूसरा बंदोबस्त भूमि पर जबरन कब्जा,



तीसरा एवं चौथा मामला भईयादी बटवारा से संबंधित शामिल है। रास्ता विवाद से संबंधित मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए राजस्व पदाधिकारी आरती भूषण दक्षिणी बारने पंचायत के गंजीरा गांव पहुंच कर रास्ता अतिक्रमण मुक्त कराई। और रास्ता अतिक्रमण कारी को कड़ी फटकार लगाते हुए रास्ता अतिक्रमण मुक्त रखने का निर्देश दिया। वहीं बाकी बचे मामले में कागजी अभाव के कारण अगले शनिवार को पुर्ण दस्तावेज के साथ फरियादियों को उपस्थित होने को कहा गया ।इस मौके पर थाना मैनेजर ऋषिकेश कुमार ग्रामीण पुलिस रामू पासवान, विनोद यादव चांदवारी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नरेश यादव के अलावा दर्जनों फरियादी मौजूद थे।

## उत्क्रमित मध्य वि0 कैथा में वि0 के कमरे का ताला तोड़ अज्ञात चोरों ने पंखा चुराई, थाने में दी आवेदन

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
**कामेश्वर साह, फुलीडूमर /बांका**

फुल्लीडुमर प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कैथा में अज्ञात चोरों ने रात में विद्यालय के कमरे का ताला तोड़कर बिजली पंखे की चोरी कर ली है`वहीं इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक पंकज कुमार ने बताया कि शनिवार को जब वह विद्यालय आए तो देखा कि कमरे का



ताला तोड़कर विद्यालय में लगे पंखे की अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी है`आगे प्रभारी प्रधानाध्यापक पंकज कुमार ने कहा कि अज्ञात चोरों के खिलाफ फुल्लीडुमर थाने में आवेदन दिया गया है इधर पुलिस ने बताया कि आवेदन मिला है मामले की छानबीन की जा रही है

## भैरोगंज बाजार में क्रेप्टन कमप्यूटर सेंटर का हुआ उद्धघाटन एक नजर तकनीकी शिक्षा की ओर

चान्दन/ बांका /आनंदपुर ओपी क्षेत्र के भैरोगंज बाजार स्थित पूर्व मुखिया सुरेश यादव के मकान में शनिवार 10 सितंबर को क्रेप्टन कंप्यूटर सेंटर का उद्धाटन कंप्यूटर सेंटर के प्रोपराइटर प्रोफेसर पूर्व मुखिया सुरेश यादव व आनंदपुर ओपी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पूर्व पंचायत समिति सदस्य अशोक यादव भैरोगंज बाजार के समाजसेवी तूफान साह, व बोड़ा सुईया पंचायत के पूर्व मुखिया नारायण प्रसाद यादव, शंभू नाथ चौधरी आदि के संयुक्त रुप में फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर कमप्यूटर शिक्षक मुकेश कुमार ने बताया की तकनीकी शिक्षा के बढ़ते कदम को देखते हुए भैरोगंज बाजार में कंप्यूटर सेंटर खोला गया है। कंप्यूटर सेंटर खुलने से क्षेत्र की गरीब दलित एवं शोषित वर्ग के बच्चों को आगे बढ़ाने का एक बेहतर कंप्यूटर शिक्षा प्रदान की जाएगी। जिसमे डीसीए, टेली




,डीटीपी ,एडीसीए, के साथ एक्स्ट्रा डिजाइनिंग पेज मेकर फोटोशॉप कोरल ड्रा इत्यादि सिखाया जाएगा जिससे युवा वर्ग के युवक एवं युवतियाँ आत्म निर्भर बन सकेगें। उन्होंने बताया कि डीसीए की कंप्यूटर कोर्स शुल्क 6 माह के लिए ₹2,400 लिया जायेगा। जिसमें रजिस्ट्रेशन फीस निशुल्क रखा गया है। ताकि अधिक से अधिक बेरोजगार युवक-युवतियां इस कम्प्यूटर संस्थान से लाभान्वित हो सकें। कोर्स पूरा होने के बाद सभी विद्यार्थियों को एनजीओ की तहत सर्टिफिकेट प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर भैरोगंज बाजार क्षेत्र वासियों ने तकनिकी शिक्षा समग्र शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पुर्व मुखिया सुरेश यादव को धन्यवाद दिया।

## वीर अब्दुल हमीद का 57 वां शहादत दिवस मना लोगों ने भारत रत्न सम्मान देने की मांग की

**दैनिक समाज जागरण**

हाजीपुर(वैशाली)भारत पाकिस्तान जंग 1965 के नायक परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद का 57 वां शहादत दिवस समारोह वैशाली जिले के विभिन्न प्रखंड में आयोजित किया गया।इस अवसर पर लोगों ने भारत पाकिस्तान के बीच 1965 में हुए जंग के नायक परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद के 57 वीं शहादत दिवस पर उन्हें याद करते हुए उनकी फोटो पर श्रद्धापूर्वक श्रद्धा सुमन अर्पित की।वक्ताओं ने इनके वीर गाथा को सुनाया और उनकी जीवनी को घर-घर पहुंचाने की अपील की।वहीं लोगों ने कहा कि वीर अब्दुल हमीद पाकिस्तान के 7 पैटन टैंक को उड़ाते हुए सच्ची देश भक्ति दिखाई और 10 सितंबर 1965 को अपने वतन की रक्षा करते हुए जान की कुबार्नी दे दी जिसकी मिसाल आज तक कोई पेश नहीं कर पाया।वहीं लोगों ने वीर अब्दुल हमीद अमर रहे,वीर अब्दुल हमीद तुझे सलाम आदि नारे लगाते हुए वीर अब्दुल हमीद को भारत रत्न सम्मान दिए जाने की मांग भारत सरकार से की है।जिले के महुआ में इंसाफ मंच वैशाली जिला अध्यक्ष राजू वारसी,मोहम्मद सेराज आलम,मोहम्मद दिलशाद,अब्दुल्लाह इमामी,मोहम्मद कमरुज्जमा,मोहम्मद इमरान,मोहम्मद अजहर,मोहम्मद इंकेसार,मोहम्मद नसीम,मोहम्मद फहीम आदि उपस्थित हुए।वहीं महनार बाजार के मदन चौक पर वीर अब्दुल हमीद की शहादत दिवस पर लोगों ने हाथों में तिरंगा,मोमबत्ती लेकर पैदल मार्च किया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की।इस मौके पर वीर अब्दुल फाउंडेशन महनार के बैनर तले भारत पाकिस्तान जंग में शहीद वीर अब्दुल हमीद को लोगों ने याद किया।मौके पर वीर अब्दुल हमीद फाउंडेशन महनार के मोहम्मद अमजद अली इदरीसी,जवाहर साह,मनोज मेहता,अयाज अहमद खान,मोहम्मद एकबाल इदरीसी,मोहम्मद आजाद इदरीसी,मोहम्मद इर्शाद आलम उर्फ सोनू ,मोहम्मद वसीम अकरम आदि समेत दर्जनों लोग शरीक हुए और वीर अब्दुल हमीद अमर रहे,वीर अब्दुल हमीद को भारत रत्न सम्मान दो आदि गगन भेदी नारे लगाए।वहीं जिले के हाजीपुर,जन्दाहा,चेहराकलां,राजापाकर,पातेपुर,गोरौल,लालगंज आदि प्रखंड में भी लोगों ने वीर अब्दुल हमीद की शहादत दिवस पर श्रद्धापूर्वक नमन किया।




## बेलहर के मुसहरी टोला में 78 लीटर महुआ शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण बेलहर संवाददाता सदानंद पंडित/बांका**

थाना क्षेत्र के मुसहरी टोला में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी



कर 78 लीटर महुआ शराब के साथ एक विक्रेता को गिरफ्तार किया है। वहीं इनकी जानकारी देते हुए बुद्धदेव पासवान ने बताया कि आज गुप्त सूचना मिली कि बेलहर के मुसहरी टोला में सियाराम मांझी के यहां शराब बिक्री की कारोबारी हो रही है। वहीं इस सूचना के संबंध में बुद्धदेव पासवान सहित कई पुलिसकर्मी ने टीम गठित कर छापेमारी की गई ।जिसमें सियाराम मांझी के घर से दो बोरा में 78 लीटर महुआ शराब रखा था। वही पुलिस के द्वारा रखे शराब को जब्त कर शराब विक्रेता को भी गिरफ्तार कर लिया ।वहीं थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए मद्य निषेध अधिनियम के तहत थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## बिना अनुमति के जुलूस, धारणा ,शक्ति प्रदर्शन, ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग करना वर्जित मतगणना तक धारा 144 लागू।

**दैनिक समाज जागरण। कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट।**

नगर पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्षे कराने को लेकर बांका अनुमंडल पदाधिकारी डॉ प्रीति कुमारी ने आदेश जारी किया है। जिसमें बिना अनुमति के जुलूस, धारणा, शक्ति प्रदर्शन, ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग करने पर मना ही किया है ।ऐसा करने पर प्रत्याशी के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि नगर पंचायत चुनाव को लेकर अनुमंडल स्तर पर धारा 144 लागू कर दिया गया है ।वहीं पुलिस पदाधिकारी ,बारात हाट ,शव यात्रा, स्कूल ,कॉलेज परिसर को छोड़कर लागू किया गया है। नगर पंचायत चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी को बिना सूचना के धार्मिक स्थलों पर मीटिंग करना भी मना ही कर दिया गया है इसको लेकर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा पत्र जारी कर दिया गया है

## जनता दरबार में आठ मामले का हुओ निष्पादन

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन की रिपोर्ट।**

सरकार के निर्देश पर कटोरिया, थाना परिसर में शनिवार को जानता दरवार लगाया गया। कटोरिया में सीओ सागर प्रसाद, सअनि जनार्दन सिंह, थाना मैनेजर राजन कुमार एवं राजस्व कर्मचारी केसर आलम, राजेंद्र चौधरी द्वारा शनिवार को जमीन संबंधी मामलों के



निष्पादन को लेकर जनता दरबार लगाया गया। जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित कुल नौ आवेदन जमा किया गया। जिसमें से आठ मामलों का निपटारा मौके पर कर दिया गया। वहीं पांच आवेदन जमीन संबंधी मामलों में नोटिस जारी कर अगले जनता में हाजिर होने को कहा गया है।

## भू -मापक प्रशिक्षण हेतु नामांकन हेतु सानबी लोक सेवा तकनीकी शिक्षण संस्थान द्वारा प्रारंभ

**दैनिक समाज जागरण बेलहर संवाददाता सदानंद पंडित बेलहर/ बांका**

बेलहर प्रखंड के ठाकुरवाडी दुर्गा स्थान व अंबेडकर भवन में शनिवार को सानबी लोक सेवा तकनीकी शिक्षण संस्थान पटना के तत्वाधान में ग्रामीण विकास तथा स्व0 नियोजन शिक्षा के अंतर्गत भू -मापक अमीन



प्रशिक्षण के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू की है ।जिसमें बेलहर प्रखंड के सभी पंचायतों से सैकड़ों की संख्या में आवेदकों ने अपना नामांकन कराया। वहीं इस संस्थान के प्रशिक्षण प्रभारी शुभम कुमार ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया शनिवार को 10:00 बजे से लेकर 2:00 बजे तक की है। जिसमें प्रखंड के सैकड़ों आवेदकों ने नामांकन लिया। उन्होंने बताया कि पंचायत के प्रत्येक वार्ड में न्यूनतम 3 आवेदकों का नामांकन अनिवार्य है। वही बताया गया कि ग्राम स्तर तक की सभी समस्याओं की भू मापक संबंधित का निजात पाने के लिए भु- मापक अमीन की आवश्यकता है ।इस नामांकन शिविर में युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए प्रशिक्षण की तैयारी की ।इस कार्यक्रम में शुभम कुमार, अवधेश कुमार, अमरजीत कुमार सहित सैकड़ों प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## सर्वसम्मति से दोवारा फुल्लीडुमर प्रखंड राजद अध्यक्ष परमानंद मंडल चयनित

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह फुल्लीडुमर /बांका**

फुल्लीडुमर प्रखंड के धनकुडिया खेल मैदान के प्रांगण में प्रखंड राजद अध्यक्ष के चयन हेतु एक बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई बैठक में प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी शंभू प्रसाद यादव एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी शिव शंकर शर्मा की उपस्थिति में परमानंद मंडल को दोबारा



फुल्लीडुमर प्रखंड राजद अध्यक्ष पद पर चयनित किया गयो बैठक में जिला महासचिव उमाशंकर राय, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष यशवंत प्रसाद राय, मुकेश कुमार सिंह, प्रखंड महासचिव अमरेंद्र प्रसाद राय ,पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेश यादव ,युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर यादव, चंद्रशेखर आजाद ,अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के पंकज मंडल, करुणाकर देव ,रणधीर महाराणा, जयद्रथ यादव, अर्जुन दास, प्रखंड मीडिया प्रभारी राहुल रंजन, संदीप पांडे ,रामेश्वर पंजियारा, पृथ्वीराज सहित प्रखंड के सभी पंचायत अध्यक्ष, क्रियाशील कार्यकर्ता सहित दर्जनों राजद नेता मौजूद थे

## तीनों युवकों से रसूलपुर पुलिस ने जरूरी पूछताछ के बाद हिरासत मुक्त किया

**दैनिक समाज जागरण**

एकमा (सारण)। एकमा पुलिस अंचल के रसूलपुर थाना पुलिस को बाइक लूट के एक मामले में एक आवेदक द्वारा संदेह के आधार पर विभिन्न गांवों के युवकों के विरुद्ध नामजद आवेदन दिया था।मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए रसूलपुर थाना पुलिस द्वारा छापेमारी कर संदेह के आधार पर तीन युवकों को हिरासत में लिया गया। सारण एसपी व एसडीपीओ सदर के निदेर्शानुसार रसूलपुर थाना पुलिस ने मोहब्बत नाथ के मठिया गांव निवासी विशाल भारती व दीपक भारती तथा एकमा थाना क्षेत्र के आमड़ाढ़ी कर्णपुरा गांव निवासी राहुल सिंह से रसूलपुर थाने में आवश्यक पूछताछ की गई। इस दौरान सभी युवाओं के मोबाइल लोकेशन की जांच की गई। वहीं क्षेत्र के लोगों से पूछताछ में सभी युवकों में कुछ पढ़ाई कर रहे छात्र व सेना भर्ती की तैयारी करने वाले अभ्यर्थी, जबकि आमडाढ़ी कर्णपुरा निवासी राहुल सिंह अपने बड़े भाई के साथ आर्मी कैंटीनों में अगरबत्ती की सप्लाई करने का कार्य करने वाले बताए गए। दिन भर पुलिस हिरासत में रखने के बाद रसूलपुर थानाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी द्वारा तीनों युवकों को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर पीआर बांड भरवाकर हिरासत मुक्त कर दिया गया।

## पारंपरिक श्रद्धा व उत्साह के साथ मना अनंत चतुर्दशी का पर्व

**दैनिक समाज जागरण**

एकमा (सारण)। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि यानी शुक्रवार



एकमा बाजार नगर पंचायत सहित प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में अनंत चतुर्दशी का पर्व पारंपरिक श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। वहीं इसी दिन पूर्व से जारी गणेशोत्सव का विधिवत समापन हो गया।

प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर परिसर में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर दिन भर मंदिर के पुजारी पंडित नागेंद्र मिश्रा के द्वारा सत्यनारायण स्वामी व अनंत चतुर्दशी की कथा का श्रवण विधि-विधान के साथ श्रद्धालुओं को कराया गया। मंदिर के पुजारी पंडित नागेंद्र मिश्रा ने बताया कि अनंत चतुर्दशी को अनंत चौदस भी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु जी के अनंत स्वरूपों की पूजा के साथ अनंत सूत्र भी बांधा गया।

## जमीनी विवाद में मारपीट, दो महिला समेत पांच घायल, दो रेफर

**दैनिक समाज जागरण**

तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के डीह छपिया गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस मारपीट की घटना में दो महिला समेत पांच व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में डीह छपिया गांव के प्रेमचंद साह की पत्नी प्रेमा देवी, पुत्र अभिमन्यु कुमार, शंकर साह की पत्नी जानकी देवी, पुत्र कार्तिक साह और प्रदीप साह शामिल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल तरैया में किया गया है। वहीं प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल जानकी देवी एवं कार्तिक साह को चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। इस संबंध में दोनों पक्षों द्वारा स्थानीय थाने में अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की छानबीन कर रही है।

## पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण**

तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र सरेया बसंत गांव से पूर्व के कांड में फरार नामजद अभियुक्त को पुलिस ने गुरुवार की रात्रि में गिरफ्तार कर लिया। तरैया थाने के प्रभारी थानाध्यक्ष राजेश कुमार रंजन ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त सरेया बसंत गांव के मुन्नी लाल राय का पुत्र शिशु कुमार है, जिस पर तरैया थाने में पूर्व के कांड में 307 का मामला दर्ज है। वहीं डेवढ़ी गांव में लूट की योजना बना रहे बाइक सवार दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार अपराधी सरेया बसंत गांव के चंद्रकेत सिंह का पुत्र युवराज कुमार एवं मनोरंजन सिंह का पुत्र रितिक कुमार है। गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें शुक्रवार को छपरा जेल भेज दिया गया।

## शराब पीकर हंगामा कर रहे एक नशेड़ी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के डेवढ़ी गांव में शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक नशेड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में छपरा भेज दिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष राजेश कुमार रंजन ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति डेवढ़ी गांव निवासी स्व. राजकुमार दुबे का पुत्र धनंजय तिवारी है, जो शराब के नशे में सड़क किनारे हल्ला-हंगामा कर रहा था। जिससे आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी हो रही थी। सूचना मिलने पर उक्त नशेड़ी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया और ब्रेथ एनेलाइजर मशीन से उसकी जांच की गई तो उसके अंदर शराब पीने की पुष्टि हुई। गिरफ्तार व्यक्ति से जुमार्ने की राशि वसूलने के लिए न्यायिक हिरासत में छपरा भेजा जाएगा।

## चोरी की बाइक के साथ एक युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण**

तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के तरैया नहर पुल के समीप पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एएसआई अगस्त कुमार सिंह ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की है। जिसमें कहा गया है कि वाहन चेकिंग के दौरान बिना नम्बर प्लेट के हीरो स्प्लेंडर बाइक से आ रहे एक युवक को रोका गया तो वह भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। पकड़ा गया युवक पोखरेड़ा गांव निवासी भोला महतो का पुत्र मुन्ना कुमार है। पुलिस ने जब उससे बाइक की कागजात की मांग की तो वह टाल मटोल करने लगा। पुलिस जब सख्ती से पेश आयी तो बताया कि यह चोरी की बाइक है। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस मामले में गिरफ्तार युवक पर चोरी की बाइक रखने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कर उसे शुक्रवार को छपरा जेल भेज दिया।

## देसी शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। सारण पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शराब कारोबारियों के विरुद्ध चलाये गए विशेष अभियान के तहत दाउदपुर थाना पुलिस ने दाउदपुर यादव टोला में छापेमारी कर 40 लीटर देसी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष बीरेंद्र राम ने बताया की अभियान के तहत थाना क्षेत्र के दाउदपुर यादव टोला गांव के रामरतन यादव के दुकान पर छापेमारी करने के दौरान 40 लीटर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज पप्पू कुमार यादव को गिरफ्तर किया गया है। जबकि दूसरा व्यक्ति बंगरा बिनटोलिया गांव के गौतम बिन को गिरफ्तार किया गया जो पूर्व में शराब तस्करी में नामजद अभ्युक्त है जो फरार चल रहे थे। जिसे पुलिस ने उनके घर पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है।

## एकमा में दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय तरंग मेधा उत्सव प्रतियोगिता का समापन अव्वल प्रतिभागियों को बीईओ ने प्रशस्ति-पत्र व पदक देकर किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण**

एकमा (सारण)। जिले के नगर पंचायत एकमा बाजार स्थित अलख नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रखंड स्तरीय तरंग मेधा उत्सव प्रतियोगिता 2022 के दो दिवसीय आयोजन का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। पहले दिन कक्षा छह से आठ तक के जुनियर ग्रुप और दूसरे दिन आयोजित प्रतियोगिता में एकमा प्रखंड व नगर पंचायत क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के कक्षा नौ, 10, 11 और 12 के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में शामिल सदस्यों द्वारा पेंटिंग, निबंध, आशु भाषण, क्विज, क्रॉस वर्ड, स्पेलिंग-बी में अव्वल प्रतिभागियों की घोषणा की गई।

सभी प्रतियोगिताओं के विजेता व उप विजेताओं को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रागिनी कुमारी के द्वारा प्रशस्ति-पत्र व पदक देकर पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में बीईओ ने कहा कि सभी अव्वल प्रतिभागियों को घर जाकर और अधिक अभ्यास करने की आवश्यकता है। ताकि जिला स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। वहीं जो प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में अव्वल स्थान ही बना सके हैं, उन्हें भी निराश होने की आवश्यकता नहीं है। असफलता को सफलता की कुंजी कहा गया है। असफल



प्रतिभागी को अगले वर्ष फिर से प्रयास करने का मौका मिल सकेगा। पुरस्कार वितरण समारोह की अध्यक्षता एकमा हाईस्कूल के प्रधानाध्यापक श्रीकृष्ण भगवान यादव व संचालन शिक्षक सह लोक गायक रमेश सजल ने किया। इस अवसर पर शिक्षक संदीप सिंह, नजरे हसन, उपेंद्र सिंह, व्यास सिंह, राजेश कुमार सिंह, शंकर नाथ, दयाशंकर पांडेय, कुमार रश्मि रंजन, संजय भारती, सुजीत कुमार, कमल कुमार सिंह, योगेश सिंह, आनंद कुमार, सुनील राम, सुरेश सिंह, बालेंद्र यादव, जितेंद्र कुमार प्रसाद, कुमार अविनाश, सच्चिदानंद आजाद, जितेंद्र कुमार आदि के अलावा प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली में शामिल सदस्य, प्रतिभागी छात्र-छात्राएं सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

यहां आपको बता दें कि सफल प्रतिभगियों को जिला स्तर पर आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए भेजा जाएगा।

**जूनियर वर्ग के प्रतियोगिताओं के विजेता व उपविजेता:**

कक्षा 6 से 8 की तरंग मेधा उत्सव 2022 के दौरान प्रखंड स्तरीय पहले दिन कराई गई प्रतियोगिताओं में पेंटिंग में पहले स्थान पर रिमझिम कुमारी व दूसरे स्थान पर आकृति कुमारी रही। निबंध में पहले स्थान पर साहिल कुमार सिंह व दूसरे पर अमित कुमार यादव रहे। इसी प्रकार से आशु भाषण में पहला स्थान पर रेशु कुमारी व दूसरे स्थान पर मधु कुमारी रही। सामान्य ज्ञान की क्विज प्रतियोगिता में पहले स्थान पर अंशु कुमार पटेल, खुशी कुमारी व दूसरे पर अंजली कुमारी, युवराज कुमार भारती रहे। वहीं, क्रॉस वर्ड में पहले स्थान पर शिखा कुमारी, सोनम कुमारी पांडेय व दूसरे पर अरमान अंसारी, वसंत कुमार भारती ने कब्जा जमाया। स्पेलिंग-बी में पहला स्थान रागिनी कुमारी व दूसरे स्थान पर युवराज कुमार सिंह रहे।

**सीनियर वर्ग के प्रतियोगिताओं के विजेता व उपविजेता:**

कक्षा 9 से 12 की तरंग मेधा उत्सव 2022 के दौरान प्रखंड स्तरीय दूसरे दिन कराई गई प्रतियोगिताओं में पेंटिंग में विजेता सूरज कुमार व उप विजेता अंजली सिंह, निबंध में विजेता खुशी कुमारी व उप विजेता स्वीटी कुमारी रही। इसी प्रकार से आशु भाषण में पहले स्थान पर सलोनी कुमारी व दूसरे स्थान पर सोनम कुमारी रही। सामान्य ज्ञान की क्विज प्रतियोगिता में पहले स्थान पर स्नेहा कुमारी, दिलशाद आलम व दूसरे पर राजा पटेल, स्नेहा कुमारी रहे। वहीं, क्रॉस वर्ड में पहले स्थान पर आकाश कुमार यादव, अंकित कुमार व दूसरे स्थान पर ज्योति कुमारी, प्रीति कुमारी ने कब्जा जमाया। स्पेलिंग-बी में पहला स्थान सचिन कुमार महतो व दूसरा स्थान पलक कुमारी का रहा।

## चोरी के बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। दाउदपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार शीतलपुर बाजार से एक चोरी के बाइक के साथ एक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दाउदपुर थाना क्षेत्र के धर्मपुरा गांव निवासी शिवकुमार पाठक के पुत्र आदित्य कुमार पाठक एक चोरी का ग्लेमर मोटरसाइकिल का इंजन हेराफेरी कर चला रहा था तभी इसकी सूचना दाउदपुर पुलिस को मिलते ही युवक को शीतलपुर बाजार पर बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने गाड़ी व युवक से पूछताछ के




दौरान बताया गया कि चार माह पूर्व जैतपुर गांव से गाड़ी चोरी की गई थी। उक्त गाड़ी जैतपुर गिरवाराय टोला के नंदकिशोर राय की बताई जाती है। इसके संदर्भ में दाउदपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसका कांड संख्या 121/22 बताई जा रही है। पकड़े गये युवक से पूछताछ में बताए गये के अनुसार चोरी के फेर बदल की गाड़ी को बाकी बॉडी खानपुर गांव से एक घर मे से बरामद किया गया। दाउदपुर थाना प्रभारी बिरेन्द्र राम ने बताया कि जांच पड़ताल कर रहा है।

## फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**दैनिक समाज जागरण**

मांझी (सारण)। दाउदपुर थाना क्षेत्र के जैतपुर गांव के तिवारी टोला गांव निवासी स्व बशिष्ठ गिरी बंद मकान पर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। इस संदर्भ में स्थानीय पुलिस ने बताया कि स्व बशिष्ठ गिरी के पुत्र प्रमोद गिरी ने अपनी पैतृक एक जमीन को दो लोगो को रजिस्ट्री कर रुपये लेकर फरार हो गया। इस संबंध में सिसवा बुजुर्ग गांव की महिला निर्मला देवी ने उच्च न्यायालय पटना में परिवाद दर्ज कराया था। जिसको लेकर




पुलिस ने प्रमोद गिरी व पत्नी अनिता देवी के खिलाफ आईपीसी 328/ 506 धारा 420, 406, 467, 471 के तहत इश्तेहार चिपकाया है। वही मकान के सभी सदस्य बाहर है। बताया जाता है कि 2016 में प्रमोद गिरी ने सिसवा गांव के अजय साह की पत्नी निर्मला देवी को खाता संख्या 154 खेसरा संख्या 6558 में दो कट्ठा दो धुर जमीन 6 लाख रुपये में बेची थी। जबकि वही जमीन 2013 में किसी दूसरे ब्यक्ति के नाम पर बेच चुके थे। रुपये मांगने पर एक माह का आश्वाशन देकर फरार हो गए।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं की हुई जांच

**दैनिक समाज जागरण**

मशरक (सारण)। प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में शुक्रवार को शिविर लगाकर सैकड़ों गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। जांच के दौरान सभी गर्भवती महिलाओं को विशेष देखभाल की सलाह दी गई। शिविर की मॉनिटरिंग डॉ एस के विधार्थी कर रहे थे। डॉ एस के विधार्थी ने बताया कि प्रत्येक माह के नौ तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं का जांच किया जाता है। शिविर के जरिये गर्भवती महिलाओं को प्रसव के पूर्व



जांच की सुविधा प्रदान करने एवं सुरक्षित प्रसव के लिए खासकर उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, हेमोग्लोबिन, वजन, ब्लड टेस्ट, एचआइवी टेस्ट आदि की जांच निशुल्क की जाती है। डॉ. एस के विधार्थी ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान नियमित एवं बेहतर जांच जरूरी है। इससे प्रसव के दौरान आने वाली चुनौतियों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। वहीं उन्होंने कहा कि महिलाओं को नियमित रूप से अपनी सेहत की जांच करानी चाहिए। इससे प्रसव के उपरांत जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित और सेहतमंद रहेगा । इससे प्रसव के उपरांत जच्चा बच्चा दोनों सुरक्षित और सेहतमंद रहेगा। इस दौरान दर्जनों एएनएम मौजूद रहीं।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो भैंस की मौत

**दैनिक समाज जागरण**

मशरक (सारण)। प्रखंड क्षेत्र के सोनौली पंचायत के गोढ़ना गांव के वार्ड-8 में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से भैस की मौत हो गई। सोनौली पंचायत के मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू ने बताया कि गोढना गांव के वार्ड-8 के निवासी अच्छेलाल राय की भैस गोढना उच्च विद्यालय के प्रांगण में बंधी थी उसी दौरान एकाएक जोरदार आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिरी जिससे भैस की मौत हो गई। गनीमत रही कि पशुपालक के घर का कोई सदस्य इसके जद में नहीं आया। मुखिया ने इसकी जानकारी पशु अस्पताल और अंचल कार्यालय में दे दिया है। मुखिया ने बताया कि पशुपालक भैंस पालते हैं और दूध बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करने हैं भैस के मरने से क्षति हुई है। वही जजौली गांव में वार्ड-6 के वार्ड सदस्य की भैस पर भी आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। दोनों ही मामलों में पशु चिकित्सालय और थाना पुलिस को आवेदन दिया गया।

## लोक कलाकार पद्मश्री स्वर्गीय रामचंद्र मांझी के निधन पर कलाकारों ने जताई शोक संवेदना

**दैनिक समाज जागरण**

दिघवारा/सारण (मनिंद्र नाथ सिंह मुन्ना)। राम जंगल सिंह महाविद्यालय के संस्थापक सचिव, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नेता सह लोक कलाकार अशोक सिंह के साथ ही दिघवारा सारण के निवासी और राज्य स्तरीय रंगकर्मी महेश सवर्णकार ने पदमश्री लोक कलाकार स्व. रामचंद्र मांझी के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है. श्री स्वर्णकार ने कहा कि माझी जी विलक्षण प्रतिभा के लोक कलाकार थे वे दस साल के उम्र से ही अपना जीवन लोक कलाकार भिखारी ठाकुर के नाच मंडली के लिए समर्पित कर उस मुकाम को हासिल किया जिसके



लिए अच्छा अच्छा कलाकार सोचा करते है। साथ ही आज वे मंच के अनेकों कलाकार के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हुए हैं। जिसका कायल हम स्वयं भी है। उनसे हमलोग अनेकों बार मुलाकात करते हुए नाट्य विधा को प्राप्त किया करते थे। उनके आशीर्वाद से अनेकों बार उनही के तर्ज पर भिखारी ठाकुर जी के अमरकृति बिदेसिया नाटक में प्यारी सुंदरी की भूमिका करके प्रशंसा के साथ अनेकों अवार्ड प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। आज उनके चले जाने से हम काफी मर्माहत हैं। साथ ही ईश्वर से उनके चिर शांति के लिए प्रारि की गई है।

## आरक्षण रोस्टर की अधिसूचना जारी होते ही जनसंपर्क में लगे प्रत्याशियों के हौसले धड़ाम

**दैनिक समाज जागरण**

दिघवारा/सारण (मनिंद्र नाथ सिंह मुन्ना)। बिहार सरकार द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव हेतु जैसे ही अधिसूचना जारी होते ही प्रत्याशियों का जनसंपर्क तेज हो गया है। वार्ड नंबर एक से लेकर अठ्ठारह तक जिधर भी जाएं उधर कोई न कोई प्रत्याशी जन संपर्क करते हुए मिल ही जाएंगे। कही जन प्रत्याशी के प्रतिनिधि हुजूम के साथ घूम रहे हैं तो कहीं प्रत्याशी घूम रही है। सभी अपने अपने दमखम के साथ जनता से संपर्क बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। कोई महिलाओं के हुजूम के साथ जनसंपर्क अभियान तेज कर रखा है तो कोई पुरुषों के साथ। जिधर भी देखे हैं कोई न कोई जनता के बीच अपने अभियान की चर्चा करते हुए मिल ही जाएंगे। कोई वृद्धा अवस्था पेंशन, विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल का जल ,सड़क एवं नाली की व्यवस्था तो कोई साफ सफाई की व्यवस्था तो कोई सम्मान की बात करते हुए मिल ही जाते हैं। कोई कहता राशन कार्ड बनवा दूंगा कोई कहता सारी समस्याओं को देखूंगा चाहे वह आपका जन समस्या हो या व्यक्तिगत समस्या हो या किसी भी क्षेत्र की समस्या हो सबको मैं आपके लिए देखूंगा। इन्हीं लोकलुभावन वादों के साथ जनसंपर्क सभी जुट चुके हैं। घोषणा होने होते हैं औंधे मुंह गिरे। क्योंकि नगर पंचायत दिघवारा के



अंतर्गत अध्यक्ष का पद जनरल महिला के लिए उपाध्यक्ष का पद पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित किया जा चुका है। ऐसे में जो अनारक्षित वर्ग के लोग जनसंपर्क अभियान चलाए हुए थे उनका औंधे मुंह गिर ना लाजमी है।

उधर बिहार सरकार द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव में उप मुख्य पार्षद पद के लिए आरक्षण रोस्टट जारी होते ही कहीं खुशी कहीं गम का माहौल है। क्योंकि बहुत से प्रत्याशी इस दौर में आने के लिए जनसंपर्क में लगे हुए थे और आरक्षण रोस्टर की

## मशरक थाना परिसर में शराब का हुआ विनष्टीकरण

**दैनिक समाज जागरण**

मशरक (सारण)। थाना परिसर में शुक्रवार को भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब का विनष्टीकरण किया गया। मशरक थाना में एक काण्ड में जप्त की गई अंग्रेजी शराब का विनष्टीकरण न्यायालय के आदेश के दंडाधिकारी एवं उत्पाद अधिकारी की मौजूदगी में किया गया। सारण डीएम द्वारा प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी उत्पाद अधिकारी अशोक कुमार, मशरक थानाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा, जमादार प्रमोद कुमार की उपस्थिति में थाना परिसर में ही जप्त शराब को फोड़ कर बहाने के बाद जमींदोज कर दिया गया। उत्पाद अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि



जिलाधिकारी के आदेश के आलोक में मशरक थाना के एक कांड में जब्त किए गए 308 लीटर अंग्रेजी विदेशी शराब का विनष्टीकरण किया गया।जो 36 कार्टून हैं। हालांकि आपकों बता दें कि थाना परिसर में अभी भी हजारों लीटर शराब विनष्टीकरण के आदेश का इन्तजार कर रही है।

## थाईलैंड से सम्मानित होकर मशरक पहुंचे डॉ राम प्रकाश का हुआ भव्य स्वागत

**दैनिक समाज जागरण**

मशरक (सारण)। थाईलैंड से सम्मानित होने के बाद मशरक पहुंचे प्रसिद्ध होमियोपैथी चिकित्सक डॉ राम प्रकाश का मशरक वासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जबकि इस उपलब्धि से क्षेत्र का नाम रौशन करने पर बधाई देने कई गणमान्य लोग पहुंचे। बधाई देने वालों में बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह, प्रखंड प्रमुख मंटू सिंह, जिला हैंडबॉल सचिव संजय कुमार सिंह, शिक्षक नेता कुमार प्रमोद सहित अन्य शामिल हैं। डॉ राम प्रकाश ने बताया कि केंट फार्मास्यूटिकल्स के तत्वाधान में थाईलैंड की राजधानी बैकाक स्थित होटल सेंटर पटाया में आयोजित चार दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस में बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि कांफ्रेंस का



मुख्य उद्देश्य विश्व में होमियोपैथी चिकित्सक का चरणबद्ध तरीके से विकास और वैज्ञानिक बदलाव लाना था। आने वाले दिनों में चैलेंजेज बढते जा रहे हैं। बढती जटिलताओं के बीच होमियोपैथी को जन जन तक पहुंचाने की कोशिश को लेकर कांफ्रेंस में दुनियाभर के चिकित्सक शामिल हुए। जिसमें दर्जनों चिकित्सक को बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

## भूमि विवाद निपटाया को लेकर सुइया थाना परिसर में लगा जनता दरबार संबंधित एक निष्पादन

**दैनिक समाज जागरण**

**ब्यूरो उमाकांत साह**

जिला अधिकारी अंशुल कुमार के निर्देश पर भूमि विवाद से संबंधित निपटारा को लेकर शनिवार 10 सितंबर को सुइया थाना परिसर में जनता दरबार शिविर लगाया गया। आयोजित शिविर में मुख्य रूप से अंचलाधिकारी प्रशांत शांडिल्य, राजस्व कर्मचारी अरविंद ठाकुर व थाना अध्यक्ष मनीष कुमार के नेतृत्व में भूमि विवाद से संबंधित कुल 6 मामले का दस्तावेज अवलोकन किया गया। जिसमें 3 नया मामला और 3 पुराने मामले शामिल था।नया मामले में दो बंटवारा एवं एक रास्ता



विवाद से संबंधित था। वहीं तीन पुराने मामले को दस्तावेज अवलोकन करने पर एक मामला निष्पादित किया गया, और दो मामले में नापी के लिए निर्देशित किया गया। वहीं बाकी बचे मामले में कागजी अभाव के कारण अगले शनिवार को पुर्ण दस्तावेज के साथ फरियादियों को उपस्थित होने को कहा गया।इस मौके दर्जनों फरियादी मौजूद थे।

## नगर पंचायत चुनाव को लेकर 8 लोगो ने कटवाया एनआर

पालीगंज/ नगर पंचायत चुनाव को लेकर चल रहे नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन शनिवार को कुल आठ लोगो ने एनआर कटवाया।

जानकारी के अनुसार पालीगंज नगर चुनाव की घोषणा हो चुकी है। इस नगर पंचायत में कुल 20 वार्डो व एक अध्यक्ष व एक उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराई जाएगी। जिसको लेकर 10 अक्टूबर को मतदान कराई जायेगी। वही चुनाव को लेकर शनिवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह नामांकन 19 सितंबर तक होगी। जबकि नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन शनिवार को आठ लोगो ने एनआर कटवाया।

इस सम्बंध में पालीगंज एसडीओ मुकेश कुमार ने बताया कि आठ लोगो ने एनआर कटवाया है। जबकि आज पहले दिन किसी ने भी नामांकन नही कराया है।

